
केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर 28वें ब्रॉडकास्ट एंड मीडिया टेक्नोलॉजी पर आधारित प्रदर्शनी का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 46 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सबसे अधिक लोकतांत्रिक तरीके से भाजपा चलती है: पूर्व केंद्रीय मंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव में भाजपा को 370 और राजग को 400 पार सीटें दिलाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही भाजपा शनिवार और रविवार को अपना राष्ट्रीय अधिवेशन करने जा रही है। नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में इस दो दिवसीय अधिवेशन का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे, जबकि इसका समापन करने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में भी शामिल होंगे। देशभर के 11500 प्रतिनिधियों की भागीदारी वाले इस महामंथन में पार्टी पीएम मोदी द्वारा तय किए गए लोकसभा चुनाव के बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने की रणनीति भी तैयार करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व प्रवक्ता रविशंकर प्रसाद ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया कि दो दिवसीय अधिवेशन के पहले दिन 17 फरवरी को पदाधिकारियों की बैठक होगी। उसके बाद अन्य सत्र होंगे। इनमें दो प्रस्ताव भी पारित किए जाएंगे।


लोकसभा चुनाव पर होगी चर्चा: अधिवेशन में सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी, केंद्रीय मंत्री, सांसद, पूर्व सांसद, विधायक, महापौर, जिला परिषद अध्यक्ष सहित प्रदेश और जिला संगठनों के पदाधिकारी और वरिष्ठ विस्तारक शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी द्वारा तय किए गए 400 पार के महान आव्हान को इस अधिवेशन के माध्यम से फलीभूत किया जाएगा। लोकसभा चुनाव पर चर्चा की जाएगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और वामपंथी दल भाजपा पर कोई भी टिप्पणी करते हों, लेकिन सच यह है कि लोकतांत्रिक तरीके से पार्टी से संगठन के अभियान को सबसे अधिक भाजपा चलाती है। राष्ट्रीय अधिवेशन, कार्यसमिति, प्रदेशों और जिलों में कार्यक्रम करना भाजपा का डीएनए है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः हर लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी इस तरह राष्ट्रीय अधिवेशन करती है। 2014 और 2019 के अधिवेशन के बाद पार्टी को चुनावों में बड़ी सफलता भी मिली। चुनावी बॉन्ड पर आए सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के निर्णय पर रविशंकर प्रसाद ने कहा कि अधिकृत टिप्पणी निर्णय को पूरी तरह पढ़ने के बाद की जाएगी।

## आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

## मन की बात



"दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो।"
स्वामी विवेकानंद

## तीसरी आंख




# इलेक्टोरल बॉन्ड पर लगी 'सुप्रीम' रोक

### यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है: सुप्रीम कोर्ट, अब 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया

**असंवैधानिक**

8 सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव से कुछ महीने पहले सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 6 साल पुरानी इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ये स्कीम असंवैधानिक है। बॉन्ड की गोपनीयता बनाए रखना असंवैधानिक है। यह स्कीम सूचना के अधिकार का उल्लंघन है। अब 13 मार्च को पता चलेगा किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया।। कोर्ट ने इलेक्शन कमीशन से 13 मार्च तक अपनी ऑफिशियल वेबसाइट पर इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम की जानकारी पब्लिश करने के लिए कहा है। इस दिन पता चलेगा कि किस पार्टी को किसने, कितना चंदा दिया। यह फैसला 5 जजों ने सर्वसम्मति से सुनाया। चीफ जस्टिस ने कहा, 'पॉलिटिकल प्रोसेस में राजनीतिक दल अहम यूनिट होते हैं। वोटर्स को चुनावी फंडिंग के बारे में जानने का अधिकार है, जिससे मतदान के लिए सही चयन होता है।' 2018 से अब तक इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को मिला है। 6 साल में चुनावी बॉन्ड से भाजपा को 6337 करोड़ की चुनावी फंडिंग हुई। कांग्रेस को 1108 करोड़ चुनावी चंदा मिला। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद अब यह पता चलेगा कि किस कंपनी, किन लोगों से कितना पैसा मिला है। 2017 में वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इसे पेश करते वक्त दावा किया था कि इससे राजनीतिक पार्टियों को मिलने वाली फंडिंग और चुनाव व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी। ब्लैक मनी पर अंकुश लगेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने स्कीम को असंवैधानिक करार दिया:** इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को असंवैधानिक करार दिया जाता है, क्योंकि इससे लोगों के सूचना के अधिकार का उल्लंघन होता है और इसमें देने के बदले कुछ लेने की गलत प्रक्रिया पनप सकती है।

### ...तो मतदाता अपने वोट के लिए सही चुनाव कर सकता है

**पॉलिटिकल** फंडिंग की जानकारी के चलते मतदाता अपने वोट के लिए सही चुनाव कर सकता है। सारी राजनीतिक फंडिंग पब्लिक पॉलिसी में बदलाव के मकसद से नहीं होती है। छात्र, दिहाड़ी मजदूर आदि भी चंदा देते हैं। ऐसे में सिर्फ इसलिए चुनावी चंदे को गोपनीयता के दायरे में रखना, क्योंकि कुछ कंट्रीब्यूशन किसी और मकसद से किए गए हैं, यह अनुचित है।

**कंपनियों के डोनेशन प्रोसेस में कब और क्या बदलाव किया गया:** कंपनी एक्ट 2013 के तहत कोई कंपनी किसी पॉलिटिकल पार्टी को चंदा दे सकती है। इसमें बदलाव से पहले कुछ शर्तें थीं। डोनेशन को बोर्ड की मंजूरी मिली हो, डोनेशन कैश में नहीं दिया जा सकता है, चंदे का जिक्र कंपनी के प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट में होना चाहिए।

### 'कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग व्यापार होता है'

**किसी** एक व्यक्ति की ओर से दिए गए चंदे के मुकाबले किसी कंपनी की ओर से की गई फंडिंग का राजनीतिक प्रक्रिया पर ज्यादा असर हो सकता है। कंपनियों की ओर से की गई फंडिंग शुद्ध रूप से व्यापार होता है। चुनावी चंदे के लिए कंपनी एक्ट में संशोधन मनमाना और असंवैधानिक कदम है। इसमें कंपनियों और किसी एक चंदा देने वाले को एक जैसा बना दिया गया। इसके जरिए कंपनियों की ओर से राजनीतिक दलों को असीमित फंडिंग का रास्ता खुला।

# पीएम मोदी-कतर के अमीर के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**विदेश** सचिव विनय क्वात्रा ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कतर यात्रा काफी महत्वपूर्ण है। विदेश सचिव ने कहा कि पीएम मोदी की यात्रा ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत और कतर के संबंधों को काफी ऊंचे स्तर पर ले जाने का आधार तैयार किया है। विदेश सचिव ने कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की। प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

# भारतीय किसान परिषद भारत बंद के समर्थन में

### राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर ने कहा कि कल हजारों की तादाद में किसान चक्का जाम करेंगे

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली चंडीगढ़**

**मंगलवार** को शंभू बॉर्डर पर हुए बवाल के बाद बुधवार को भी तनाव की स्थिति बनी रही। शाम को तय हुआ कि गुरुवार शाम एक बार फिर केंद्र किसानों से बात करेगा। तब तक किसानों ने आगे न बढ़ने का निर्णय लिया है।

**केंद्रीय मंत्री बैठक के लिए पहुंचे:** किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए केंद्रीय मंत्री मीटिंग स्थल पर पहुंचे। सीएम भगवंत मान किसान नेताओं से बैठक के लिए सेक्टर 26 के महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट पहुंचे।



**भारतीय किसान परिषद ने भारत बंद का किया समर्थन:** भारतीय किसान परिषद ने भारत बंद का समर्थन किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखबीर खलीफा ने कहा कि कल हजारों की तादाद में किसान चक्का जाम करेंगे।

संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऐलान किया गया।

**हरियाणा कांग्रेस ने 17 फरवरी तक सभी कार्यक्रम किए स्थगित:** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 17 फरवरी तक के अपने सभी कार्यक्रमों को स्थगित किया गया है।

किसान आंदोलन के चलते इन कार्यक्रमों को फिलहाल टाला गया है। स्थगित हुए कार्यक्रमों में 17 तारीख को हिसार में होने वाला पिछड़ा वर्ग सम्मेलन, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान और सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के विभिन्न कार्यक्रम भी शामिल हैं।

# बीजेपी को 2022-23 में 720 करोड़ का डोनेशन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने राजनीतिक दलों को मिलने वाले डोनेशन की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में बीजेपी को लगभग 720 करोड़ रुपए डोनेशन मिले हैं। भाजपा को मिली रकम कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) और नेशनल पीपुल्स पार्टी को मिले डोनेशन से पांच गुना अधिक है। फाइनेंशियल ईयर में 20 हजार से अधिक का डोनेशन मिलने पर रजिस्टर्ड पॉलिटिकल पार्टियों को खुलासा करना होता है। 2022-23 में नेशनल पार्टियों को कुल 850.43 करोड़ रुपए डोनेशन में मिले हैं। कुल डोनेशन में कांग्रेस ने सिर्फ 79.92 करोड़ रुपए मिलने की घोषणा की है।



कुल 12 हजार 167 डोनेशन में भाजपा को 7,945 और कांग्रेस को 894 डोनेशन से ये रकम हासिल हुई है। बीजेपी को सबसे ज्यादा 7945 डोनेशन में 719.85 करोड़ रुपए मिले हैं।

**बीएसपी ने सिर्फ 20 हजार रुपए चंदा मिलने की घोषणा की:** देश की छठी राष्ट्रीय पार्टी बहुजन समाज पार्टी ने घोषणा की है कि उसे 2022-23 के दौरान 20 हजार रुपए से अधिक का कोई चंदा नहीं मिला। बीते 17 साल से बीएसपी यही घोषणा करती आ रही है।

# त्रिपुरा में देवी सरस्वती की आपत्तिजनक प्रतिमा पर बवाल

**टीम एक्शन इंडिया/अगरतला**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने वसंतपंचमी के अवसर पर एक सरकारी कॉलेज परिसर में देवी सरस्वती की प्रतिमा को अभद्रता से प्रदर्शित करने पर कड़ा विरोध प्रदर्शन किया है। आरएसएस से संबद्ध एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने लिचुबगान के सरकारी संस्थान में पूजा के लिए रखी गई देवी सरस्वती की आपत्तिजनक प्रतिमा के प्रति कड़ा विरोध दर्ज किया।

**दुष्परिणाम** राज्य के पास बचा केवल बीस साल का पानी

# धान पर जोर ने बढ़ाया पंजाब का जल संकट

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**न्यूनतम** समर्थन मूल्य की संवैधानिक गारंटी के लिए फिर से शुरू हुए विरोध-प्रदर्शनों में सबसे आगे पंजाब में किसान धान में एमएसपी का लाभ उठाने में जितने आगे हैं, उतना ही कृषि के विविधीकरण में पीछे और पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करने में ढुलमुल। पंजाब में कृषि और खासकर धान की विविधता का दायरा सीमित है। इस फसल का रकबा तेजी से बढ़ता जा रहा है- 1980 में 28.12 लाख हेक्टेयर से 2023 में 31.93 लाख हेक्टेयर तक, लेकिन इस दौरान बाकी सभी फसलें (गन्ना, कपास, गेहूं और मक्का) उतनी ही तेजी से पीछे छूटती गईं।



**मक्के की खेती का रकबा घटा:** इसकी वजह जबरदस्त उर्वरक सब्सिडी, सस्ती बिजली (1970-1990 तक फ्लैट रेट और फिर पूरी तरह मुफ्त), 1967 से एमएसपी आधारित गारंटीड खरीद और सिंचाई में बेहिसाब पानी के इस्तेमाल की सुविधा है। आज हालत यह है कि 1980 में मक्के की खेती का जो रकबा 3.82 लाख हेक्टेयर था, वह 2023 में घटकर एक लाख हेक्टेयर पर आ गया है।

यही कपास के मामले में भी हुआ है-43 साल में इसका क्षेत्रफल 6.49 लाख हेक्टेयर से 1.80 लाख हेक्टेयर पर आ गया। इसके गंभीर पर्यावरण दुष्परिणाम अनुभव किए जाने लगे हैं।

**बजट सत्र**

8 पंजाब में कृषि और खासकर धान की विविधता का दायरा सीमित है, फसल का रकबा तेजी से बढ़ता जा रहा



# गाजियाबाद के लाखों लोगों को लगा बड़ा झटका, वापस नहीं ली गईं प्रॉपर्टी टैक्स की बढ़ी दरें

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** शहर के 4.65 लाख से अधिक करदाताओं को फिलहाल राहत नहीं मिली है। शासन के आदेश पर वित्तीय वर्ष 2024-25 से डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर लागू करने के लिए करों की नई दर की सूची प्रकाशित कर दी गई है। इसका महापौर सुनीता दयाल और नगर निगम के पार्षदों के साथ ही पूर्व पार्षद विरोध कर रहे थे। महापौर सहित नगर निगम कार्यकारिणी के सदस्य दावा कर रहे थे कि कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव लाकर इसे निरस्त कराया जाएगा, लेकिन बृहस्पतिवार को जब कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पेश किया गया तो कार्यकारिणी द्वारा इसे निरस्त न कर लंबित कर दिया गया है। महापौर सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने दावा किया है कि वे डीएम सर्किल रेट पर संपत्ति कर लागू नहीं होने देंगे, जबकि नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने इस मामले पर बयान देने से स्पष्ट तौर पर मना कर दिया है। कार्यकारिणी की बैठक में जब डीएम सर्किल रेट के आधार पर संपत्ति कर लागू करने के फैसले के विरोध में प्रस्ताव पास किया गया तो कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा ने पूछा कि पहले यह बताया जाए कि महापौर और पार्षदों की सहमति लिए बिना संपत्ति कर बढ़ाने का निर्णय लिया जा सकता है तो नगर आयुक्त के निर्देश पर मुख्य कर निर्धारण अधिकारी डॉ. संजीव सिन्हा ने नगर निगम एक्ट का हवाला देते हुए कहा कि नियम के तहत संपत्ति कर बढ़ाने का अधिकार नगर आयुक्त को प्राप्त है। ऐसे में कार्यकारिणी उपाध्यक्ष ने कहा कि मैं इस प्रस्ताव के खिलाफ हूं और जो कार्यकारिणी के सदस्य इसके खिलाफ हों वो हाथ उठाएं, इससे पहले की कार्यकारिणी के सदस्य हाथ उठाते और अपना विरोध जताते, नगर आयुक्त ने डीएम सर्किल रेट लागू होने के फैसले से करदाताओं पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया, उन्होंने कहा कि इससे मलिन बस्ती में लागू कर की दर कम होगी।

# बीटेक छात्र ने पहले गर्लफ्रेंड की गला दबाकर की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** वैलेंटाइन डे पर जब प्रेमी जोड़े एक दूसरे से प्यार का इजहार कर रहे थे, उसी दौरान एक बीटेक छात्र ने पहले गला दबाकर अपनी प्रेमिका की हत्या की। फिर खुद अपने गाजियाबाद स्थित फ्लैट पर पहुंचकर खुदकुशी कर ली। जानकारी पर पहुंची नोएडा के सेक्टर-58 कोतवाली पुलिस ने युवती के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मथुरा की 24 वर्षीय युवती सेक्टर-62 स्थित नवादा गांव के नीलकंठ पीजी में रहती थी। वह सेक्टर-62 स्थित एक आईटी कंपनी में एचआर थी। बुधवार को ऑफिस में ड्यूटी के दौरान सुबह से युवती मानसिक तनाव में थी। शाम को दफ्तर से आने के बाद उसने घर आकर फोन साथी कर्मचारियों का फोन उठाना बंद कर दिया। शाम साढ़े सात बजे साथी कर्मचारी किसी तरह युवती का पीजी का पता खोजते हुए कमरे पर पहुंचे। यहां कमरे का दरवाजा खटखटाने के बाद दरवाजा नहीं खोला तो वह धक्का देकर खोला गया।

# टीकरी बॉर्डर पर आवाजाही में लोगों को मिली ढील

**दिल्ली।** किसानों के दिल्ली कूच के एलान को देखते हुए बुधवार को टीकरी बॉर्डर पर आवाजाही पूरी तरह बंद कर दी गई थी, लेकिन बृहस्पतिवार को इसमें ढील दी गई। बृहस्पतिवार को दोनों रोड के बीच बने सेंट्रल वर्ज पर से एक बैरिकेड हटा दिया गया है।

इस वजह से लोग अब पैदल बॉर्डर के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में जा पा रहे हैं। यहां से करीब 500 मीटर पैदल चलने के बाद उन्हें टीकरी बॉर्डर से ही दिल्ली की बस मिल जा रही है। बृहस्पतिवार को काफी लोग पैदल ही चलते दिखाई दिए। कोई महिला बच्चों को गोद में उठाकर जा रही थी तो कोई हाथ पकड़कर। दिनभर टीकरी बॉर्डर पर यही हालात रहे।

# इनवर्टर की बैटरी फटने से घर में लगी भीषण आग

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित कांशीराम सोसायटी के एक फ्लैट में बृहस्पतिवार दोपहर करीब 12 बजे इनवर्टर की बैटरी फटने से आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की चार टीमों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कड़ी मशक्कत कर आग को पूर्णरूप से बुझा लिया। सीएफओ प्रदीप चौबे का कहना है कि आग सोसायटी के द्वितीय तल पर फ्लैट संख्या-42सी व तृतीय तल पर फ्लैट संख्या-42 डी में लगी थी।

## उत्तर रेलवे

### निविदा आमंत्रण सूचना

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति : 30-Elect-57-T-2023-24-E3 एईई/जी-वन के अधिकार क्षेत्र में अन्य संबंधित कार्यों के साथ विद्युत संपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के संबंध में विद्युत कार्य | |
| निविदा की अनुमानित लागत : रु. 84.59 लाख | |
| कार्यालय का पता : वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / जी, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | |
| बयाना राशि : रु. 1,69,200.00 | |
| निविदा निवेदन की दिनांक व समय : 21.03.2024, 12.00 बजे | |
| निविदा खोलने की दिनांक व समय : 21.03.2024, 12.00 बजे | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड : www.ireps.gov.in /वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी, नई दिल्ली | |

508/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-निविदा

**खुली निविदा संख्या 53-अम्बाला/2023-24 दिनांक 15.02.2024**

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय/अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यों के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेंगी और उसके बाद खोली जाएगी।

1 **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/ट्रैक/अम्बाला के अंतर्गत एसएसई/पी वे/ट्रैक डिपो/अम्बाला कैंट के तहत ट्रैक मशीनों के लिए टैंपिंग टूल्स की रिकंडिशनिंग से सम्बंधित कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 9,54,793 | 19,100 | 12 महीने | 12.03.2024 |

2 **कार्य का नाम:** राजपुरा (कौली साइडिंग) में गुड्स शेडों का उन्नयन/आधुनिकीकरण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 2,50,33,002 | 2,75,200 | 12 महीने | 12.03.2024 |

3 **कार्य का नाम:** मोरिंडा और कुराली रेलवे स्टेशन पर गुड्स शेडों का उन्नयन/आधुनिकीकरण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 3,63,44,313 | 3,31,700 | 15 महीने | 12.03.2024 |

4 **कार्य का नाम:** भरतगढ़ गुड्स शैड का आधुनिकीकरण/उन्नयन।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 4,57,28,838 | 3,78,700 | 15 महीने | 12.03.2024 |

5 **कार्य का नाम:** कीरतपुर साहिब में गुड्स शैडों का उन्नयन/आधुनिकीकरण।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 7,34,02,165 | 5,17,000 | 18 महीने | 12.03.2024 |

6 **कार्य का नाम:** सीनियर मंडल इंजीनियर-1/अम्बाला के अनुभाग में विभिन्न ट्रैक कार्यों में रेल के विस्तार के संबंध में कार्य।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 96,98,759 | 1,94,000 | 06 महीने | 12.03.2024 |

7 **कार्य का नाम:** (1) सहायक मंडल अभियंता/बठिण्डा के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीडब्ल्यूआई/बरनाला के सेक्शन में राजपुरा-बठिण्डा सेक्शन पर नई दोहरी लाइन से संबंधित बाकी की कमियों को हटाना। (2) सहायक मंडल अभियंता/पटियाला के अधीन सीनियर सेक्शन इंजीनियर/पीडब्ल्यूआई/पटियाला के सेक्शन में राजपुरा-बठिण्डा सेक्शन पर नई दोहरी लाइन से संबंधित बाकी की कमियों को हटाना।

| अनुमानित लागत (रु.) | अग्रिम राशि (रु.) | कार्य समाप्ति का समय | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|
| 55,20,073 | 1,10,400 | 04 महीने | 12.03.2024 |

नोट:- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी सम्बंधित डॉक्यूमेन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैंकिंग/नेटवे पेमेन्ट के द्वारा ही स्वीकार्य होंगे। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा। 5. जी. एस. टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी। 510/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## नौएडा

**नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रशासनिक भवन, सैक्टर-6, नौएडा-201301, उ०प्र०
वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com

### ई-निविदा आमंत्रण सूचना

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई-निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा सम्बन्धी समस्त विवरण व शर्तें नौएडा प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट: www.noidaauthorityonline.com एवं http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाइट देखते रहें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | 22 / एसपीई / पीई (पीएच-II) / ई०टी० / 2023-2024 | जन स्वास्थ्य-II के कार्य क्षेत्र में पुलिया एवं नाले से पहले बांस की जाली लगाने का कार्य | Rs. 1588927.25 |

उपरोक्त निविदाओं को दिनांक 16/02/2024 से 22/02/2024 को सांय 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालिफिकेशन दिनांक 23/02/2024 को 11:00 बजे खोली जायेगी।

कार्यालय: सैक्टर-94

उप महाप्रबन्ध/वरिष्ठ परियोजना अभियन्ता (जन स्वास्थ्य) नौएडा।

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

## उत्तर मध्य रेलवे

G20

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या: झाँसी-इन्फ्रा0-ओपनट-2024-4 | अनुमानित लागत (रू): ₹ 9859244.14 |
| कार्य का नाम: प्रोविजन ऑफ आरसीसी बॉक्स ब्रिज एण्ड अदर मिसलेनियस सिविल वर्क एट सरसोकी यार्ड। | |
| अमानत राशि: ₹ 197200.00, निविदा बन्द होने की तिथि: 01.03.2024 at 15:00 hrs., स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 09 माह | |

नोट:- (1) निविदा दिनांक 01.03.2024 को 15.00 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगें। (2) पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 275/24(A)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

## VIRTUALSOFT SYSTEMS LIMITED

Regd. Off: S-101 Panchsheel Park, New Delhi - 110017

CIN-L72200DL1992PLC047931

**EXTRACT STATEMENT OF UN AUDITED STANDLONE & CONSOLIDATED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER DECEMBER 31, 2023**

(Figures Rs. in Lacs)

| Particulars | Standalone: Quarter ending Current Year ending (Un-audited) | Standalone: Year to date Figures/Previous Year ending (Audited) | Standalone: Corresponding 3 months ended in the previous (Un-audited) | Consolidated: Quarter ending Current Year ending (Un-audited) | Consolidated: Year to date Figures/Previous Year ending (Audited) | Consolidated: Corresponding 3 months ended in the previous year Quarter (Un-audited) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 30.09.2023 | 31.12.2023 | 31.03.2023 | 30.09.2023 |
| Total income from operations (net) | 30.00 | 120.10 | 30.00 | 63.72 | 359.25 | 103.36 |
| Net Profit / (Loss) from ordinary activities after tax | (17.42) | (91.97) | (26.12) | 61.18 | (404.31) | (47.70) |
| Net Profit / (Loss) for the period after tax (after Extraordinary items) | (17.42) | (91.97) | (26.12) | 61.18 | (404.31) | (47.70) |
| Equity Share Capital | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 | 1029.76 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Balance Sheet of previous year) | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 | 20.00 |
| Earnings Per Share (before extraordinary items) (of ₹ 10/- each) Basic : Diluted: | | | | | | |
| Basic : | (0.17) | (0.89) | (0.25) | 0.59 | (3.93) | (0.46) |
| Diluted : | (0.17) | (0.89) | (0.25) | 0.59 | (3.93) | (0.46) |
| Earnings Per Share (after extraordinary items) (of ₹ 10/- each) | | | | | | |
| Basic : | (0.17) | (0.89) | (0.25) | 0.59 | (3.93) | (0.46) |
| Diluted : | (0.17) | (0.89) | (0.25) | 0.59 | (3.93) | (0.46) |

NOTES

(The above is in extract of the detailed format of the Standlone and Consolidated Quarterly Un Audited Financial Result for the Quarter ended December 31, 2023 filed with the Stock Exchange under Regulations 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Quarterly Financial Results are available on the Stock Exchange websites www.bseindia.com and on the Company websites www.virtsoft.com.

New Delhi
14-02-2024

For VIRTUALSOFT SYSTEMS LTD.
Sd/-
Gokul Tandan
Managing Director

## दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे

### निविदा सूचना

(1) **निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-82-23-24 Date:12/02/2024.** कार्य का नाम: (1)रायपुर डिविजन - दुर्ग-दल्लीराजहरा-टीटीआर (टीडब्ल्यूएल + डब्ल्यूजीएमटी) - 14 सेट (1.12) (2) रायपुर डिवीजन - एक्सचेंज यार्ड भिलाई का उन्नयन। (3) 16 कार रेक के रखरखाव के लिए भिलाई में मेमू शेड का विस्तार। **निविदा मूल्य:**रु.80,96,333/- **इएमडी:** रु.1,61,926/-

(2) **निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-83-23-24 Date:12/02/2024. कार्य का नाम:** एसएसई (पी.वे.)/बालोद के अधिकार क्षेत्र के तहत केवटी से लाजोवी सेक्शन के बीच विविध पी.वे.कार्य जैसे कि ट्रैक का लगाना कम करना, प्री और पोस्ट टैम्पिंग कार्य, ट्रैक और पॉइंट्स और क्रॉसिंग को उठाना और पैक करना आदि। (दो साल के लिए) **निविदा मूल्य:**रु. 62,09,251/- **इएमडी:** रु.1,24,200/-

(3) **निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-84-23-24 Date:12/02/2024. कार्य का नाम:** (1) रायपुर मंडल - रायपुर मंडल के बीएमवाई यार्ड में डी मार्क रेल और 80आर रेल के लिए 1.139 किलोमीटर के लिए थ्रू रेल नवीनीकरण (सेकेंडरी)। (2)रायपुर डिवीजन-आरओएच डिपो की शेड लाइन, इंजनएच की पिट लाइन और बीएमवाई यार्ड में पुलिंग पॉइंट के ट्रैक का सुधार। (3) रायपुर डिवीजन - बीएमवाई यार्ड के लिए सीटीआर (एस) - 3.075 किलोमीटर। **निविदा मूल्य:** रु.1,55,39,185.97/-**इएमडी:** रु.2,27,700/-

(4) **निविदा सूचना संख्या: ई-आर-टी-85-23-24 Date:12/02/2024. कार्य का नाम:** डीईएन/II/रायपुर के अधिकार क्षेत्र में ट्रैक मेंटेनर्स के लिए गैंग टूल वाह रेस्ट रूम का निर्माण। **निविदा मूल्य:**रु.1,13,23,770.48/- **इएमडी:** रु.2,06,600/- **निविदा प्रस्तुत करना : 11.00** बजे तक दिनांक **21/03/2024. निविदा खोलना: 11.00** बजे दिनांक **21/03/2024.** विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/डाउनलोड करें।

**मंडल अभियंता-II, द.पू.म.रे., रायपुर**

South East Central Railway @secrail

## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण

वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक कार्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ कृते भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से ई-प्रोक्यूरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण एवं नियम व शर्तें Website http://www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। क्रम संख्या: 1. निविदा संख्या: 60236631A; खुलने की तिथि: 11.03.2024; सामग्री का विवरण: 2 लैन के साथ 4 WAN पोर्ट राउटर (2x2) एमबीपीएस WAN पोर्ट) की आपूर्ति मात्रा: 18 अदद; आरक्षित स्थिति: अनारक्षित। नोट: उपरोक्त निविदा Website http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दी गई है। इच्छुक निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि अपना क्लास थ्री डिजिटल सिग्नेचर बनवाकर उक्त वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन करा लें। ई-टेण्डर के लिए मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक
मुजाधि/एस-136 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

## उत्तर रेलवे

### (ई-नीलामी सूचना)

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पीएस, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित रेलवे स्टेशनों / स्थानों पर विज्ञापन / गैर-किराया राजस्व के अनुबंधों के आवंटन के लिए आईआरईपीएस के (https://ireps.gov.in) माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित करता है।

| ई-कैटलॉग | विज्ञापन का प्रकार | रेलवे स्टेशन/स्थान |
|---|---|---|
| DLI-ADVT-01-24 | आउट ऑफ होम साइज पानी के टैंक | दिल्ली डिवीजन नेटवर्क पर = (17 लॉट) |
| | आउट ऑफ होम साइज यूनिपोल जोन | मेरठ सेक्शन = (1 लॉट) |
| | आउट ऑफ होम साइज स्टेशन जोन | दिल्ली (3 लॉट), नई दिल्ली (1 लॉट) |
| | बैटरी चालित गाड़ियाँ | हजरत निजामुद्दीन = (1 लॉट) |
| | एलईडी वीडियोवॉल आधारित | दिल्ली (4 लॉट), पलवल बल्लभगढ़ फरीदाबाद न्यू टाउन = (कुल 7 लॉट) |
| | गैर डिजिटल आधारित डिस्प्ले बोर्ड/ग्लो साइनेज | आनंद विहार टर्मिनल = (1 लॉट) |
| | रेल कोच रेस्तरां | हजरत निजामुद्दीन बरार स्क्वायर, सरोजिनी नगर, सरदार पटेल मार्ग (सभी दिल्ली क्षेत्र) - (4 लॉट) |
| | मोबाइल टावर | दिल्ली, दिल्ली सराय रोहिल्ला = 2 लॉट |
| ई-नीलामी के लिए दिनांक और समय | प्रारंभ होने का समय 04.03.2024 को 10:00 बजे | |
| DLI-ADVT-02-24 | मोबाइल एसेट विज्ञापन (ट्रेन) सामान्य रखरखाव वाली ट्रेनें = 33 लॉट | प्रारंभ होने का समय 05.03.2024 को 10:00 बजे |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है | https://ireps.gov.in/(E-Auction-Leasing) | |

आईआरईपीएस के ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने के इच्छुक सभी ठेकेदारों को अपनी बोलियां जमा करने से पहले निम्नलिखित अनिवार्य आवश्यकताओं को पूरा करना चाहिए: ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस पर पंजीकरण-ईनीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए सक्रिय आईआरईपीएस उपयोगकर्ता खाता एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता; आईआरईपीएस खाते के साथ एसबीआई बैंक खाते का एकीकरण; फंड का लियन मार्किंग; कारोबार का अद्यतन विवरण; जिन ठेकेदारों के पास आईआरईपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आईआरईपीएस खाता नहीं है, वे आईआरईपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं ठेकेदारों (ई-निविदा ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण के लिए अपना ऑनलाइन अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के लिए अब वर्चुअल अकाउंट नंबर (वीएएन) नामक एक नया तंत्र शुरू किया गया है, जिसका उपयोग बोलीदाताओं द्वारा लियन मार्किंग तंत्र के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। बोली लगाने हेतु प्रवेश करने से पहले किसी भी समय लियन मार्किंग मैकेनिज्म (यदि सक्रिय हो) और वैन मैकेनिज्म के बीच स्विच करने के लिए स्वतंत्र हैं। VAN तंत्र के लिए बोली लगाने वाले का भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता होना आवश्यक नहीं है। उपयोगकर्ता किसी भी बैंक में अपने किसी भी मौजूदा बैंक खाते से अपने VAN खाते में धन स्थानांतरित करने के लिए स्वतंत्र है, जो उन्हें IREPS ई-नीलामी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

| | |
|---|---|
| किसी भी प्रश्न के मामले में संपर्क करने के लिए रेलवे प्राधिकरण | मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, वाणिज्य शाखा, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055; Email:publicitycelldli@gmail.com Tel: 011-23743684 |

संख्या - No.7PUB/NR-DLI/COMM(PUB)/26/2023 दिनांक : 15.02.2024 518/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### शुद्धिपत्र

संदर्भ: 1. टेंडर नोटिस संख्या 81/2023-24 दिनांक 05.01.2024, क्र.सं. 11
2. टेंडर संख्या 08235705 नियत तिथि 12.02.2024

उपरोक्त संदर्भित टेंडर के खुलने की नियत तिथि 12.02.2024 से बदल कर 11.03.2024 कर दी गई है। शेष सभी नियम एवं शर्तों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

यह शुद्धिपत्र वेबसाइट पर मुद्रित किया गया है। www.ireps.gov.in

495/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### ई-नीलामी सूचना

संख्या 23AC/393/E-Auction/2022 दिनांक: 14.02.2024

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली द्वारा पार्किंग लॉटस / साइट्स के आवंटन हेतु ई-नीलामी, IREPS पोर्टल (http://ireps.gov.in/) पर ई-बोली निम्नलिखित प्रकार से आमंत्रित की जाती है।

| ई-कैटलॉग संख्या | ई-नीलामी की तिथि एवं समय | रेलवे स्टेशन/स्थान/पार्किंग लॉट |
|---|---|---|
| Parking-01-2024 | दिनांक 29.02.2024 को 12:00 बजे | दिल्ली 1st Entry (10633 वर्ग मीटर), मेरठ कैंट (छावनीक्षेत्र), नया गाजियाबाद (GZN) गाजियाबाद (2nd Entry) भूरे साइड (GZB) (2430.46 Sq. Mtrs), पानीपत 1st Entry (477 Sq. Mtrs.), तुगलकाबाद (कार) (807.05 Sq. Mtrs) = कुल 6 साइटें |
| Parking-02-2024 | दिनांक 01.03.2024 को 12:00 बजे | गाजियाबाद (सिटी साइड) (2634.90 वर्ग मीटर), साहिबाबाद (SBB), खतौली (KAT), मुरादनगर (MUD), पानीपत 2nd Entry (390 वर्ग मीटर) = कुल 5 साइटें |
| वेबसाइट विवरण जहां ई-नीलामी दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | | https://ireps.gov.in/ |
| ई-नीलामी में भाग लेने के लिए ठेकेदारों के लिए पूर्वापेक्षाएं | | आईआरईपीएस के माध्यम से आयोजित ई-नीलामी में भाग लेने हेतु निम्नलिखित आवश्यकताओं को पूरा करना अनिवार्य है: 1. इच्छुक बोलीदाताओं को आई आर पी एस (वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल) में ऑनलाइन पंजीकृत करना होगा। पहले से ही अन्य आई आर पी एस खाता रखने वाली संस्थाएं भी खुद को वाणिज्यिक नीलामी मॉड्यूल के लिए नामांकित करने में सक्षम होंगी। 2. एकमुश्त पंजीकरण शुल्क का भुगतान 3. भारतीय स्टेट बैंक में चालू खाता 4. आई आर पी एस खाते के साथ भारतीय स्टेट बैंक के खाते का एकीकरण 5. फण्ड का लियन मार्किंग 6. टर्नओवर का अद्यतनीकरण (updation) 7. जिन ठेकेदारों के पास आईआरपीएस के किसी भी मॉड्यूल के लिए आई आर पी एस खाता नहीं है, वे आईआरपीएस होम पेज पर नए विक्रेताओं/ठेकेदारों (ई-निविदा/ई-नीलामी लीजिंग) लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण हेतु अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं। |
| सम्बंधित जानकारी हेतु रेलवे प्राधिकारी | | वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक / पीएस, डीआरएम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली 110055 Email: pkg.delhidivision@gmail.com Tel: 011-23743084 |

505/24

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक/यात्री सेवा, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## गुमशुदा की तलाश



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (चित्र में दर्शाई) सानिया पुत्री रामेश्वर शर्मा निवासी के-559, मंगोलपुरी, दिल्ली उम्र 14 वर्ष, जो दिनांक 06.02.2024 को उपरोक्त पते से गुमशुदा है। इस बाबत FIR No. 107/24 दिनांक 08.02.2024 से थाना मंगोलपुरी, दिल्ली में दर्ज है। लड़की का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार है:

सानिया

कद: 5'' फीट, रंग: गेहूँआ, शरीर: पतला, पहनावा: हरे रंग की टी-शर्ट, नीले रंग का लोअर और पैरों में काले रंग के जूते पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें ई-मेल: cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइट: http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 011-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना, मंगोलपुरी, दिल्ली
फोन: 011-27922186, 27921168

DP/1666/OD/2024

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम: सुंदर बाई, **पत्नी:** जमना प्रसाद, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 70 साल, **कद:** 5', **लिंग:** महिला, **रंग:** सांवला, **शरीर:** पतला, **चेहरा:** लम्बा, **पहनावा:** सफेद व नीले रंग की चेकदार साड़ी, **बरामदी स्थल:** जो दिल्ली के पुलिस स्टेशन सीलमपुर मार्केट में मिली थी। वह मानसिक रूप से अस्थिर थी जिसे दिल्ली के अपना घर आश्रम बुढ़पुर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई।

इस सम्बंध में **DD No. 27A,** दिनांक **13.02.2024, पुलिस स्टेशन: सीलमपुर, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो इसकी सूचना तुरंत निम्नलिखित पते पर दें।

थाना प्रमुख
पुलिस स्टेशन: सीलमपुर, दिल्ली
फोन: 011-22562089, 22562035, 8850870721

DP/1860/NE/2024

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं जो कि शिशपाल पुत्र सरूप सिंह निवासी गांव मुहाना जिला सोनीपत ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र आर्य कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करता है। मैं अपने पुत्र आर्य कुमार को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी आर्य कुमार से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# विपक्ष के हंगामे के बीच शुरू हुआ बजट सत्र

## दो भाजपा विधायक मार्शल आउट, एलजी वीके सक्सेना को 10 बार रोकनी पड़ी स्पीच

**विरोध के बीच..**

**8 विपक्ष के सदस्यों ने एलजी के अभिभाषण के बीच में ही हंगामा शुरू कर दिया। विजेंद्र गुप्ता ने आंकड़ों को झूठा बताया**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र बृहस्पतिवार से शुरू हो गया है। अभिभाषण के लिए जब उपराज्यपाल वीके सक्सेना विधानसभा पहुंचे तो मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और स्पीकर रामनिवास गोयल ने उनकी अगवानी की।

राष्ट्रगान के बाद एलजी ने अपना अभिभाषण शुरू किया जिसके बीच में विपक्षी दलों ने हंगामा शुरू कर दिया। इसी के चलते दो भाजपा विधायकों को मार्शल आउट कर दिया गया। एलजी ने अपने अभिभाषण की शुरूआत में कहा, सातवीं विधानसभा के बजट सत्र में सभी का स्वागत है। मेरी सरकार दिल्ली को विश्व स्तरीय बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। प्रति व्यक्ति आय 2.69 प्रतिशत अधिक है। दिल्ली के जीएसटी में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने का हर संभव प्रयास सरकार कर रही है।

**विपक्ष के सदस्यों ने बीच में शुरू किया हंगामा:** विपक्ष के सदस्यों ने एलजी के अभिभाषण के बीच में ही हंगामा शुरू कर दिया। भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने आंकड़ों को झूठा बताया। इस पर स्पीकर ने कहा, चर्चा बाद में होगी, अभी एलजी को बोलने दीजिए। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी विपक्ष के विरोध पर जताया विरोध। स्पीकर ने हाथ जोड़कर सभी से शांति बनाए रखने की अपील की।

**हंगामे के बाद अभिभाषण फिर शुरू हुआ तो...:** हंगाम के बाद एलजी ने अभिभाषण फिर शुरू करते हुए कहा, शिक्षा के साथ साथ खेलों में भी बेहतर परिणाम आ रहे हैं। दिल्ली खेल विश्विद्यालय ने काम शुरू कर दिया है। तकनीकी शिक्षा में नए पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। बजट का 12 प्रतिशत स्वास्थ्य के लिए आवंटित किया गया था। इसी बीच विपक्ष ने फिर हंगामा शुरू कर दिया। अब भाजपा विधायक अजय महावर ने विरोध जताया और अभिभाषण को झूठ का पुलिंदा बताया।





### 'वरिष्ठ नागरिकों के लिए हुए बेहतर काम'

**एलजी** ने कहा, दिल्ली में शिशु मृत्यु दर में 63 प्रतिशत की गिरावट हुई है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेहतर काम किया जा रहा है। इसी बीच विपक्ष ने एक बार फिर हंगामा कर दिया। एलजी आगे बोले, दिल्ली में न्यूनतम मजदूरी सबसे ज्यादा है। शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं शुरू की गई हैं।

# किसानों के मार्च का एनसीआर के ट्रैफिक पर असर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**फसलों के न्यून**तम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर कानून बनाने सहित कई मांगों को लेकर किसान मंगलवार (13 फरवरी) से पंजाब-हरियाणा से दिल्ली की ओर कूच कर रहे हैं। ऐसे में किसानों की दिल्ली में एंट्री रोकने और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए हैं। इसी कड़ी में दिल्ली की सीमाएं सील कर दी गई हैं और कई रास्तों पर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। ट्रैफिक प्रतिबंधों के चलते आज तीसरे दिन भी दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम, फरीदाबाद सहित एनसीआर के शहरों से राष्ट्रीय राजधानी आने वाले रास्तों पर लोगों को जाम की समस्या का **सामना करना पड़ रहा है।**

**मेरठ से पहुंचे किसान, साथ लाए थे राशन और सिलेंडर:** यूपी गेट पर फ्लाईओवर के नीचे मेरठ से



भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत गुट के समर्थन में किसान पहुंचे। सड़क पर बैठ कर प्रदर्शन किया। गाजियाबाद और दिल्ली पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया। बस में भरकर कौशांबी थाने ले गए। किसान अपने साथ गाड़ी में राशन, सिलेंडर लाए थे।

दिल्ली कूच के चलते सोनीपत में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी: दिल्ली कूच को रोकने के लिए पुलिस की तैयारियां पूरी हो चुकी है। जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी की गई है।

# दिल्ली हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी

**जांच जारी**

**8 ईमेल की जांच भी की जा रही है और हाईकोर्ट में सुरक्षा ड्रिल भी दी गई**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दिल्ली हाईकोर्ट में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। बुधवार को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को इस संबंध में एक ईमेल आया था। ईमेल बलवंत देसाई के नाम से लिखा गया था और कहा गया था कि धमाका गुरुवार को होगा। मेल में लिखा गया था कि मैं तुम्हें 15 फरवरी को हाईकोर्ट को बम से उड़ा दूंगा। ये सबसे बड़ा धमाका होगा। आप



यथासंभव अपनी सुरक्षा बढ़ाएं और सभी मंत्रियों को बुलाएं। हर किसी को उड़ा दिया जाएगा।

**जिला अदालतों की भी बढ़ाई गई सुरक्षा:** हाईकोर्ट ने धमकी को गंभीरता से लेते हुए हाई कोर्ट परिसर और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। वहीं, ईमेल की जांच भी की जा रही है और आज हाईकोर्ट में सुरक्षा ड्रिल भी की जा रही है। जिला अदालतों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

# दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ाया गया

## '25 फरवरी को बजट पेश कर पाना हमारे लिए संभव नहीं है, मैं अनुरोध करती हूं कि बजट सत्र को मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ाया जाए'

**कारण**

**8 आतिशी ने कहा कि कुछ कारणों से बजट को अंतिम रूप देने में कुछ देरी हुई है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली विधानसभा बजट का सत्र मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ा दिया गया है। इसके साथ ही अब दिल्ली के बजट के लिए लोगों को और इंतजार करने होगा। दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी ने बताया कि बजट को अंतिम रूप देने में बजट में देरी हो रही है।

**भाजपा ने देरी पर उठाया सवाल:** यह प्रस्ताव विधानसभा द्वारा पारित कर दिया गया। हालांकि विपक्ष के भाजपा विधायकों ने बजट में देरी के कारणों पर सवाल उठाया है।



आतिशी ने कहा कि कुछ कारणों से बजट को अंतिम रूप देने में कुछ देरी हुई है। हमें कल दिल्ली के उपराज्यपाल से बजट के लिए मंजूरी मिली है।

**आतिशी ने बताया यह कारण**

दिल्ली की वित्त मंत्री ने बताया कि बृहस्पतिवार को बजट को गृह मंत्रालय से मंजूरी के लिए भेजा गया है। गृह मंत्रालय से मंजूरी और राष्ट्रपति की सहमति के लिए कम से कम 10 से 15 दिन लगेंगे।

**बजट में देरी**

**8 भाजपा विधायकों ने बजट में देरी पर सवाल उठाया तो आतिशी ने कहा कि यह हमारी ओर से देरी है**

उन्होंने कहा कि 25 फरवरी को बजट पेश कर पाना हमारे लिए संभव नहीं है। मैं अनुरोध करती हूं कि बजट सत्र को मार्च के पहले सप्ताह तक बढ़ाया जाए।

वहीं, भाजपा विधायकों ने बजट में देरी पर सवाल उठाया तो आतिशी ने कहा कि यह हमारी ओर से देरी है। हम किसी पर आरोप नहीं लगा रहे हैं। बता दें कि विधानसभा का बजट सत्र 15 फरवरी को शुरू हुआ और 21 फरवरी को समाप्त होना था।

**भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन मार्शल आउट**

लगातार हंगामे के चलते विधानसभा स्पीकर रामनिवास गोयल ने भाजपा विधायक जितेंद्र महाजन को मार्शल आउट कर दिया।

**एलजी** ने फिर बोलना शुरू किया

वहीं एलजी आगे बोले, सुरक्षा के लिए दिल्ली में 1 लाख 65 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं।

पानी की आपूर्ति 836 से 995 एमजीडी हो गई है। जनता की मांग को पूरा करने के लिए अन्यत्र उपाय भी किए जा रहे हैं। आठ साल से दिल्ली में बिजली की दरें नहीं बढ़ाई गई हैं। सत्ता पक्ष के विधायकों ने तालियां बजाकर अभिवादन किया।

**भाजपा के विजेंद्र गुप्ता भी मार्शल आउट:** एलजी आगे बोले सार्वजनिक परिवहन बेहतर हुआ है। इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 1600 से ज्यादा हो गई है। हंगामा करने पर भाजपा के विजेंद्र गुप्ता भी मार्शल आउट किए गए।

# दिल्ली के कई क्षेत्रों में 18 घंटे तक नहीं आएगा पानी

**नई दिल्ली:** अगर आप दिल्ली के बुराड़ी मेट्रो स्टेशन क्षेत्र के रहने वाले हैं तो यह जानकारी आपके काम की है। दरअसल बुराड़ी मेट्रो स्टेशन क्षेत्र में शुक्रवार यानी 16 फरवरी को पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों ने जानकारी दी है। दरअसल, दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन द्वारा जल पाइपलाइन इंटरकनेक्शन का काम किया जाना है। इसके चलते 16 फरवरी को सुबह 9 बजे से 17 फरवरी को सुबह 3 बजे तक 18 घंटे तक पानी की आपूर्ति नहीं होगी। बता दें कि बुराड़ी मेट्रो स्टेशन पर डीएमआरसी लिमिटेड द्वारा 700 मिमी व्यास की पानी की पाइपलाइन के इंटरकनेक्शन के चलते सक्षम प्राधिकारी ने 18 घंटे के लिए शटडाउन को मंजूरी दे दी है।

# इंस्टाग्राम से बातचीत कर लड़के को अपने जाल में फंसा लिया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पहले एक युवती ने युवक को इंस्टाग्राम पर फॉलो करना शुरू किया, फिर बातचीत कर युवक के बारे में जानकारी जुटाई। युवक के बारे में जानकारी होने पर की उसकी ज्वैलरी की दुकान है। तीन तोले की सोने की चेन खरीदने और पैसे हाथों-हाथ देने की बात कहकर युवक को अपने बताए पते पर डिलीवरी देने के लिए बुलाया।

**अपने फ्लैट पर चलकर पैसा देने की कही बात...:** वहां पहुंचने पर पीड़ित को अपने फ्लैट पर चलकर पैसा देने की बात कहकर, वहां पहुंचने पर अपने चार साथियों के साथ मिलकर युवक को मारपीट कर लूट लिया। आरोपितों ने युवक से तीन तौले की चेन,उसके गले में पहनी हुई दो तोले की चेन सहित हाथों की अंगूठियां भी उतार वाली। इस दौरान पीड़ित युवक को नंगा कर उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। पीड़ित से दस लाख रुपये की मांग और की साथ ही उसके एटीएम से भी 25 हजार निकाल लिए।

# एम्स के नर्सिंग कॉलेज में नहीं होगा कॉलेजियम सिस्टम

## एम्स के नर्सिंग कॉलेज के संचालन और कामकाज पूरा अधिकार प्राचार्या के हाथ ही होगा

**फैसला वापस**

**8 नर्सिंग कॉलेज में प्राचार्य स्थायी पद है जो कॉलेज संचालन के लिए जिम्मेदार है। कॉलेजियम सिस्टम नहीं होना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**एम्स के नर्सिंग** कॉलेज के संचालन के लिए अब कॉलेजियम सिस्टम नहीं होगा। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या द्वारा कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल उठाए जाने के बाद एम्स प्रशासन ने करीब छह माह पुराने अपने आदेश को वापस ले लिया है। इसलिए एम्स के नर्सिंग कॉलेज के संचालन और कामकाज पूरा अधिकार प्राचार्या के हाथ ही होगा।

असल में एम्स में लंबे समय से विभागाध्यक्षों की नियुक्ति में रोटेशन सिस्टम लागू करने की




मांग होती रही है। इसी क्रम में पिछले वर्ष केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर एम्स में कॉलेजियम सिस्टम लागू हुआ था।

इस बाबत सात सितंबर 2023 को एम्स प्रशासन संस्थान के सभी विभागों और नर्सिंग कॉलेज के संचालन के लिए कॉलेजियम का गठन किया था।

**नर्सिंग कॉलेज के लिए हुआ था कॉलेजियम गठन:** इसी क्रम में नर्सिंग कॉलेज के लिए कॉलेजियम गठन हुआ था। इसमें प्राचार्या सहित पांच सदस्य शामिल किए गए थे। इस पर कॉलेज प्रशासन ने तर्क दिया कि नर्सिंग कॉलेज में प्राचार्य स्थायी पद है जो कॉलेज संचालन के लिए जिम्मेदार है। इसलिए कॉलेजियम सिस्टम नहीं होना चाहिए। पीजीआइ चंडीगढ़ में भी अलग नर्सिंग कॉलेज है, लेकिन वहां कॉलेजियम सिस्टम नहीं है। कॉलेज प्रशासन के इस तर्क के बाद एम्स ने नर्सिंग कॉलेज के लिए गठित कॉलेजियम को भंग कर दिया है।

# बॉर्डर सील... 30000 से ज्यादा आंसू गैस के गोले का ऑर्डर

## किसानों को दिल्ली कूच से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस खास तैयारी कर रही

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

किसानों के दिल्ली कूच के एलान को देखते हुए पुलिस ने कड़े इंतजाम किए हैं। दिल्ली की सीमाओं पर कई लेयर में बैरिकेड लगाए गए हैं। साथ ही पुलिस ने बैरिकेड के ऊपर मोडिफाई कंटीले तार भी लगाए दिए हैं। इसके अलावा हरियाणा से जुड़े टीकरी और सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है।

**बस में पुलिस का खास कंट्रोल रूम:** खास बात है कि इस बार किसानों को दिल्ली कूच से रोकने के लिए दिल्ली पुलिस खास तैयारी कर रही है। दिल्ली पुलिस ने राजधानी में दो बसों में खास कंट्रोल रूम बनाया है, जिसमें इमरजेंसी स्थिति में 40 से ज्यादा अधिकारी बैठक मीटिंग कर सकते हैं। अब दिल्ली पुलिस से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस ने 30 हजार



से अधिक आंसू गैस गोले के ऑर्डर दिए हैं।

**30 हजार से ज्यादा आंसू गैस के गोले के ऑर्डर दिए:** अधिकारी ने कहा कि तैयारी के तहत दिल्ली पुलिस ने पहले से ही बड़ी संख्या में आंसू गैस के गोले जमा कर लिए हैं और मध्य प्रदेश के ग्वालियर के टेकनपुर में स्थित बीएसएफ की टियर स्मोक यूनिट (टीएसयू) से 30,000 और का ऑर्डर दिया है। उन्होंने कहा कि ताजा ऑर्डर किए गए गोले ग्वालियर से दिल्ली लाए जा रहे हैं।

**दिल्ली में किसानों का घुसना आसान नहीं:** दिल्ली पुलिस इस बार किसानों को किसी भी हाल में राष्ट्रीय राजधानी की सीमा में घुसने नहीं देना चाहती है। इसके लिए हरियाणा से जुड़े टीकरी और सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से सील कर दिया गया है। वहीं, राजधानी के अन्य एंट्री पॉइंट पर भी सुरक्षा के कड़े इंतजाम हैं। बता दें कि पंजाब से दिल्ली कूच कर रहे सैकड़ों किसानों को अंबाला के पास हरियाणा पुलिस की ओर से रोक दिया गया था। इस दौरान किसानों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प भी हुई। वहीं पुलिस ने किसानों को ति

**हंगामा**

**8 मोडिफाई कंटीले तार भी लगाए दिए हैं। हरियाणा से जुड़े टीकरी और सिंघु बॉर्डर को पूरी तरह से बंद कर दिया**



## प्रदेश सरकार ने एमबीपीएल के साथ किया एमओयू

### महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एम.सी.एल.) द्वारा ओडिशा में लगाया जा रहा है 1600 मेगावॉट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणावासियों** को निर्बाध एवं सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार ने महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) के साथ 800 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल की उपस्थिति में हरियाणा की ओर से उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार तथा कोल इंडिया लिमिटेड की ओर से श्री देबाशीष नंदा ने एओयू का आदान-प्रदान किया। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोल इंडिया लिमिटेड की सहायक कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एम.सी.एल.) द्वारा ओडिशा में 1600 (2७800 मेगावॉट) मेगावॉट का सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट लगाया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि महानदी बेसिन पावर लिमिटेड (एमबीपीएल) द्वारा ओडिशा में

**समझौता**

**8 800 मेगावाट बिजली की खरीद के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं**

प्रस्तावित अपने इस प्लांट से हरियाणा को 800 मेगावॉट बिजली देने की पेशकश की गई, जिसे स्वीकार करते हुए आज इस संबंध में एमओयू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित बिजली खरीद के लिए एकल मूल्य (लेवलाइज्ड टैरिफ) 4 रुपये 46 पैसे प्रति यूनिट निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बिजली उपलब्धता बढ़ाने के लिए राज्य सरकार यमुनानगर में भी 800 मेगावाट थर्मल पावर प्लांट लगाने जा रही है, इसके लिए टेंडर किया जा चुका है। वर्तमान में हरियाणा में बिजली उत्पादन क्षमता 2,582 मेगावाट है और इस नये प्लांट के बनने से हरियाणा की घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता 3,382 मेगावाट तक बढ़ जाएगी।

# मनोहर सरकार ने किसानों को दी बड़ी राहत

### खरीफ सीजन-2023 में खराब फसलों के अतिरिक्त मुआवजे का किया गया वितरण, मुख्यमंत्री ने 1692.3 एकड़ में फसल खराबे के लिए किसानों को 18 करोड़ 67 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि की जारी, जारी की गई राशि को मिलाकर कुल 130 करोड़ 88 लाख रुपये की मुआवजा राशि की जा चुकी जारी

**मुआवजा**

**8 राशि को मिलाकर कुल 130 करोड़ 88 लाख रुपये की मुआवजा राशि जारी की जा चुकी है**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में राज्य सरकार ने आज खरीफ सीजन-2023 में खराब फसलों के अतिरिक्त मुआवजे का वितरण कर किसानों को बड़ी राहत दी। खरीफ सीजन-2023 में खराब फसलों और पुनः बोए गए रकबे के लिए दिए गए मुआवजे पर पुनर्विचार करके सरकार ने 1692.3 एकड़ में फसल खराबे के लिए किसानों को 18 करोड़ 67 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि सीधे किसानों के खातों में भेजी गई।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि राशि को मिलाकर कुल 130 करोड़ 88 लाख रुपये की मुआवजा राशि जारी की जा चुकी है। इसमें 14 दिसंबर, 2023 को दी गई मुआवजा राशि 97 करोड़ 93 लाख 26 हजार रुपये, 11 अक्तूबर, 2023 को दी गई मुआवजा राशि 5 करोड़ 96 लाख 83 हजार 500 रुपये, शहरी क्षेत्र में वाणिज्यिक संपत्तियों के नुकसान के लिए अनुमोदित 6 करोड़ 70 लाख 97 हजार 277 रुपये तथा जनहानि की मुआवजा राशि 1 करोड़ 60 लाख रुपये शामिल है। मनोहर लाल ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यतः अंबाला जिले में सर्वाधिक मुआवजे की राशि 5 करोड़ 85 लाख 38 हजार 732 रुपये दी गई है। इसके पश्चात फतेहाबाद जिला है, जहां के किसानों को 5 करोड़ 54 लाख 34 हजार 067 रुपये का मुआवजा मिला है। कुरुक्षेत्र में 3 करोड़ 29 लाख 42 हजार और कैथल जिले में 2 करोड़ 50 लाख 22 हजार मुआवजा दिया गया है

**बुजुर्गों की हिफाजत व खुशहाली के लिए मुख्यमंत्री ने शुरू की समर्थ वृद्धावस्था सेवा आश्रम योजनाः**

प्रदेश में अब वरिष्ठ नागरिकों को एक ही छत के नीचे स्वास्थ्य सेवा सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। इसके लिए मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने समर्थ वृद्धावस्था सेवा आश्रम योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उचित सुविधाएं प्रदान करके उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने कहा कि प्रथम चरण में 6 स्थानों जगाधरी (यमुनानगर), सोनीपत, हिसार, बहादुरगढ़ (झज्जर), सिरसा तथा गुरुग्राम में समर्थ वृद्धावस्था सेवा आश्रम खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश के बुजुर्गों को इस योजना से बहुत बड़ा सहारा मिलेगा। आश्रम योजना से वरिष्ठ नागरिकों को भौतिक व मानसिक सुरक्षा के साथ-साथ आरामदायक रहने की जगह प्रदान की जाएगी। उनकी देखभाल व दैनिक गतिविधियों में सहायता की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी वरिष्ठ नागरिक को वृद्धाश्रम में प्रवेश के लिए आवेदन पत्र देना होगा। प्रवेश के लिए वरिष्ठ नागरिकों की आयु 60 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिए। साथ ही वह हरियाणा का रहने वाला स्थायी निवासी होना चाहिए। उसके पास परिवार पहचान पत्र आई.डी. होनी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रहरी योजना के तहत प्रदेश में वृद्धजनों का सर्वे करवाया गया था, जिसमें यह सामने आया कि प्रदेश में 75 वर्ष से अधिक आयु के 5200 बुजुर्ग हैं, जो इस प्रकार के आश्रम की सेवा चाहते हैं। इसलिए इन आश्रमों में इन बुजुर्गों को पहली प्राथमिकता दी जाएगी। इन आश्रमों में बीमार नागरिकों या दिव्यांगों को चिकित्सा देखभाल और नर्सिंग सहायता प्रदान की जाएगी।

मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए मनोरंजन, सामाजिक और सामूहिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन सेवा आश्रमों के संचालन हेतु एनजीओ भी आवेदन कर सकते हैं।





## मुख्यमंत्री ने एचकेआरएन के जरिए 408 युवाओं को भेजे जॉब ऑफर लेटर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने डिजिटली हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत 408 युवाओं को जॉब ऑफर लेटर भेजे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने कहा कि एचकेआरएन के तहत नौकरी पर लगे सभी अनुबंधित कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआई, लेबर वेलफेयर फंड आदि की सुविधाएं दी जाती हैं। यही नहीं कर्मचारियों का वेतन निगम द्वारा सीधे उनके बैंक खातों में डाला जाता है। जिन कर्मचारियों के परिवार की वार्षिक आय तीन लाख रुपये तक है उन्हें आयुष्मान भारत-चिरायु योजना का लाभ देना भी शुरू कर दिया गया है। इसके लिए उन्हें 1500 रुपये सालाना का मामूली अंशदान देना होता है। अनुबंध पर रखे गए कर्मचारियों को 10 आकस्मिक अवकाश 10 मेडिकल अवकाश का भी प्रावधान है। महिला कर्मचारियों के लिए मातृत्व अवकाश की सुविधा भी दी गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, बिजली निगमों के अध्यक्ष पी के दास, सेवा विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव आशिमा बराड़, सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित खत्री, मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय, चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना पोर्टल का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रदेश** की गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताएं अब मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना पोर्टल के माध्यम से पांच हजार रुपये की मातृत्व लाभ राशि प्राप्त कर पाएंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने आज इस योजना के पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल के जरिए 8 मार्च, 2022 या उसके बाद जन्म लेने वाले बच्चों की माताएं आवेदन कर सकेंगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे।

मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2022-23 के बजट में मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना की घोषणा की गई थी। इसके तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे जीवित बच्चे (लड़के) के लिए जन्म के बाद एकमुश्त 5000 रुपये का मातृत्व लाभ प्रदान करने का प्रावधान किया गया है। इस योजना को 16 मार्च, 2023 को अधिसूचित किया गया था। इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति एवं जनजाति की महिलाएं, आंशिक रूप से 40 प्रतिशत या पूर्ण रूप से दिव्यांग महिलाएं, बीपीएल राशन कार्डधारक महिलाएं, आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की लाभार्थी महिलाएं, ई-श्रम कार्डधारक महिलाएं ले सकेंगी। इनके अतिरिक्त योजना का लाभ किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभार्थी किसान महिलाओं, आठ लाख रुपये वार्षिक से कम पारिवारिक आय वाली महिलाओं, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी सहायिका व आशा वर्करों और केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित किसी भी अन्य श्रेणी की महिलाओं को भी मिलेगा।

## मुख्यमंत्री ने नगरपालिका शहरी निर्मित प्लान - सुधार नीति 2023 पोर्टल का किया शुभारंभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगरपालिका शहरी निर्मित प्लान - सुधार नीति 2023 पोर्टल का शुभारंभ किया। इस पोर्टल पर अब आवेदक नगरपालिका की सीमा के मुख्य क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले आवासीय भूखंडों को कुछ शुल्क का भुगतान कर व्यावसायिक उपयोग में बदल सकेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश में आयोजित किए गए जन संवाद कार्यक्रमों तथा विकसित भारत

**सुधार नीति**

**8 आवासीय भूखंडों को कुछ शुल्क का भुगतान कर व्यावसायिक उपयोग में बदल सकेंगे**

संकल्प यात्रा के दौरान किए गए जन संवाद कार्यक्रमों के तहत लोगों से विभिन्न प्रकार की शिकायतें व मांगें आई थी। इसमें मुख्य मांग ये भी कि लगभग 50 साल पहले आवासीय प्लॉट का आवंटन किया गया था, लेकिन समय के साथ लोगों ने व्यावसायिक उपयोग के नाते या कुछ छोटा-मोटा उद्योग करने लग गए, जबकि कानूनन यह गलत था क्योंकि प्लॉट का आवंटन आवासीय श्रेणी में किया गया था। ऐसे सभी लोगों की मांग व शिकायतों का समाधान करने के लिए सरकार ने नगरपालिका शहरी निर्मित प्लान -सुधार नीति 2023 पोर्टल की शुरूआत की है। उन्होंने कहा कि अब ऐसे सभी लोग निर्धारित शुल्क का भुगतान कर अपने आवासीय प्लॉट को व्यावसायिक प्लॉट की श्रेणी में बदल सकेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, बिजली निगमों के अध्यक्ष पी के दास, सेवा विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, सूचना, लोक संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़, उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डॉ साकेत कुमार, हरियाणा कौशल रोजगार निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित खत्री, मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय, चीफ मीडिया कोऑर्डिनेटर सुदेश कटारिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री ने पंचायत कार्यों के लिए लेबर रेट में की बढ़ोतरी

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने ग्राम पंचायतों के समक्ष विकास कार्य करवाने में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए पंचायत कार्यों के लिए लेबर रेट में बढ़ोतरी करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज यहां प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं द्वारा कुछ विकास कार्य टेंडर के माध्यम से तथा 5 लाख रुपये से कम राशि के विकास कार्य विभागीय तौर पर करवाए जाते हैं। पंचायती राज संस्थाओं द्वारा सरकार को विकास कार्य करवाने में आ रही बाधाओं के बारे अवगत करवाया गया था।

## किसान आज करेंगे टोल फ्री

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**

**किसानों** की मांगों को लेकर दिल्ली कूच पर निकले पंजाब के किसानों के समर्थन में हरियाणा के किसानों द्वारा 16 फरवरी को टोल फ्री करने का ऐलान किया गया है। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति हरियाणा की वीरवार को फतेहाबाद में हुई राज्य कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने की। बैठक में किसान संघर्ष समिति द्वारा पंजाब के किसानों के खिलाफ हरियाणा सरकार द्वारा की जा रही दमनात्मक कार्रवाई की कड़े शब्दों में निंदा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के प्रदेशाध्यक्ष मनदीप



नथवान ने कहा कि किसान अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण दिल्ली सरकार को जगाने के लिए निकले हैं लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार जगह-जगह उनके रास्तों में रूकावटें पैदा कर रही है। उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं, आंसू गैंस के गोले छोड़े जा रहे हैं। यही नहीं हरियाणा सरकार ने अपना क्रूर चेहरा दिखाते हुए किसानों पर गोलियां तक चलाने से गुरेज नहीं किया। सरकार के इन हमलों से काफी संख्या में किसानों को चोटें आई हैं। पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि पंजाब के किसानों के समर्थन में किसान संघर्ष समिति द्वारा 16 फरवरी को प्रदेशभर में दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक सभी टोल फ्री किए जाएंगे।

## सुभाष ने सीएम की मौजूदगी में दाखिल किया राज्यसभा उम्मीदवारी का पर्चा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा से राज्यसभा के लिए भाजपा के प्रत्याशी सुभाष बराला के गुरुवार को यहां नामांकन दाखिल करते ही सियासी गलियारों में चर्चा छिड़ गई है कि अब प्रदेश के टोहाना विधानसभा हल्के में जेजेपी कोटे के मंत्री देवेंद्र बबली के साथ उनका शीत युद्ध समाप्त हो जाएगा। सुभाष बराला ने गुरुवार को यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल की मौजूदगी में राज्यसभा के द्वि वार्षिक चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता, शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुर्जर, मंत्री सन्दीप सिंह,बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी भी मौजूद थे।बीते दिन ही भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने विभिन्न राज्यों में होने वाले आगामी राज्यसभा चुनाव को देखते हुए उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इसी कड़ी में हरियाणा से भाजपा ने राज्यसभा का उम्मीदवार सुभाष बराला को बनाया। सुभाष बराला वर्ष 2019 के विधानसभा चुनाव में टोहाना सीट से भाजपा प्रत्याशी के बतौर देवेंद्र सिंह बबली के मुकाबले चुनाव हार गए थे। लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल की पसंद का नेता होने के कारण बराला हरियाणा सार्वजनिक उद्यम ब्यूरो के चेयरमैन बनाए गए। इसके बाद अब राज्यसभा में बराला के प्रवेश का द्वार भी मनोहर लाल ने ही खोला है।

## हमारी नौजवान पीढ़ी देश का भविष्य है: अभय चौटाला

### 'इनेलो की सरकार बनने पर युवाओं की प्रदेश में मुफ्त शिक्षा के साथ-साथ विदेश शिक्षा का खर्च भी सरकार वहन करेगी'

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

**इनेलो** की छात्र इकाई आईएसओ ने वीरवार को सिरसा स्थित चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी में छात्र क्रांति दिवस के रूप में अपना पांचवा स्थापना दिवस मनाया। छात्र क्रांति दिवस का आयोजन आईएसओ के राष्ट्रीय प्रभारी अर्जुन चौटाला और इनेलो युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय प्रभारी कर्ण चौटाला के नेतृत्व में किया गया। इनेलो के प्रधान महासचिव अभय सिंह चौटाला मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान लोकप्रिय पंजाबी गायक मनकीरत औलख और हरियाणवी गायक मासूम शर्मा ने अपनी प्रस्तुती से वहां हजारों की संख्या में मौजूद युवाओं का मन मोह लिया।



अपने संबोधन में अभय सिंह चौटाला ने कहा कि हमारी नौजवान पीढ़ी जो देश का भविष्य है उसने आईएसओ में अपना विश्वास व्यक्त कर एक मजबूत संगठन देने का काम किया है। बड़ी हैरानी की बात है प्रदेश की भाजपा सरकार इस बात को लेकर के बड़े-बड़े विज्ञापन देती है और कहती है कि हम शिक्षा को

**शिक्षा पर बल**

**8 हमारी नौजवान पीढ़ी जो देश का भविष्य है उसने आईएसओ में अपना विश्वास व्यक्त कर मजबूत संगठन देने का काम किया**

बढ़ावा दे रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि हरियाणा प्रदेश जिसकी सीमाएं दिल्ली के तीन तरफ लगती हैं उसमें साक्षर रेट केवल 75 प्रतिशत है जबकि देश का साक्षर रेट कहीं अधिक 86 प्रतिशत है। इसका मुख्य कारण है कि हरियाणा में यूनिवर्सिटी और कॉलेज की कमी है। जब चौ. ओम प्रकाश चौटाला 2000 में मुख्यमंत्री बने तो उस समय सिरसा में केवल एक नेशनल कॉलेज, एक लड़कियों और एक लडकों का कॉलेज होता था। शिक्षा के मामले मे सिरसा सबसे पिछड़ा हुआ इलाका था। उस समय हमारी बेटियों को कैसे अच्छी शिक्षा मिले उसके लिए सबसे पहला लड़कियों के लिए कॉलेज ओडां के ग्रामीण आंचल में खोला गया। जहां बेटियों का कॉलेज बनाया वहीं चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी बनाई, पन्नीवाला मोटा में इंजीनियरिंग कॉलेज और जननायक देवीलाल के नाम से एक एजुकेशन इंस्टीट्यूट भी बनाया जिसमें आज हजारों की संख्या में युवा अपनी अच्छी शिक्षा ले रहे हैं।

## आज का दिन हरियाणा के विकास का ऐतिहासिक दिन होगा: कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**

हरियाणा के स्कूल शिक्षा वन एवं पर्यटन मंत्री कंवर पाल ने जारी बयान में कहा कि 16 फरवरी का दिन विकास की दृष्टि से हरियाणा के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रेवाड़ी के माजरा भालखी गांव में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही 3 बड़ी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। रेवाड़ी से ही हांसी-रोहतक रेलवे लाइन, ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो परियोजना की भी आधारशिला रखेंगे। धर्म नगरी कुरुक्षेत्र के गीता की प्रकट स्थली ज्योतिसर स्थित अनुभव केंद्र का लोकार्पण करेंगे। कवंरपाल ने कहा कि इन परियोजनाओं से हरियाणा के

**आधारशिला**

**8 प्रधानमंत्री माजरा भालखी गांव में एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही 3 बड़ी परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे**

विकास को गति मिलेगी। एम्स के बनने से हरियाणा के अलावा राजस्थान, यूपी और दिल्ली के नागरिकों को भी लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी माजरा की धरती से शुक्रवार को विकसित भारत, विकसित हरियाणा रैली को संबोधित करेंगे।

## भारत बंद को देखते हुए पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

**किसानों** तथा विभिन्न कर्मचारी व ट्रेड यूनियनों की ओर से 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया गया है। बंद व किसान आंदोलन को देखते हुए सिरसा पुलिस ने पुलिस नाकों पर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ा दी है। पुलिस की ओर से डबवाली रोड स्थित खैरेकां के पास घग्गर पुल पर नाका लगाया हुआ है। भारत बंद के दौरान खैरेकां के पास ही किसानों व अन्य संगठनों का जमावड़ा होने की खबर है। इसलिए पुलिस प्रशासन ने इसी नाका पर अतिरिक्त सुरक्षा बढ़ाई है। पुल के पास पहले से ही सीमेंट के ?लॉ?स, कंटेनर,रोड रोलर, कंटीली तारे व पत्थर रखे हुए हैं। हाइवे को पूरी तरह से बंद किया हुआ आज सुबह से ही वहां लगाए गए लोहे के बैरिकेड्स के ऊपर कंटीली तारों की एक दूसरी लेयर लगाई गई है ताकि कोई भी व्यक्ति बैरिकेड्स के ऊपर चढ़कर इस तरफ न आ पाए। नाका पर तैनात पुलिस कर्मचारियों को स्पेशल चश्में दिए गए हैं जो आंसू गैस छोड़ने के वक्त उनकी आंखों की सुरक्षा कर सके। पुलिस का मानना है कि यदि जरूरत पड़ी तो आंसू गैस के गोले छोड़े जा सकते हैं। उस स्थिति में सुरक्षा कर्मियों को कोई दिक्कत न आए, इसलिए उन्हें चश्में दिए गए हैं। उधर बरनाला रोड स्थित गांव मुसाहिबवाला के पास लगाए गए नाका पर भी सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि वहां किसानों या कर्मचारी संगठनों द्वारा कोई धरना-प्रदर्शन करने की खबर नहीं है, फिर भी प्रशासन ने एहतियात के तहत सुरक्षा बढ़ाई है।सिरसा शहर के अंदर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है क्योंकि कर्मचारी संगठन अपने स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। बजारों को बंद कराने का ऐलान किया गया है। बंद के दौरान किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुलिस हर संभव सुरक्षा व्यवस्था पर काम कर रही है। उपायुक्त व एसपी बार-बार लोगों, किसानों व कर्मचारी संगठनों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहे हैं। एसबीआई भारत के चुनाव आयोग को विवरण प्रस्तुत करेगा और इन विवरणों को वेबसाइट पर प्रकाशित करेगा।

## सूरजकुंड मेला परिसर में हुई मेहंदी व नेल पेंटिंग प्रतियोगिताएं

### मेहंदी मुकाबले के जूनियर वर्ग में अनिक्षा तथा सीनियर वर्ग में सुशाला ने मारी बाजी, नेल पेंटिंग प्रतियोगिता में माही व कंचन रहीं अव्वल

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

**सूरजकुंड** अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला हुनर को मंच प्रदान करने में मददगार साबित हो रहा है। मेला परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग स्कूली विद्यार्थियों की विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को तराशने की दिशा में कार्य कर रहा है। गुरुवार को मेहंदी व नेल पेंटिंग की जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं। मेहंदी की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की अनिक्षा ने प्रथम, जैन पब्लिक स्कूल जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद



की सिद्धी गोयल ने द्वितीय तथा सैंट जॉन्स स्कूल सेक्टर-49 फरीदाबाद की शयाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठद माध्यमिक विद्यालय बुढैना फरीदाबाद की सुशीला ने प्रथम, मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद से विशाल ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी स्कूल फरीदाबाद की संचिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार नेल पेंटिंग के जूनियर वर्ग के मुकाबले में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की माही ने प्रथम, विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद की आकृति ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की नियति ने

**कौशल**

**8 विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को तराशने की दिशा में कार्य कर रहा**

तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेल पेंटिंग के सीनियर वर्ग के मुकाबले में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की कंचन ने प्रथम, आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की सोनल ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## न्यूज फ्लैश

### सरकारी स्कूल में महिला टीचर से छेड़छाड़

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। कस्बा** तरावड़ी के सरकारी स्कूल की एक महिला टीचर ने अपने ही स्कूल के पीजीटी टीचर पर मेंटली और सेक्सुअली हैरेसमेंट के गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला टीचर को आज से नहीं, बल्कि बीते 8 सालों से प्रताडित किया जा रहा है। पीड़िता ने प्राइवेट पार्ट्स तक छूने के आरोप पीजीटी अध्यापक पर लगाए हैं। पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी पीड़िता ने सवाल खड़े कर दिए हैं।

पीड़िता का आरोप है कि वह कार्रवाई के लिए पुलिस के पास जाती है तो पुलिस उसे छेडखानी के सबूत लाने के लिए कहती है। हालांकि पुलिस का कहना है कि टीचर की शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

32 वर्षीय पीड़िता का कहना है कि आरोपी टीचर ईशम सिंह की उम्र करीब 55 साल है और वह मेरे बाप की उम्र का है। वह 2014 से इस स्कूल में है और वह 2016 में स्कूल में आइटी ट्रेनर लगी थी। चूंकि आरोपी के पास डीडीओ का भी चार्ज रहता है और जब प्रिंसिपल स्कूल में नहीं होते तो स्कूल की इंचार्जशिप भी आरोपी के पास ही होती है। अपनी पावर का वह गलत इस्तेमाल करता है और बेवजह का दबाव बनाकर छेडखानी करता है। यहां तक कि अश्लील हरकतें करने से भी पीछे नहीं हटता।

### अंडर आर्मर चंडीगढ़ फास्ट मैराथन 18 फरवरी को



**चंडीगढ़:** राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अंडर आर्मर फास्ट मैराथन का चंडीगढ़ संस्करण 18 फरवरी को आयोजित किया जायेगा जिसमें देश भर के कोने कोने से मैराथन रनर्स जुटेंगें। इस आयोजन में एथलीट फुल मैराथन और हाफ मैराथन में भाग लेंगें जोकि सेक्टर 1 स्थित चंडीगढ़ कल्ब से शुरू होगी। रेस आयोजक विकास सिंह ने बताया कि इस विश्वस्तरीय मैराथन का फोकस परफोरमेंस पर अधारित होता है जिसे लोंग डिस्टेंस रनर्स के लिये ही तैयार किया जाता है। अंडरडोग एथलेटिक्स के प्रबंधन निदेशक तुषार गोकुलदास ने इस सहभागीदारी पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कि हम एथलीटों को अपना पर्सनल बेस्ट व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल करने के लिये सशक्त बनाने में विश्वास करते हैं और अंडर आर्मर चंडीगढ़ फास्ट मैराथन ऐसा ही करने लिये तैयार है।

जैसे जैसे लंबी दूरी की दौड़ पूरे भारत में लोकप्रियता हासिल कर रही है, वैसे वैसे प्रतिष्ठित ग्लोबल मैराथन में भी भारतीय धावक अपनी रुचि दिखा रहे हैं। भारतीय धावक विश्व की छह प्रसिद्ध प्रमुख मैराथंस - न्यूयॉर्क, शिकागो, बोस्टन, बर्लिन, टोक्यो और लंदन में भाग लेने का दम रखते हैं। हालांकि इन प्रतिष्ठित आयोजनो में प्रवेश पाने के लिये आमतौर पर ऐसी सर्टिफाईड रेस में क्वालीफाई टाइम की जरुरत होती है जो कि अंडर आर्मर फास्ट मैराथन आयोजन पूरा करते हैं।

# मोदी की गारंटी के अनुसार जनता के घर तक पहुंचाएं योजनाओं का लाभः संजय भाटिया

## 203 वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को वितरित किए जीवन सहायक उपकरण

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। सामाजिक** न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की ओर से राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए जीवन सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन स्थानीय जिला रेडक्रॉस सोसाईटी के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद संजय भाटिया ने शिरकत की और उन्होंने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का



शुभारंभ किया। सांसद संजय भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि बुजुर्गों के संघर्ष व आशीर्वाद के कारण ही सभ्य समाज की स्थापना हुई है और देश व प्रदेश तरक्की के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बुजुर्गों के स्वस्थ जीवन और लंबी आयु की कामना की। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजकों को सुझाव दिया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुसार सरकार की योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों के घर तक पहुंचाएं। सांसद ने इस कार्यक्रम में एलिम्कों की ओर से करीब 203 नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को व्हीलचेयर, कान की मशीन, कम्बोड़ चेयर, कमर की बैल्ट, छड़ी, वॉकर, घुटने का ब्रेस, चश्मा इत्यादि वितरित किए गए। कार्यक्रम में एलिम्कों कानपुर के प्रतिनिधि संजय गिरि ने बताया कि एलिम्को तथा जिला रेडक्रॉस सोसाईटी के सहयोग से वर्ष 2022-2023 में वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों के लिए जीवन सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से ब्लॉक स्तर पर आंकलन शिविरों का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग 700 व्यक्तियों को चयनित किया गया था। वर्ष 2023 में एलिम्कों द्वारा तिपहिया साईकिल, तिपहिया मोटराइज्ड साईकिल, श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर तथा कृत्रिम अंग इत्यादि वितरित किए गए थे, जिन पर लगभग 2 करोड़ 10 लाख रूपए की राशि खर्च हुई थी।

## एक हजार छात्रों को एल्बेनडाजोल टैबलेट खिलाई गई



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**एसडी** पीजी कॉलेज में नेशनल डीवोर्मींग डे राष्ट्रीय कृमी दिवस पर कॉलेज एनएसएस यूनिट्स और सिविल हॉस्पिटल के सहयोग से लगभग एक हजार छात्र एवं छात्राओं को डीवोर्मींग की एल्बेनडाजोल टेबलेट खिलाई गई। कॉलेज एनएसएस यूनिट के तत्वाधान में आयोजित अभियान में स्वयंसेवकों ने रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और झुग्गी-झोपडि?ों में जाकर वहां पर रह रहे बच्चों को भी यह टेबलेट वितरित की। कार्यक्रम का विधिवत आरम्भ कॉलेज प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने बच्चों विशेषकर छात्राओं को प्रेरित करने हेतू स्वयं एक टेबलेट खाकर किया । इस अवसर पर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ.राकेश गर्ग, डॉ.संतोष कुमारी, प्रो.मनोज कुमार उपस्थित रहे। जिन्होनें छात्र.छात्राओं को डीवोर्मींग के फायदों के बारे में विस्तार से बताया और उनके मन में व्याप्त शंकाओं का निवारण किया।

## स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**जीटी** रोड स्थित स्थानीय आई बी पी जी महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग, एन सी सी तथा एनएसएस इकाई द्वारा स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग जी ने 17 से 19 वर्ष के लगभग 600 विद्यार्थियों को एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाई । उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि यह मुहिम सरकार द्वारा लगभग सभी स्कूलों व कॉलेज में 15 फरवरी 2024 से 20 फरवरी 2024 तक चलाई जा रही है । इस गोली के सेवन से पेट की बीमारियों को दूर किया जा सकता है । निरोगी काया इंसान का पहला सुख होता है । इसके चलते-प्रति दिन योग व व्यायाम करना चाहिए । फास्ट फूड के बजाय पौष्टिक भोजन का सेवन करना चाहिए। एनएसएस के स्वयंसेवकों व एनसीसी के कैडेट्स ने अलग-अलग कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों को यह टेबलेट खिलाई। एनएसएस एनसीसी के अध्यक्ष डॉ योगेश व लेफ्टिनेंट राजेश कुमार जी ने कहा कि इस गोली के सेवन से पेट में यदि कोई समस्या है तो वह ठीक हो जाती है।

## राजेश खन्ना ने दो गोल्ड मेडल सहित जीते चार पदक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। करनाल** के होनहार एथलीट राजेश खन्ना ने 5वीं राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2024 में 4 पदक हासिल किए हैं। उन्होंने 4 गुणा 100 मीटर रिले रेस में और 4 गुणा 400 मीटर रिले रेस में गोल्ड मेडल और 2 ब्रांज मेडल 200 मीटर और 400 मीटर रेस में 50 प्लस केटेगरी में जीते। यह प्रतियोगिता हैदराबाद (तेलंगाना) में 8 फरवरी से 11 फरवरी को संपन्न हुई। इसमें 22 राज्यों की टीमों के 2500 खिलाडियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में हरियाणा तीसरे स्थान पर रहा है। राजेश खन्ना की इस उपलब्धि से खुशी का माहौल है। राजेश खन्ना भारतीय वायु सेना से रिटायर्ड हैं। फिलहाल वह एल्डिको कंपनी पानीपत में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं।

## सरपंच एसोसिएशन ने किया किसानों का समर्थन

### गांव में नहीं होने देंगे भाजपा-जजपानेताओं की एंट्री, करेंगे बहिष्कार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

हरियाणा सरपंच एसोसिएशन ने किसानों का समर्थन कर दिया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रणबीर सिंह ने कहा कि किसानों के साथ सरकार द्वारा ज्यादती की जा रही है। एसोसिएशन किसानों के साथ है और मीटिंग करके फैसला लिया गया है कि किसी भी पंचायत में न तो भाजपा के नेता और न ही जजपा के नेता को घुसने दिया जाएगा। इनका बहिष्कार किया जाएगा।



उन्होंने कहा कि हमें हाईकोर्ट पर पूर्ण विश्वास है कि किसानों के हक में फैसला होगा। कोर्ट से भी अनुरोध है कि किसानों को प्रदर्शन करने का अधिकार दिया जाए, ताकि वे सरकार से अपनी मांगों को मनवा सकें। उन्होंने किसान संगठनों से भी आह्वान किया है कि किसानों का साथ दें, क्योंकि 70 प्रतिशत आबादी में किसान और मजदूर ही हैं, लेकिन सरकार इन पर अत्याचार कर रही है और इनके साथ खड़े हों।

उन्होंने बताया कि हरियाणा का शंभू बॉर्डर किसानों और पुलिस फोर्स के लिए किसी जंग के मैदान से कम नहीं है। दो दिन से पुलिस ने अपने इंतजामों के बल पर किसानों को शंभू बॉर्डर पर ही रोका हुआ है।

किसान बैरिकेडिंग तोडने की कोशिश करते हैं, लेकिन उसी दौरान टियर गैस किसानों के मंसूबों को नेस्तनाबूद कर देती है। शंभू बॉर्डर के बाद शाहबाद के पास भी पुलिस प्रशासन ने किसानों के लिए पक्का नाका लगा दिया है।

## केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग हो रहा लाभान्वितः रामकुमार कश्यप

### गांव कुंजपुरा में 2.50 एमएलडी मल शोधन संयंत्र व सीवरेज एवं पानी की लाईन बिछाने के कार्य का किया शिलान्यास

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस**

**इंद्री** विधायक रामकुमार कश्यप ने वीरवार को गांव कुंजपुरा में महाग्राम योजना के अंतर्गत जन-स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हरियाणा की ओर से 2.50 एमएलडी मल शोधन संयंत्र व सीवरेज एवं पानी की लाईन बिछाने के कार्य का शिलान्यास किया। इस कार्य के पूरा होने पर करीब 25 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। विधायक रामकुमार कश्यप ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त परियोजना के पूरा होने से कुंजपुरा गांव के लोगों को स्वच्छ पेयजल तथा सीवरेज की सुविधा का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि उक्त



परियोजना के अंतर्गत पीने के पानी के पाईप लाईन कार्य पर 5 करोड़ रुपए तथा 20 करोड़ रुपए की राशि से मल शोधन संयंत्र का निर्माण कार्य करवाया जाएगा। हरियाणा सरकार की महाग्राम योजना से अब गांव के लोगों को भी शहर जैसी मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं से हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है। आज विश्व के

**सम्मान**

**8 विश्व के दूसरे देशों में सराहना हो रही है। इससे हर भारतीय का दुनिया में मान-सम्मान बढ़ा**

दूसरे देश भारत की ओर मदद की दृष्टि से देखते हैं। केन्द्र सरकार की नीतियों एवं योजनाओं की विश्व के दूसरे देशों में सराहना हो रही है। इससे हर भारतीय का दुनिया में मान-सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में सरकार ने प्रदेश में विकास एवं जनहित नीतियों को लागू करके नित नए-नए आयाम स्थापित कर बड़ा ही कीर्तिमान स्थापित किया है।

इस मौके पर ब्लॉक समिति चैयरमैन रूप कुमार, सरपंच प्रतिनिधि महेंद्र सिंह, पूर्व चैयरमैन ईलम सिंह, पूर्व सरपंच विजय कुमार, निशांत पाहवा, ब्लॉक समिति सदस्य रमेश, सुशील राणा, दीपक वर्मा, अंकुश खन्ना, शुभम उप्पल, सुरेंद्र वजीदपुर, राजेश प्रजापति प्रधान, कर्मबीर कल्याण महामंत्री, एसडीओ पब्लिक हैल्थ गौरव, सतीश राणा मैनमती, रामलाल वाल्मीकि, सविता चौधरी सेक्रेटरी, पंकज चावला सरपंच जडौली, इंद्राज कश्यप मौजूद रहे।

## ईमानदारी से भ्रष्टाचार खत्म करें शीर्षक पर हुई चित्रकला प्रतियोगिता

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा राजकीय कन्या विद्यालय रेलवे रोड में भ्रष्टाचार मुक्त भारत-ईमानदारी से भ्रष्टाचार खत्म करें, शीर्षक पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन प्रोजेक्ट इंचार्ज डॉ. निशा गुप्ता, राष्ट्रीय अध्यक्ष, महिला प्रकोष्ठ एंव राखी गर्ग, राष्ट्रीय मुख्य निदेशक, महिला प्रकोष्ठ की देखरेख में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा व राष्ट्रीय महासचिव पवन शर्मा ने की। प्रतियोगिता में सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल डॉ निशा गुप्ता, राखी गर्ग व शैली शर्मा ने सत्यनिष्ठा से अपना रिजल्ट निकाला। प्रथम पुरस्कार इकत्तीस सौ रुपए सलोनी, द्वितीय पुरस्कार इक्कीस सौ रुपए जिया व तृतीय पुरस्कार ग्यारह सौ रुपए तान्या को मिला, सभी प्रतिभागियों को उपहार एंव सर्टिफिकेट प्रदान किए गए।

नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के प्रोजेक्ट आयोजित किए जाते हैं, जिससे लोग जागरूक होते हैं। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में सच्चाई व ईमानदारी की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कृष्णा गुप्ता, सावी चौधरी, अजीत राही, शैली शर्मा, सतीश मल्होत्रा, कविता मल्होत्रा, डॉ. अमरजीत कौर कोहली, अनिल कुमार मदान, फिरदौस अली, अनीता शर्मा भारद्वाज, नमना अहलावत, डॉ. हर्ष सेठी, डॉ. स्वर्णलता काठपाल, रेखा, ममता, मधु पाठक, हरप्रीत कौर, मुकेश कुमार हरजिंदर कौर आदि उपस्थित रहे।

## गणित व विज्ञान सी.पी. एस ओलम्पियाड में ओम शांति स्कूल के छात्र सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/राई।**

**ओम** शांति शिक्षा सदन में आयोजित कार्यक्रम में गणित व विज्ञान सी.पी. एस ओलम्पियाड के विजेता प्रतिभागियों को पदक व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने बताया कि ओलंपियाड की परीक्षा नवंबर माह में आयोजित हुई थी, जिसमें स्कूल के छात्रों ने गणित व विज्ञान विषय में भाग लिया था। गणित विषय में 13 स्वर्ण पदक, 28 रजत पदक एवं कास्य पदक



औरविज्ञान विषय में 12 स्वर्ण पदक, 8 रजत पदक, 9 कांस्य पदक जीतकर स्कूल का नाम रौशन किया। विजेता छात्रों को स्कूल के निदेशक योगराज भारद्वाज व प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता ने पदक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## चोरों ने बंद मकान के ताले तोड़ लगाई सेंध

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** करनाल में चोरों ने एक मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर अलमारी के ताले तोडकर करीब 12.50 लाख के गहनों पर हाथ साफ कर गए। घटना के वक्त घर पर कोई नहीं था। मकान मालिक अपनी पत्नी के साथ बेटी को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोड? के लिए गए हुए थे। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जुंडला गेट निवासी राजेंद्र कुमार माटा की बेटी कनाडा में जॉब करती



है। इंद्री में राजेंद्र की बहन के बेटे की शादी थी और वह भी शादी में हिस्सा लेने के लिए कनाडा से आई हुई थी। राजेंद्र कुमार ने बताया कि 14 फरवरी को उसकी बेटी की फ्लाइट थी। चूंकि किसान आंदोलन के कारण रास्तों को डायवर्ट किया गया है, इसलिए वह 12 फरवरी की देर रात सवा 10 बजे ही अपनी बेटी को दिल्ली एयरपोर्ट पर छोडने के लिए रवाना हो गए थे। राजेंद्र ने बताया कि वह 14 फरवरी की शाम को घर लौट आए थे। जैसे ही उन्होंने घर में एंट्री की तो घर के ताले टूटे मिले। वह दौडकर ऊपर वाले कमरों में पहुंचे। जहां अलमारी का ताला टूटा हुआ था और लॉकर का भी ताला टूटा पड़ा था। लॉकर के अंदर 20 तोले सोने के आभूषण व 500 ग्राम चांदी थी, जिसमें चांदी के सिक्के व मूर्ति शामिल हैं। इसके अतिरिक्त कुछ कैश भी अलमारी में रखा हुआ था, उसे करीब साढ़े 12 लाख से ज्यादा का नुकसान हुआ है। उसने बताया कि वह ऊपर वाले कमरों में मोटे-मोटे ताले लगाकर गया था, लेकिन ताले ही गायब मिले और मेन गेट का भी ताला नहीं मिला। चोर तालों को भी अपने साथ लेकर गए हैं।

शिकायतकर्ता ने बताया कि वह प्राइवेट जॉब करता था और रिटायर्ड हो चुका है, जबकि उसकी पत्नी प्राइवेट स्कूल में जॉब करती है और बेटा मोहाली में जॉब करता है, जबकि बेटी कनाडा में जॉब कर रही है। बेटी की शादी के लिए गहने रखे हुए थे, ताकि शादी के वक्त यह काम आ सकें।

## सर्वकर्मचारी संघ ने किया प्रदर्शन बाइक रैली निकालकर किया किसानों का समर्थन

### महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने करनाल में बाइकों के काफिले के साथ रोष प्रदर्शन किया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। हरियाणा** सर्व कर्मचारी महासंघ ने किसानों के समर्थन में 16 फरवरी को भारत बंद का ऐलान किया है। महासंघ से जुड़े कर्मचारियों ने करनाल में बाइकों के काफिले के साथ रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारी लंबे समय से अपनी मांगों के लिए आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार ने कर्मचारियों की आज तक कोई सुनवाई नहीं की। जिससे रोषित कर्मचारियों ने भारत बंद का ऐलान कर दिया और कल होने वाली हड़ताल के लिए सरकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा।

बिजली विभाग के दफ्तर से




महासंघ ने अपनी बाइक रैली शुरू की। सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। बाइक रैली अलग-अलग विभागों के कार्यालयों में पहुंचकर कर्मचारियों को भारत बंद का न्योता दिया जाएगा।

महासंघ के नेताओं का कहना है कि संयुक्त किसान मोर्चा और ट्रेड यूनियन के आह्वान पर अपनी मांगों को लेकर भारत बंद का ऐलान

**विरोध**

**8 भारत बंद का ऐलान कर दिया और कल होने वाली हड़ताल के लिए सरकारी कर्मचारियों को प्रेरित किया जाएगा**

किया गया है। किसानों ने कहा है हम भारत बंद करेंगे, उसी प्रकार कर्मचारियों की फेडरेशन हड़ताल करेगी। चाहे इसमें केंद्र सरकार से जुड़ा कर्मचारी हो या फिर राज्य सरकार से जुड़ा कर्मचारी हो। हम सभी मिलकर हड़ताल करेंगे। उन्होंने कहा कि हड़ताल का कारण सरकार की नीतियां है।

महासंघ के नेता सुशील गुर्जर ने कहा कि सरकार कर्मचारियों के विरोध में, मजदूरों के विरोध में और किसानों के विरोध में नीतियां तैयार करती है। चाहे वह शिक्षा नीति की बात हो या फिर ट्रांसपोर्ट बिल की बात हो। सरकार लगातार ऐसी नीतियां लेकर आती है, जो कर्मचारियों या फिर किसानों के गले नहीं उतरती। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार निजीकरण करती आ रही है, कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा और सरकारी ढांचे को खत्म करने का मन सरकार बना चुकी है। जिसको लेकर अब हमारी यूनियन एक दिन की हड़ताल करेगी और प्रदर्शन करेगी।

## तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस। करनाल** के सदर थाना क्षेत्र में तीन बच्चों की मां प्रेमी संग फरार हो गई। विवाहिता के पति ने गांव के युवक पर ही पत्नी को बहला फुसलाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने बताया कि 6 साल पहले उसकी शादी हुई थी। पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज महिला की तलाश शुरू कर दी है।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि शादी के बाद उनको तीन बच्चे हुए हैं। हमारा किसी भी प्रकार का कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं था। लेकिन गांव के आरोपी युवक व उसके परिवार के लोगों ने उसकी पत्नी को बहलाया फुसलाया है। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि

**तलाश**

**8 पीड़ित पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है**

बुधवार को वह हर रोज की तरह सुबह काम पर गया था। घर पर उसकी पत्नी व बच्चे थे। शाम को करीब 7 बजे जब वह घर पर आया तो तीनों बच्चे घर पर अकेले थे और रो रहे थे। लेकिन उसकी पत्नी घर नहीं थी। इसके बाद उसकी तलाश की गई, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग पाया। अपनी पत्नी को सभी जगह तलाश करने के बाद जब वह आरोपी के घर गया तो वह घर पर नहीं था और उसका फोन भी बंद आ रहा है। आरोपी के परिवार के लोगों ने मिलकर ही उसकी पत्नी को युवक के साथ भेजा है।

पीड़ित पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी युवक की मां, दादी, चाचा, चाची व दादा को पता है कि आरोपी उसकी पत्नी को लेकर कहां गया है। पीड़ित ने पुलिस से युवक के परिजनों से सख्ती पूछताछ करने की गुहार लगाई है, ताकि उसकी पत्नी बच्चों के पास वापस घर आ सके। सदर थाना के जांच अधिकारी नरेश कुमार ने बताया कि पीड़ित पति की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है। जल्द ही महिला का पता लगा लिया जाएगा।

## संपादकीय

# एक राष्ट्र एक चुनाव' बड़ा विचार-बड़ा सुधार

**देश में** गंभीर तार्किक एवं अन्य चुनौतियों के बावजूद लोकसभा और राज्यों के विधानसभा चुनाव एक साथ कराने का विचार दशकों से चर्चा के केंद्र में है। इसका मकसद भारतीय चुनाव चक्र की अनावश्यक पुनरावृत्ति को रोकना है। हालांकि वर्ष 1967 तक 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा के तहत देश में चुनाव हुए हैं, लेकिन कार्यकाल समाप्त होने से पहले राज्यों की विधानसभा और लोकसभा के बार-बार भंग होने के कारण यह सिलसिला थम गया। इसके बावजूद लोकसभा चुनाव के साथ कुछ राज्यों मसलन आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम के विधानसभा चुनाव अभी भी साथ होते हैं। आज 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की अवधारणा कुछ कारणों से अपरिहार्य हो गई है। केंद्र सरकार कुछ समय पहले इस संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय समिति का गठन कर चुकी है। यह समिति इस संबंध में व्यापक मंथन कर रही है।

इस अवधारणा पर अगस्त 2018 में जारी विधि आयोग की एक मसौदा रिपोर्ट बेहद महत्वपूर्ण है। इस रिपोर्ट के अनुसार, 'एक राष्ट्र एक चुनाव' के अभ्यास से सार्वजनिक धन की बचत होगी। प्रशासनिक व्यवस्था और सुरक्षा बलों पर पड़ने वाले तनाव को कम किया जा सकेगा। इससे सरकारी नीतियों का समय पर कार्यान्वयन संभव होगा। चुनाव प्रचार के बजाय विकास गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न प्रशासनिक सुधार किए जा सकेंगे। यहां यह महत्वपूर्ण है कि संविधान के अनुच्छेद 83(2) और अनुच्छेद 172 में कहा गया है कि लोकसभा और राज्यों की विधानसभा का कार्यकाल पांच वर्ष का होगा। इसमें जरूरी यह है कि यदि इन्हें पहले भंग न किया जाए। मगर अनुच्छेद 356 के तहत ऐसी परिस्थितियां भी उत्पन्न हो सकती हैं जिसमें विधानसभाएं पहले भी भंग की जा सकती हैं। इसलिए कार्यकाल पूरा होने से पहले केंद्र अथवा राज्य सरकार के गिरने की स्थिति में इस योजना की व्यवहार्यता सबसे अहम प्रश्न है। चुनाव विशेषज्ञ मानते हैं कि इस बदलाव के लिए संविधान में संशोधन करने से न केवल विभिन्न स्थितियों और प्रावधानों पर व्यापक तौर पर विचार करने की आवश्यकता होगी, बल्कि ऐसे बदलाव भविष्य में किसी प्रकार के संवैधानिक संशोधनों के लिए एक मिसाल भी साबित हो सकते हैं। कुछ विशेषज्ञ कहते हैं कि बार-बार होने वाले चुनाव के वर्तमान स्वरूप को लोकतंत्र में अधिक लाभकारी के तौर पर देखा जा सकता है, क्योंकि यह मतदाताओं की आवाज को बुलंद करता है। केंद्र और राज्यों के मुद्दे अलग-अलग होते हैं। इसलिए वर्तमान ढांचा अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करता है।

माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव के लिए लगभग 30 लाख इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वोटर-वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होगी। भारत निर्वाचन आयोग वर्ष 2015 में सरकार को एक व्यवहार्यता रिपोर्ट सौंप चुका है। इसमें संविधान और लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 में संशोधन का सुझाव दिया जा चुका है। आयोग ने रिपोर्ट में कहा कि एक साथ चुनाव कराने के लिए पर्याप्त बजट की आवश्यकता होगी। यही नहीं, 15 वर्ष बाद मशीनों को बदलने की अतिरिक्त लागत के साथ ईवीएम और वीवीपीएटी की खरीद के लिए लगभग 9,284.15 करोड़ रुपये की आवश्यकता होगी।

# किसान आंदोलन बीच का कोई रास्ता निकलेगा

**रोहित माहेश्वरी**

> "इस बीच कांग्रेस की तरफ से एमएसपी को लेकर कानूनी गारंटी का वादा किया जा रहा है। खास बात है कि जब कांग्रेस नीत यूपीए सत्ता में थी तब उन्होंने एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने से इनकार कर दिया था। उस समय मनमोहन सिंह सरकार ने स्वामीनाथन समिति की सिफारिश को अस्वीकार कर दिया था।
> इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए था। उनका तर्क था कि एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच इस तरह का संबंध बाजार को विकृत कर सकता है। तत्कालीन कृषि और खाद्य राज्य मंत्री केवी थॉमस ने 2010 में कहा था कि कुछ मामलों में एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच एक यांत्रिक संबंध ठीक नहीं हो सकता है"

**किसानों** के दो बड़े संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली चलो का नारा दिया है, वहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फरवरी को एक दिन का ग्रामीण भारत बंद करने का आह्वान किया है। दो साल पहले दिल्ली के बॉर्डर पर धरने पर बैठे किसानों का आंदोलन इतना मुखर था कि नरेंद्र मोदी सरकार को कृषक उपज व्यापार और वाणिज्य (संवर्धन और सरलीकरण) कानून -2020, कृषक (सशक्तीकरण व संरक्षण) कीमत आश्वासन और कृषि सेवा पर करार कानून 2020 और आवश्यक वस्तुएं संशोधन अधिनियम 2020 को रद्द करना पड़ा था। किसानों को डर था कि सरकार इन कानूनों के जरिए कुछ चुनिंदा फसलों पर मिलने वाले न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का नियम खत्म कर सकती है और खेती-किसानी के कॉरपोरेटाइजेशन (निगमीकरण) को बढ़ावा दे सकती है। इसके बाद उन्हें बड़ी एग्री-कमोडिटी कंपनियों का मोहताज होना पड़ेगा। इन कृषि कानूनों के रद्द होने के बाद किसानों ने भी अपना आंदोलन वापस ले लिया था। उस दौरान सरकार ने उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देने का वादा किया था। इसके साथ ही उनकी कुछ और मांगों को भी पूरा करने का वादा किया गया था।

सरकार की ओर से किसानों से बातचीत के लिए कृषि और किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की कमेटी बनाई गई। हाल ही में इन मंत्रियों की किसानों के साथ दो बार बातचीत हुई, जो बेनतीजा रही। इसके बाद ही किसान संगठनों ने यह फैसला लिया कि 13 फरवरी को वो दिल्ली कूच करेंगे। इस बार किसानों ने जो मांगे रखी हैं, उन्हें पूरी तरह मान लेना शायद किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं होगा। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाने में क्या दिक्कत आ रही हैं, इन पर व्यापक रूप से विचार विमर्श करने की जरूरत है। इसके लिए एक आयोग या समिति का गठन करना होगा जिसमें किसान संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल किए जाएं। फिलहाल 23 कृषि उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरे में है और किसान मांग कर रहे हैं कि समर्थन मूल्य पर सभी फसलों को शामिल किया जाए। एक बात यह भी ध्यान देने योग्य है कि फसलों की किस्म, गुणवत्ता, पोषक



तत्व, लागत आदि से फसल की कीमतें तय होती हैं। यदि खराब गुणवत्ता की उपज को भी समर्थन मूल्य पर खरीदने की बाध्यता होगी तो यह सरकार के लिए असहज स्थिति हो सकती है। सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले खाद्यान्न राशन कार्ड धारक गरीबों को रियायती दरों पर दिया जाता है। इसके अलावा देश के करीब 80 करोड लोगों को भी 5 किलोग्राम प्रति माह खाद्यान्न दिया जा रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य का कानून बनाए जाने से हो सकता है अधिकांश किसान वही फसल लगाएंगे जिनका उत्पादन अधिक होता है । इससे देश में खाद्यान्न की उपलब्धता में असमानता होने से जमाखोरी को बढ़ावा मिलेगा । आम उपभोक्ताओं को भी अधिक कीमत चुकानी पड़ सकती हैं। इसके अलावा गरीबों को रियायती और मुफ्त में दिये जाने वाले खाद्यान्नों की कमी का भी सामना करना पड़ सकता है। जहां तक किसानों के कर्ज को माफ करने की बात है, इस पर भी व्यापक चिंतन करने की जरूरत है। यह देखा गया है कि देश के लघु और सीमांत किसानों की तुलना में बड़े किसानों पर अधिक कर्ज होता है। कर्ज का ब्याज माफ करना तो समझ में आता है लेकिन पूरा कर्ज माफ करने से ब्याज और मूल नहीं चुकाने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिल रहा है। इससे संपन्न और सक्षम किसान भी कर्ज नहीं चुकाते हैं, यह सोचकर कि सरकार तो कर्ज माफ कर ही देगी । कर्ज माफी के बजाय सरकार को बिजली, दवाई, बीज, कृषि यंत्र, खाद आदि पर और रियायत दें तो लागत में कमी आ सकती है। वर्तमान में लागत में अत्यधिक वृद्धि होने से किसानों को मुनाफा बहुत कम हो रहा है जिसके कारण कर्ज लगातार बढ़ रहा है । किसान 60 वर्ष से अधिक आयु होने पर 10000 रुपए प्रति माह पेंशन की भी मांग कर रहे हैं। देश में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से हर साल 10 करोड़ से अधिक किसानों को 6000 रुपए तीन किस्तों में दिए जा रहे हैं। 10000 रुपए महीने पेंशन की मांग तो शायद किसी भी सरकार के लिए संभव नहीं होगा। हां पात्र किसानों को पेंशन दी जा सकती है लेकिन किसानों की मांग यहीं थम जाएगी, इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। इस किसान आंदोलन से ऐसे अनेक सवाल सामने आ गए हैं जिनका त्वरित निराकरण करना जरूरी है। 2020 में किसान आंदोलन शांतिपूर्ण ढंग से संपर्क हो गया था लेकिन इस बार जैसे-जैसे समय बढ़ेगा, देश के अन्य किसान संगठन के इस आंदोलन से जुड़ने की आसार बढ़ेंगे। किसानों की तरफ से एमएसपी को लेकर कानून बनाए जाने की मांग को लेकर आंदोलन किया जा रहा है।

इस बीच कांग्रेस की तरफ से एमएसपी को लेकर कानूनी गारंटी का वादा किया जा रहा है। खास बात है कि जब कांग्रेस नीत यूपीए सत्ता में थी तब उन्होंने एमएसपी को लेकर स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू करने से इनकार कर दिया था। उस समय मनमोहन सिंह सरकार ने स्वामीनाथन समिति की सिफारिश को अस्वीकार कर दिया था।

इसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य उत्पादन की भारित औसत लागत से कम से कम 50 प्रतिशत अधिक होना चाहिए था। उनका तर्क था कि एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच इस तरह का संबंध बाजार को विकृत कर सकता है।

तत्कालीन कृषि और खाद्य राज्य मंत्री केवी थॉमस ने 2010 में कहा था कि कुछ मामलों में एमएसपी और उत्पादन लागत के बीच एक यांत्रिक संबंध ठीक नहीं हो सकता है। सरकार का मानना था कि कृषि लागत और मूल्य आयोग ने ऑब्जेक्टिव मानदंडों और विभिन्न कारकों के आधार पर एमएसपी की सिफारिश की है। हाल ही में, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेताओं ने सत्ता में आने पर एमएसपी की गारंटी देने वाले कानून को पारित करने का संकल्प लिया। कुछ दिन पहले राहुल गांधी ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी देश के लिए फैसले लेती है, न कि राजनीति के लिए, एमएसपी पर कानूनी गारंटी के वादे पर आलोचना का जवाब देते हुए। उन्होंने यह भी बताया कि यूपीए सरकार ने स्वामीनाथन समिति द्वारा की गई 201 में से 175 सिफारिशों को लागू किया था। किसान, समिति की सिफारिशों के आधार पर, सीटू प्लस 50 फॉमूर्ले को लागू करने की मांग कर रहे हैं, जिसमें एमएसपी द्वारा कवर की गई 23 फसलों के लिए उत्पादन की व्यापक लागत शामिल है। हालांकि, सरकार ने कहा है कि कोई भी प्रतिबद्धता बनाने से पहले इस मुद्दे की विस्तार से जांच करने की जरूरत है। विपक्षी राजनीतिक दल भी आंदोलन को हवा देंगे जिससे देश में अराजकता का माहौल पैदा होने की आशंका है। केंद्र सरकार को बहुत ही संयम से काम लेना होगा और किसान संगठनों से निरंतर संवाद बनाए रखकर इसका जितने जल्दी हो सके स्थायी समाधान करने के प्रयास करने होंगे। क्योंकि संवाद और आपसी सहमति से ही कोई रास्ता निकलेगा। किसानों को भी उचित-अनुचित मांगों पर पुनर्विचार करना होगा। किसान और सरकार दोनों, एक दूसरे के स्थान पर अपने आप को रखकर देखें कि यदि हम उनके स्थान पर रहते तो क्या व्यावहारिक हल होता। संभव है कोई ना कोई बीच का रास्ता जरूर निकलेगा और किसान आंदोलन छोड़कर फिर से अपने खेतों की ओर रुख करेंगे। इसी में खेती किसानी और देश की भलाई है।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव
---------

# भारतवर्ष का सनातनी, वैदिक ज्ञान

**संजीव**

**भारतवर्ष** सदैव आध्यात्मिक और वैदिक भारत के रूप में संपूर्ण विश्व में जाना जाता रहा है। अध्यात्म से जुड़े हुए हमारे ऐतिहासिक महापुरुषों के कारण भारत सदैव आदर की दृष्टि से देखा जाता है। अध्यात्म और नैतिक शिक्षा भारत के लिए एक बहुत बड़ी पूंजी तथा संपत्ति है, जो हमें विरासत में प्राप्त हुई है। आध्यात्मिकता के दम पर ही भारत ने विश्व में वैदिक शास्त्र, अध्यात्म का परचम लहराया है। वैदिक दर्शन और अध्यात्म दर्शन भारतीयता का ऐतिहासिक परिचायक है। आध्यात्मिक शक्ति एवं वैदिक ऊर्जा के कारण भारत के महापुरुष सदैव सच्चरित्र और ब्रह्मचर्य का पालन करते आए हैं। हमारे ऋषि-मुनियों ने भी सत चरित्र को अपने जीवन का अंग बना कर अनेक वैदिक ग्रंथों की रचना भी की है जो प्रत्येक भारतीय जनमानस के लिए मार्गदर्शक ग्रंथ बन गए हैं। रामकृष्ण परमहंस, मां शारदा, विवेकानंद, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं अनेक ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने सत्चरित्र और अध्यात्म के दम पर भारत को विश्व में सर्वोच्च मुकाम भी दिलाया है। आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने कहा है की सच्चरित्र केवल एक व्यक्ति का ना होकर संपूर्ण राष्ट्र का होना चाहिए। अनेक यूरोपीय विद्वानों ने और भारतीय अध्यात्म के मनीषियों ने सत और चरित्र को अपने जीवन में आत्मसात करने के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए और दोनों को मिलाकर सत्चरित्र शब्द को बड़े विस्तार से समझाया है। अध्यात्म और योग शक्ति ही मनुष्य को सच्चरित्र बनाने में हमेशा मददगार रही है क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति की एकाग्रता तथा ज्ञान में वृद्धि होकर मन ईश्वर के प्रति श्रद्धानवत होता है और ईश्वर के प्रति जो व्यक्ति अगाध श्रद्धा रखता है वह सदैव अपने चरित्र के प्रति विशेष सावधान रहकर सच्चरित्र व्यक्तित्व ही बनाता है।

यह कहावत एकदम सत्य प्रतीत होती है की "सद्गुण है सच्ची संपत्ति दुर्गुण बड़ी विपत्ति" यह तो निश्चित है की सदाचारी परोपकारी संयमशील, इमानदार ,निष्ठावान नागरिक सच्चरित्र होकर एक महान राष्ट्र को जन्म देता है ।वहीं दुष्ट चरित्र व्यक्ति काम, क्रोध, कामना और लालच में पड़कर अपनी जिंदगी को नर्क बना कर दिया सदैव अशांत रहता है, अशांत नागरिक किसी भी कार्य में स्थिरता अथवा प्रगति प्रदान नहीं कर सकता है, वह अपने समाज तथा देश को कमजोर करने का ही कार्य करता है। धन और संपत्ति से ज्यादा महत्वपूर्ण चरित्र को बलवान बनाने वाली आध्यात्मिक शिक्षा ही है। धन-संपत्ति नष्ट होने पर किसी भी व्यक्ति का बड़ा नुकसान नहीं होता पर यदि चरित्र चला जाए तो उसका सम्मान यश तथा सामाजिक स्थिति एकदम निकृष्ट बन जाती है उसका समाज में अपमान होने लगता है, ऐसे में कोई भी व्यक्ति या नागरिक समाज में सिर उठाकर नहीं चल सकता। ऐसा व्यक्ति समाज के उत्थान में कोई योगदान देने के काबिल नहीं रह जाता। इसलिए मनुष्य के जीवन में सबसे बड़ी एवं महत्वपूर्ण आवश्यकता आध्यात्मिक शिक्षा एवं चरित्रवान जीवन है।

## विचार

# कांग्रेस मुक्त भारत या कांग्रेस युक्त भाजपा

**नरेंद्र तिवारी पत्रकार**

**लोकसभा** चुनाव 2024 की अब कभी भी घोषणा हो सकती है। केंद्र की सत्ता पर काबिज भाजपा इसे लेकर काफी उत्साहित है। भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा एक नारा बड़े पुरजोर तरीके से लगाया जा रहा है। मंचीय भाषणों में कांग्रेस मुक्त भारत का यह नारा या श्लोगन खूब चर्चित हो रहा है। श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भाजपा का उत्साह सातवें आसमान पर पहुंच गया है। इस उत्साह के कारण कांग्रेस में भी निराशा का वातावरण बन गया है। हाल ही में मध्यप्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ राज्य के विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली सफलता ने भी कांग्रेस मुक्त भारत के नारे की गूंज को बढ़ा दिया है। किंतु क्या यह असल में होने वाला हैं ? क्या कांग्रेस लोकसभा के चुनाव में अपने पूर्व के प्रदर्शन से भी कमजोर प्रदर्शन करने जा रही है ? क्या वर्तमान में मोदी लहर पर सवार भाजपा देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल को सबसे कमजोर प्रदर्शन करने की स्थिति में ला खड़े करेगी ? इन सवालों के मध्य एक बड़ा सवाल यह उठता है की क्या भारत को कांग्रेस से मुक्त करने के लिए कांग्रेस नेताओं को भाजपा में शामिल करने का अभियान सुनियोजित ढंग से एक रणनीति के तहत चलाया जा रहा है। जिस प्रकार से कांग्रेस से नेता भाजपा में जा रहें है, उससे तो ऐसा लगता है की यह श्लोगन कांग्रेस मुक्त भारत के स्थान पर भाजपा युक्त कांग्रेस होता जा रहा है। जिस तेजी से भाजपा का कांग्रेसीकरण हो रहा है। उससे तो यह लगता है की कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर नहीं है। दोनो ही एक ही थैली के चट्टेझबट्टे है। लोकसभा चुनाव के दौरान देश भर में कांग्रेस सहित अन्य राजनैतिक पार्टियों के नेताओं का भाजपा में जाने का सिलसिला बढ़ने लगेगा। बेशक राजनीतिक दलों से जुड़ाव का सबसे बड़ा कारण उस दल की विचारधारा है। देश में दल तो बहुत है, किंतु प्रमुख राजनीतिक दल के रूप भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस है। जो देश का सबसे पुराना राष्ट्रीय दल है। कांग्रेस की विचारधारा धर्मनिरपेक्ष होकर देश में सभी धर्म, जाति, भाषा का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय एकता स्थापित करने की रही है। कांग्रेस अब भी इस विचारधारा पर कायम है। भारत के राष्ट्रीय आंदोलन में कांग्रेस का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कांग्रेस आजादी की लड़ाई में अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने वाला प्रमुख संगठन था। महात्मा गांधी, जवाहर नेहरू, सुभाषचंद्र बोस, सरदार वल्लभ भाई पटेल, मौलाना अबुल कलाम आजाद, नीलम संजीव रेड्डी, डा राजेंद्र प्रसाद, पंडित शंकर दयाल शर्मा, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, सोनिया गांधी, राहुल गांधी इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे है। मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के 89 वें राष्ट्रीय अध्यक्ष है। कांग्रेस का अपना गौरवशाली इतिहास है, राजनैतिक दल के रूप में कांग्रेस ने लंबे समय देश पर शासन किया यूं कहें कि सबसे अधिक समय तक देश की सत्ता में कांग्रेस रही। कांग्रेस को देश की राजनीति में विचारधारात्मक रूप से भाजपा से कठिन चुनौती मिली है। राजनीतिक समीक्षकों के अनुसार भारतीय जनता पार्टी का वर्तमान समय स्वर्णिमकाल है। देश की सता पर विराजित भाजपा के इतिहास को समझने के लिए भारतीय जनसंघ के इतिहास को समझना होगा। अखिल भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्तुम्बर 1951 में दिल्ली में हुई थी। श्यामाप्रसाद मुखर्जी, बलराज मधोक और दीनदयाल उपाध्याय जनसंघ के स्थापक सदस्य रहे है। जनसंघ की विचारधारा एकात्म मानववाद से जुड़ी रही है। जनसंघ का 1977 में जनता पार्टी और अन्य दलों में विलय हो गया। जनसंघ के पद चिन्हों को पुन सयोंजित कर 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। भाजपा 1984 के आम चुनाव में मात्र 2 लोकसभा सीटों पर ही विजय हो पाई थी। 1998 में भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का निर्माण हुआ। अटलबिहारी वाजपेई के नेतृत्व में सरकार बनी जो एक वर्ष का कार्यकाल ही पूरा कर पाई। इसके बाद अटलजी के नेतृत्व में सरकार बनी जिसने अपना कार्यकाल पूर्ण किया। वर्तमान की फायर ब्रांड भाजपा का उदय गुजरात के मुख्यमंत्री देश के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के पदार्पण से हुआ। 2014 के आम चुनाव में भाजपा और राजग को भारी सफलता मिली। तब से अब तक भाजपा का कारवां बढ़ता जा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# प्रॉमिस डे के चोंचले

**डॉ. सुरेश कुमार**

**सुनते हो** प्रॉमिस डे, तुम मेरे लिए रोमांटिक छुट्टी हो। जहाँ लोग पल भर में प्यार और प्रतिबद्धता के बड़ी घोषणाएँ करते हैं। यह दिन गुलाब, चॉकलेट को पछाड़कर वादे से भरा होता है, जो या तो की जाती हैं या फिर नहीं की जाती हैं। जब मैं इन सब पर विचार करता हूँ, तो मैं इस दिन की प्रतिबद्धताओं के प्रति हास्य देखने से बच नहीं सकता। प्रॉमिस डे के दिन प्रेमी-प्रेमिका की जोड़ी बड़ी सुंदर लगती है। बाकी दिनों में भी लगती है, लेकिन इस दिन इनके बीच प्यार का कीड़ा बड़ा मचलता रहता है। जोड़ों के बीच मीठी बातों का आदान प्रदान करने के बाद आर्थिक वचन देना शुरू करते हैं। वे वादा करते हैं कि वे हमेशा एक दूसरे को प्यार और सम्मान करेंगे, कालाजादू के बावजूद मजबूत रहेंगे और हमेशा एक-दूसरे के दिल में रहेंगे। यह सब इतना छूने वाला होता है कि यह हृदयग्राही होता है। आपको महसूस होता है कि ये वादे अक्सर उतने ही कमजोर होते हैं, जितना कि समुंदर किनारे रेत पर लिखे जाते हैं।

प्रोमिस डे की विडंबना यह है कि यह एक दिन केवल और केवल प्रॉमिस करने के लिए समर्पित होता है, जो अक्सर तोड़ने के लिए किए जाते हैं। कितनी बार हमने किसी से यह वादा करते हुए सुना है, कि वह हमारे लिए वहां रहेंगे, लेकिन जब हमें उनकी सबसे अधिक जरूरत होती है, तो वे गायब हो जाते हैं? या फिर अविनाशी प्यार का वादा करते हुए, समस्या के पहले ही दरवाजा बंद कर देते हैं? इस दिन वादों की अंतहीन श्रृंखला की झड़ी लगी रहती है। लोग वादा करते हैं कि वे अपने साथियों को भव्य छुट्टियों पर ले जाएंगे, उन्हें महंगे उपहार देंगे, जैसे मधुशाला की बोतलें। यह सब इतना अत्यधिक और बेतुका होता है, खासकर जब आप जानते हैं कि ये वादे अक्सर बस प्रभाव डालने के लिए खाली शब्द भर होते हैं, वादा पूरा करने के लिए नहीं। शायद प्रोमिस डे का सबसे बेतुका पहलू यह है कि वह लोगों पर जोर डालता है वादे करने और पूरा करने का। इसमें यह उम्मीद है कि आपको अपने प्यार और प्रतिबद्धता को सबसे अधिक बड़े तरीके में घोषणा करनी होगी, काश आपकी भावनाओं की सत्यता आपके वादे के आकार से मापी जा सकती।

# हिंसक किसान आंदोलन के निहितार्थ

**आर.के. सिन्हा**

**मरने-मारने** के अंदाज में किसान एक बार फिर से सड़कों पर उतर आए हैं। चुनावी माहौल गर्म होते ही वे दिल्ली को घेरने के इरादो पर डटे दिखते हैं। पंजाब से दिल्ली आ रहे किसान हरियाणा में पुलिस से जगह-जगह पर बिना किसी बात के भिड़ रहे हैं। किसानों का 'दिल्ली चलो' मार्च हिंसक हो रहा है और अराजकता पैदा कर रहा है। यह सारा देश दिन भर टेलीविजन पर देख रहा है। सरकार से बातचीत करके कोई हल निकालने को किसान नेता मानने को तैयार तक नहीं हैं। वे तो चाहते हैं कि उनकी हरेक मांग को सरकार मान जाए। याद रखें कि किसानों की कुछ मांगों को मानना लगभग असंभव सा है। किसान नेता कह रहे हैं कि उनके 24 लाख करोड़ रुपये के लोन माफ हो जाये । सरकारें किसानों के बहुत सारे लोन समय-समय पर माफ करती भी रहती हैं। पर सारे लोन माफ करना नामुमकिन ही है। क्या पैसा पेड़ों में लगा है जिसे सरकार तोड़ कर किसानों को दे देगी? किसानों को देश अन्न दाता मानता है, पर उन्हें भी ठंडे दिमाग से सोचना चाहिए कि क्या उनकी मांगें सही हैं। जब चुकाने का इरादा ही नहीं था तो लोन लिया क्यों था ? बेईमानी करने के लिये ? इसके साथ ही किसान संगठन बार बार न्यूनतन समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लेकर आंदोलन प्रदर्शन करते हैं। वे इस बार भी एमएसपी के लिए कानून बनाने समेत अन्य मांगों को लेकर दिल्ली आकर विरोध प्रदर्शन करना चाहते हैं। इनका कहना है कि स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों के अनुसार, एमएसपी लागू हो। अफसोस होता कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी किसानों की इस मांग का समर्थन करते हैं। स्वामीनाथन कमीशन ने 2006 में अपनी रिपोर्ट दी थी। तब डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में केन्द्र में यूपीए सरकार सत्तासीन थी। यूपीए सरकार 2014 तक रही। सबको पता है कि उसके सर्वेसर्वा राहुल गांधी और उनकी मां सोनिया गांधी ही थे। उन्होंने तब यूपीए सरकार पर दबाव डालकर स्वामीनाथन कमीशन की सिफारिशों को क्यों नहीं लागू किया। अब राहुल गांधी कह रहे हैं कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर स्वामीनाथन कमीशन के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी के पांच छात्रों ने जेईई मेन्स परीक्षा में की सफलता हासिल
















**कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है, बल्कि समग्र विकास, कौशल और प्रतिभा को बढ़ावा देने का केंद्र है जो शिक्षाविदों की कल्पना से भी परे है ।बुलंदियों के नित नए आयाम स्थापित करता यह विद्यालय एक पायदान और ऊपर जा पहुंचा जब इस विद्यालय के बाहरवीं कक्षा के विज्ञान संकाय के पांच छात्रों ऋषव(99.08 परसेंटाइल) ,नीलक्ष (95.78 ) ,वैशाली (78 ),रोहिन(78.05) तथा वैभव (73 ) ने जेईई मेन्स परीक्षा में सफलता हासिल की है। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री दया सिंह स्वामी ने गौरवान्वित माता-पिता और मेहनती शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी । उन्होंने कहा कि यह सफलता एक सराहनीय उपलब्धि है और स्कूल के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। छात्रों की सफलता न केवल उनके व्यक्तिगत समर्पण को दशार्ती है बल्कि शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने में स्कूल के नेतृत्व और शिक्षकों की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करती है। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए समर्पित स्टाफ श्री जसविंदर सिंह(रासायनिक विज्ञान प्रवक्ता) ,श्रीमति पूनम(भौतिक विज्ञान प्रवक्ता) तथा श्री देवेंद्र कुमार(गणित प्रवक्ता) को बधाई दी। जेईई मेन्स परीक्षा में उपलब्धि छात्रों, शिक्षकों और पूरे स्कूल समुदाय के बीच सहयोगात्मक प्रयासों की प्रभावशीलता को दशार्ती है। विद्यालय में आज इन बच्चों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि यह उपलब्धि भविष्य के उम्मीदवारों के लिए प्रेरणा का काम करेंगी और अकादमिक उत्कृष्टता के केंद्र के रूप में राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरी की प्रतिष्ठा को मजबूत करेंगी ।प्रधानाचार्य श्री दया सिंह स्वामी ने बताया कि यह विद्यालय अपने सुंदर परिसर, पूरी तरह से डिजिटलीकृत कक्षाओं और व्यापक सुविधाओं के साथ राष्ट्रीय मानकों के लिए एक पथ प्रदर्शक का कार्य कर रहा है। छात्रों को आदर्श माहौल प्रदान करने की स्कूल की प्रतिबद्धता को मान्यता मिली है क्योंकि इसने मुख्यमंत्री स्कूल सौंदर्यीकरण प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार जीता है ।स्कूल को अपने छात्रों पर गर्व है जिन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं, सुपर 100 कार्यक्रम और बुनियाद कार्यक्रम में राज्य स्तर पर लगातार असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। यह स्कूल बहुआयामी उपलब्धियों का पोषण क्षेत्र बन गया है, जिसमें कई छात्र विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्कूल का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं ।स्कूल की खेल प्रतिभा स्पष्ट है क्योंकि इसके छात्रों ने राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है ।प्रधानाचार्य ने कहा के वे और उनकी पूरी टीम राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय .खैरी को और अधिक ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए पूरी निष्ठा और लगन से प्रतिबद्ध है।

### रामनगर गांव में घर आंगन में खड़ी पल्सर मोटरसाइकिल चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** गांव रामनगर में घर के आंगन में खड़ी पल्सर मोटरसाईकिल चोरी हो गई। चोरी की शिकायत मोटरसाईकिल मालिक ने पुलिस को दी। पुलिस को दी शिकायत में गांव अटायल के अनिल ने बताया कि वह हाल में रामनगर में किराए पर रहता है और नाईस फार्मा कम्पनी रामनगर ने प्राईवेट नौकरी करता है।

शिकायत में बताया कि 13 फरवरी को अपनी मोटरसाइकिल अपने घर के आगन मे खड़ी करके अपनी डयूटी पर चला गया था। शाम को करीब 8 बजे अपने घर वापिस आया तो मोटरसाईकिल नही मिली। उसके बाद आपास व गांव में तलाश की लेकिन कोई पता नही।

उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

# जरूरतमंद, बेसहारा व पॉक्सो पीड़ित बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए मिलकर करें प्रभावी प्रयासः उपायुक्त

## प्रमाणपत्र न होने की वजह से कोई भी बच्चा स्कूल में दाखिले से वंचित न रहे

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**उपायुक्त** डॉ मनोज कुमार ने बाल कल्याण को समर्पित सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं व संगठनों का आह्वान किया कि वे जरूरतमंद, बेसहारा और पॉक्सो पीड़ित बेटे-बेटियों की शिक्षा के लिए मिलकर प्रभावी रूप से प्रयास करें। एक भी बालक-बालिका शिक्षा से वंचित नहीं रहना चाहिए। बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा दिलाने के लिए विशेष रूप से प्रयास किये जायें। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।



गुरुवार को लघु सचिवालय में बाल कल्याण संस्थाओं की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त डॉ मनोज कुमार कर रहे थे। उन्होंने आंकड़ा तलब किया कि पॉक्सो पीड़ित कितने बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर रहे हैं। इसका कारण भी जांचने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि पीड़ित बच्चों को स्कूल भेजना सुनिश्चित करें। इसके लिए बच्चों की काउंसलिंग करवायें और उनके अभिभावकों को भी जागरूक करें। साथ ही उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी प्रमाणपत्र की अनुपलब्धता के चलते कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। उपायुक्त ने दिव्यांग बच्चों के लिए चलाये जा रहे संस्थानों की भी रिपोर्ट तलब की।

संबंधित एसडीएम को निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने दिव्यांग बच्चों की नियमित रूप से चिकित्सीय जांच सुविधा देने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष गृह की सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की। साथ ही उन्होंने कहा कि वे स्वयं विशेष गृह का निरीक्षण करेंगे। उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने जानकारी मांगी कि बाल देखभाल केंद्रों में रहने वाले सभी बच्चों के आधार कार्ड बनवाये गये हैं कि नहीं। इसमें कुछ दिव्यांग बच्चों के आधार कार्ड बनने में आने वाली समस्या पर चर्चा की गई, जिसे दूर करने के लिए उपायुक्त ने विशेष निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हर बच्चे का परिवार पहचान पत्र भी बनवाया जाए। उन्होंने सिविल सर्जन को विशेष निर्देश दिए कि बच्चों को हर प्रकार की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करें। डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी सुनील खत्री, सिविल सर्जन डा. जयकिशोर, जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, महिला एवं बाल विकास विभाग की डीपीओ प्रवीण कुमारी, डॉ स्वराज, रूहचि स्कूल की प्रिंसिपल मालती शर्मा, डीसीडब्ल्यूओ आरती बल्हारा, डीसीपीओ रितु दहिया, कविता शर्मा, बबीता, रीना, प्रेमलता, अनुपमा, रबीता आदि मौजूद थे।

## कुवि की 20 फरवरी से शुरू होने वाली सभी परीक्षाएं स्थगित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय** के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार परीक्षा शाखा द्वारा गुरुवार को किसान आंदोलन के चलते जारी अलर्ट और सड़कों के बंद होने के कारण 20 फरवरी से शुरू होने वाली सेंटर फॉर डिस्टेंस एंड ऑनलाइन एजूकेशन (दूरवर्ती शिक्षा) के पाठ्यक्रमों व अन्य स्पैशल कोर्सिज की परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। इस संबंध में परीक्षा शाखा द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. हुकम सिंह ने बताया कि 20 फरवरी की स्थगित परीक्षाओं को संचालित करने की अधिसूचना बाद में जारी की जाएगी। उन्होंने बताया कि कई जिलों में इंटरनेट सुविधाएं बाधित होने से सभी परीक्षा केन्द्रों सहित छात्र-छात्राओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही कई अंतर्राज्यीय मार्ग भी अवरुद्ध हो गए है। उन्होंने बताया कि इन परीक्षाओं में बीए पार्ट-1, एम.कॉम प्रथम, बी.लिब साइंस, एमएससी ज्योग्राफी प्रथम, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी गणित चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी केमिस्ट्री चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी कम्प्यूटर साइंस चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी फोरेंसिक साइंस चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी ज्योग्राफी चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी फिजिक्स चतुर्थ सेमेस्टर, एमएससी सांख्यिकी चतुर्थ सेमेस्टर, एमए अंग्रेजी चतुर्थ सेमेस्टर, एमए अंग्रेजी प्रथम, एमए सोशोलोजी प्रथम सेमेस्टर, एमए वूमेन स्टडीज प्रथम सेमेस्टर, मास्टर ऑफ सोशल वर्क चतुर्थ सेमेस्टर, एमबीए/एमसीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं शामिल हैं।

### चचेरे भाईयों ने मारपीट के बाद दी जान से मारने की धमकी, मामला दर्ज

**गन्नौर।** डयूटी समाप्त करके घर लौटते समय युवक के साथ बड़ी रोड पर दो सगे भाईयों ने अपने चाचा के लड़के के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस को दी शिकायत में गढ़ी केसरी निवासी विकास ने बताया कि 14 फरवरी की शाम के समय करीब 6 बजे बड़ी रोड से अपनी डयूटी समाप्त करके वापिस घर आ रहा था तो मेरी गाड़ी के सामने एक गाड़ी ने आकर मेरा रास्ता रोक लिया और गाड़ी से एक अनजान युवक उतरा। उसके बाद दो लड़के और हाथों में डंडे लिए हुए आए।

# प्रधानमंत्री मोदी के रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास समारोह का सभी विधानसभाओं में किया जाएगा सीधा प्रसारण

### सोनीपत में जीवीएम गर्ल्स कालेज में आयोजित समारोह में शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता लेंगे हिस्सा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**रेवाड़ी** में स्थापित किये जा रहे एम्स (एआईआईएमएस) की आधारशिला 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे। इस समारोह का सीधा प्रसारण सोनीपत की सभी छह विधानसभाओं में किया जाएगा। सोनीपत विधानसभा का कार्यक्रम जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता शामिल होंगे। यह जानकारी उपायुक्त डा. मनोज

**समारोह**

**8 बरोदा में परशुराम इंजीनियरिंग कॉलेज बली ब्राह्मणान में समारोह आयोजित किया जाएगा**

कुमार ने दी। उपायुक्त ने बताया कि समारोह को लेकर हर प्रकार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला की सभी विधानसभाओं में शिलान्यास समारोह का प्रसारण करवाया जाएगा। बरोदा में परशुराम इंजीनियरिंग कॉलेज बली ब्राह्मणान में समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांसद रमेश कौशिक मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक मोहनलाल बड़ौली राई विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे, जिसका आयोजन मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय (एमएनएसएस) राई में किया जाएगा। गन्नौर में कोर्ट कॉम्प्लेक्स में प्रधानमंत्री मोदी के शिलान्यास समारोह का प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी हिस्सा लेंगी। इसी प्रकार गोहाना में हंस ध्वनि सभागार में समारोह का आयोजन करवायेंगे, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा करेंगे। इसके साथ ही खरखौदा में कन्या महाविद्यालय में समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया शामिल होंगी।

### सरकार ने नपा को नप बनाने के लिए डीसी से प्रस्ताव व दस्तावेज किये तलब



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**सरकार** ने नगर पालिका का दर्जा बढ़ा कर नगर परिषद बनाने के लिए डीसी से प्रस्ताव व दस्तावेज तलब किये हैं । महानिदेशक शहरी निकाय विभाग ने जिला उपायुक्त को संघर्ष मोर्चा के ज्ञापन की प्रति सहित भेजे पत्र द्वारा नगर पालिका प्रस्ताव,नक्शा,वर्तमान जनसंख्या और कुल रकबा साहित अपनी ओर से सिफारिश रिपोर्ट मांगी है । गौर तलब है कि गत वर्ष 26 नवंबर को मुख्यमंत्री मनोहर लाल खटटर ने समालखा अनाज मंडी की रैली मे समालखा को नगर परिषद बनाने की घोषणा की थी । इसकी मांग भी संघर्ष मोर्चा ने की थी।

संघर्ष मोर्चा संयोजक एवं आरटीआई एक्टिविस्ट पी पी कपूर ने बताया कि गत 20 जनवरी को उन्होंने सीएम मनोहर लाल खट्टर को मांग पत्र भेज कर नगर पालिका को नगर परिषद बनाने की सीएम घोषणा लागू करने,पालिका सीमा वृद्धि का गजट नोटिफिकेशन जारी करने व सभी करीब 22 अवैध कालोनियों को स्वीकृत करने की मांग की थी।

## ब्राह्मण धर्मशाला की नींव रखी गई

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**बापौली** रोड स्थित लघुसचिवालय के नजदीक ब्राह्मण सभा के प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा की अध्यक्षता में ब्राह्मण धर्मशाला की नींव रखी गई। वहीं पवन शर्मा की अध्यक्षता में ब्राह्मण धर्मशाला की कार्यकारिणी को लेकर पर्ची से पदाधिकारियों को चुना गया। प्रदेशाध्यक्ष पवन पहलवान ने बताया कि जनसेवक शशिकांत कौशिक द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला के लिए 721 गज जमीन दान दी है। जिसमें आज सभी पदाधिकारियों व समाजसेवियों के द्वारा धर्मशाला की



नींव रखी गई। वहीं पर्ची के द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारी चुने गए। जिसमें हरिओम वशिष्ठ प्रधान, मा.रामकुमार उपप्रधान, अशोक शर्मा महासचिव, प्रेम सरपंच सचिव, जनेश्वर दत्त खजांची, धर्मबीर शर्मा, कृष्ण, रमेश, रामपाल, सत्यनारायण व शिवकुमार आदि मैम्बर नियुक्त हुए। इस अवसर पर सतीश शर्मा, पार्षद नरेश कौशिक, भगता बिहोली, भगवत वशिष्ठ, वीरेंद्र शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, धर्मबीर शर्मा पूर्व चेयरमैन बापौली, त्रिलोक शर्मा व प्रेम ढींडार आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य विभाग ने प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों को खिलाई एल्बेंडाजोल की गोली

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।** स्वास्थय विभाग गनौर की टीम ने स्वास्थ्य निरीक्षक रमेश धनखड़ व संतोष की देखरेख में प्रयास इंटरनेशनल स्कूल के सभी बच्चों को पेट के कीड़ो से सुरक्षित रखने के लिए एल्बेंडाजोल दवा खिलाई। स्कूल के सभी बच्चों,अध्यापकों व सेवादारों ने टैबलेट खाई। निरीक्षक धनखड़ ने बताया कि बच्चो के स्वास्थय को ध्यान में रखते हुए सरकार के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। टैबलेट वर्ष में दो बार खिलाई जाती है। यह पेट के कीड़ो के खत्म करने के साथ रक्त वृद्धि के लिए काम करती है। स्कूल के रजिस्ट्रार डा.मनोज ने सभी बच्चो को प्रोत्साहित किया व बताया कि समाज में हर व्यक्ति को सचेत रहकर सरकार के स्वास्थय संबधी कार्यक्रमों में भाग लेना चाहिए। एल्बेंडाजोल की गोलियां खिलाकर कहा कि पेट में कीड़े होने से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास रुक जाता है। बच्चों के पेट के कीड़ों को खत्म करने के लिए एल्बेंडाजोल गोलियां खिलाई जानी जरूरी हैं।

# पट्टी कल्याणा बार्डर पर लगे आधुनिक सीसीटीवी कैमरे, जरूरत पड़ी तो खोद दी जाएगी सड़क

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**किसानों** के दिल्ली कूच के चलते पुलिस प्रशासन ने समालखा में पट्टी कल्याणा बार्डर के पास पर पूरी चौकसी बढ़ा दी है। सोनीपत व पानीपत पुलिस ने पट्टी कल्याणा बार्डर पर मिट्टी से भरे कंटेनर, कंटीली तारें, लोहे और सिमेंट के भारी भरकम बैरिकेड की व्यवस्था कर रखी है। अब पुलिस ने यहां आधुनिक सीसीटीवी कैमरे भी लगा दिए हैं, जिनका कंट्रोल रूम हलदाना पुलिस चौकी में बनाया गया है। किसान यदि दिल्ली की तरफ बढ़ते दिखे तो सड़क को उखाड़ कर उनमें सिमेंट के साथ



बैरिकेड फिक्स करवा दिए जाएंगे। एसीपी गोरखपाल राणा ने बताया कि किसानों को आगे बढ़ने से रोकने के लिए प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है। पुलिस व अर्ध सैनिक बलों के सैंकड़ों जवान भी रिजर्व रखे गए हैं। जिससे कि किसी भी आपातकालीन स्थिती में उन्हें तुरंत यहां तैनात किया जा सके। साथ ही वाटर केनन व आंसू गैस छोड़ने वाले वाहनों के बंदोबस्त कर लिए गए हैं।

### एम्स: समालखा में तैयारियों का जायजा लिया

**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हरियाणा-पंजाब** और दिल्ली में किसान आंदोलन के चलते तनाव पूर्ण माहौल के बीच में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को हरियाणा आ रहे हैं। यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी एम्स का शिलान्यास करेंगे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों का विरोध भी झेलना पड़ सकता है। जिसको लेकर प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है। इसी कड़ी में वीरवार को अनाज मंडी समालखा में तैयारियों का जायजा लेने एसडीएम समालखा कार्यक्रम स्थल पर पहुँचे। उन्होंने तैयारीयो को लेकर संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। उपमंडल अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी शुक्रवार को रेवाड़ी में बनने वाले एम्स अस्पताल का शिलान्यास करेंगे।

# लिटल एंजल्स स्कूल में एडवेंचर कैंप का शानदार आयोजन

**सोनीपत/रमेश कुमार।।**

**13 फरवरी** से 15 फरवरी, 2024 को लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत के स्पोर्ट्स कॉम्पलैक्स में कक्षा नर्सरी से कक्षा तीन व लिटल एंजल्स इंक्लूसिव स्कूल के बच्चों के लिए तीन दिवसीय एडवेंचर कैंप का शानदार आयोजन किया गया। इस एडवेंचर कैंप के दौरान बच्चों को अनेक क्रियात्मक गतिविधियाँ करवाई गईं। इस एडवेंचर कैंप में बच्चों को बर्मा ब्रिज, कमांडो ब्रिज, टैंट पिचिंग, स्पाईडर वेब, ओबस्टैकल कोर्स, आर्चरी, पाइप एंड मार्बल, कमांडो नेट, रोप लैडर बैलेंस वॉक, ट्रेम्पोलाइन, डार्ट शूटिंग, वॉल क्लाईंबिंग, जिग-जैग वॉक, होलो पास, हिट द मंकी, टग ऑफ वॉर, नेट क्रोलिंग, बॉडी जोर्ब बॉल, क्रेजी गोल्फ, मिक्की माऊस, कैमल कार्ट राइड, पॉटरी, बाउंसी आदि गतिविधियाँ



करवाई गईं। इनके साथ मैजिक शो व मॉडर्न पपैट शो भी दिखाया गया। बच्चे इन सभी गतिविधियों को करने के लिए अत्यंत रोमांचित थे। इस एडवेंचर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास करना था। इस कैंप का आयोजन अनुभवी प्रशिक्षकों की देख रेख में किया गया। प्रशिक्षकों ने बच्चों को गतिविधियों से होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी दी। बच्चों को सभी प्रकार की सुरक्षा सुविधाएँ दी गई, जिसके तहत बच्चों ने इस कैंप का खूब आनंद उठाया। बच्चों का जोश व उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय द्वारा इस एडवेंचर कैंप के आयोजन से बच्चे व अभिभावक बहुत खुश थे। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा आयोजित इस कैंप की सराहना की। विद्यालय का भी सदैव यह प्रयास रहा है कि वे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए यथासंभव प्रयास करे। एडवेंचर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र भी दिए गये । विद्यालय के चेयरमैन श्री तरसेम गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग, प्रधानाचार्या आशा गोयल व उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा ने बच्चों को सभी गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया।

प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों व शारीरिक गतिविधियों को आवश्यक बताया।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का किया शुभारम्भ

### नशिप पानीपत में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ, पानीपत जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा ने किया

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत , कमाल हुसैन**

**पाइट** संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एन फ एल टाउनशिप पानीपत में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारम्भ पानीपत जिले के सिविल सर्जन डॉक्टर जयंत आहूजा ने किया। इस मौके पर को पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और दिव्य स्पेशल स्कूल के विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति दवा खिलाई गयी। इस कार्यक्रम में डिप्टी सिविल सर्जन डॉक्टर ललिता वर्मा ,डॉक्टर साहिल व रोटरी क्लब पानीपत प्रीमियर से प्रधान रोटेरियन राकेश गर्ग, रोटेरियन शशि चड्ढा, पी डी जी रोटेरियन रमेश बजाज भी उपस्थित थे ।



डॉक्टर जयंत आहूजा ने बच्चों को कृमि संक्रमण के कारणों व प्रभावों से अवगत कराया और यह भी बताया कि उन्हें किस प्रकार के भोजन का प्रयोग करना चाहिए , साथ ही अलबंडाजोल की गोली का आसान प्रयोग कर बच्चे इस संक्रमण से बच सकते हैं व कैसे अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते है । सभी आये हुए मेहमानों ने बच्चों को अपने हाथ से यह दवाई खिलाई । साफ हाथों से खाना, बाजार का ठंडा खाना न खाना , सड़क पर खुला बिकने वाला खाना न खाना , खुले

**दवा खिलाई**

**8 पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल और दिव्य स्पेशल स्कूल के विद्यार्थियों को कृमि मुक्ति दवा खिलाई गयी**

में शौच न करने पर बच्चो का ध्यान सी एम ओ डॉक्टर जयंत आहूजा द्वारा दिलवाया गया । बच्चों द्वारा पूछे गये विभिन्न प्रश्नों का उत्तर भी सी एम ओ सर ने बड़े अच्छे व असरदार ढंग से दिया। दिव्य स्कूल के बच्चो को सी एम ओ सर ने दवाई अपने हाथो से खिलाई व डिप्टी सी एम ओ डॉक्टर ललित वर्मा से सभी दिव्य स्कूल के बच्चों का मेडिकल चेक उप करवाने का निर्देश दिया । चेतना परिवार के बच्चों को भी कृमि मुक्त भारत का हिस्सा बनाने के लिए अलबंडाजोल की गोली खिलाने के निर्देश दिए गये।

स्कूल प्रधानाचार्या रेखा बजाज व उप- प्रधानाचार्या बॉबी सिंह ने कार्यक्रम आयोजन के लिए सभी मेहमानों का अभिवादन किया और यह भी आश्वाशन दिया कि जो विद्यार्थी अनुपस्थित है उन्हें भी 20 तारीख मॉप अप राऊंड पर अलबंडाजोल की गोली खिलाई जायेगी और उसकी रिपोर्ट सिविल हॉस्पिटल भेजी जायेगी।

# ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे अपना संदेशः एसडीएम

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**

**एसडीएम** डा. निर्मल नागर ने बताया कि 16 फरवरी को विकसित भारत विकसित हरियाणा के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र गन्नौर के कोर्ट कॉम्प्लेक्स में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना संदेश भी देंगे। एसडीएम निर्मल नागर ने कार्यक्रम को लेकर कोर्ट कॉम्पलेक्स गन्नौर का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर कार्यक्रम का सफल आयोजन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए



कहा कि 16 फरवरी को रेवाड़ी में ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 22वें एम्स की सौगात देने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पैंशन देने वाले नये लाभार्थियों को जिनमे दिव्यांग व अन्य शामिल हैं। इस मौके पर ही प्रमाण पत्र वितरित किए जायेंगे। इस मौके पर उनके साथ बीडीपीओ गन्नौर पूनम चंदा, मार्किट कमेटी गन्नौर से प्रवीण नैन, पवित्र, बीआरसी गन्नौर आजाद सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# शंभु बॉर्डर पर आंदोलनकारियों को रोकने के पुख्ता इंतजाम: एसपी

## दिल्ली कूच को लेकर आंदोलनकारियों को रोकने के दृष्टिगत पुलिस व अर्धसैनिक बलों की टुकडियां पूरी तत्परता से डटी हुई

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**





**पंजाब** से दिल्ली कूच को लेकर आंदोलनकारियों को रोकने के दृष्टिगत पुलिस व अर्धसैनिक बलों की टुकडियां पूरी तत्परता से डटी हुई हैं। आईजी सिबास कविराज, उपायुक्त डा. शालीन व पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा भी मौके पर सुबह से ही डटकर हर गतिविधि पर नजर रखकर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत समय-समय पर आवश्यक दिशा-निर्देश देते नजर आए। उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि आंदोलनकारियों को रोकने के लिए पुलिस व जिला प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता इंतजाम किए हुए हैं। किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था बिगडने नहीं दी जायेगी और किसी को भी कानून हाथ में नहीं लेने दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि आज जब आंदोलनकारियों ने शंभु बोर्डर पर पटियाला पुलिस के बैरिगेट को ढाल बनाकर आगे बढ? की कोशिश की थी। इसके जवाब में हरियाणा पुलिस के कमांडो व अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी ने उन्हे पीछे खदेडे? का काम किया और पटियाला पुलिस के जो बैरिगेट थे उसे भी वहां से हटाने का काम किया। बाद में ट्रैक्टर के माध्यम से भी आंदोलनकारियों ने घुसने की कोशिश की और गीली बोरियां भी अपने साथ रखी ताकि टीयर गैस के प्रभाव को कम किया जा सके। जिसने भी कानून व्यवस्था को हाथ में लेने का काम किया पुलिस ने उसे वहां से खदेडने का काम किया। उपायुक्त ने यह भी बताया कि प्रदर्शनकारियों के उग्र रूप को देखते हुए अभी तक केवल टीयर गैस और रबड बुलट का ही प्रयोग किया गया है, वह भी कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए ही किया गया है। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया व अन्य माध्यम द्वारा किसानों को भडकाने के लिए एक वीडियो वायरल की गई थी जिसमें बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा गोली चलाई गई है, यह बात निराधार है। अब तक गोली चलाने से सम्बन्धित किसी भी प्रकार के हथियार का प्रयोग नहीं किया गया है। आईजी सिबास कविराज ने बताया कि किसी भी सूरत में कानून व्यवस्था बिगड? नहीं दी जायेगी। पुलिस की सभी तैयारियां मुकमल हैं। पुलिस प्रशासन द्वारा एहतियातन जो भी जरूरी कदम थे समय-समय पर वे उठाए भी गये। ड्रोन के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी गई और बीच-बीच में आंदोलनकारियों को खदेडने के लिए कदम भी उठाए गये। पुलिस अधीक्षक जशनदीप सिंह रंधावा ने भी बताया कि पुलिस की टुकडियां बीते कल की तरह सुबह से ही हर गतिविधि पर नजर रख रही है। पुलिस के जवानों ने समय-समय पर आंदोलनकारियों को मौके से खदेडने का काम भी किया है। उन्होंने कहा कि किसी को भी कानून हाथ में लेने नहीं दिया जायेगा। उन्होने यह भी कहा कि हर परिस्थिति बारे उच्च अधिकारियों को भी अवगत करवाने का काम किया जा रहा है। उपायुक्त डा. शालीन ने पंजाब के सभी किसान भाईयों से अपील की है कि वे हरियाणा प्रदेश में कानून एवं शांति व्यवस्था को बनाए रखें। इस दौरान हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है, सीसीटीवी कैमरे के साथ-साथ अन्य गतिविधियों द्वारा कार्य किए जा रहे हैं। उग्र भीड़ के आंदोलन को देखते हुए पुलिस द्वारा भी जवाब में आवश्यक कदम उठाए गए हैं। उपायुक्त डा.शालीन ने सभी लोगों से एक बार फिर से अनुरोध किया है कि वे कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी प्रकार से कानून को अपने हाथों में न लें।

# समाज मे सभ्य आचरण के लिए भी मां शारदे की अनुकंपा आवश्यक: जैन



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा-अर्चना तथा उनकी भावना के अनुरूप मेहनत करने वाले जन को सदैव उनका आशीर्वाद और कृपा मिलती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही नहीं, अपितु समाज मे सभ्य आचरण के लिए भी मां शारदे की अनुकंपा आवश्यक है।

**मां का आशीर्वाद**

मां सरस्वती की पूजा-अर्चना मेहनत करने वाले जन को सदैव उनका आशीर्वाद और कृपा मिलती है

बुधवार रात्रि श्रीनगर कालोनी, हुडा कालोनी, राजीव कॉलोनी, फौजी कॉलोनी, सेक्टर 14 सामुदायिक भवन समेत आधा दर्जन स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करने पहुंचे मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा कि माघ मास की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मां सरस्वती ब्रह्माजी के मुख से प्रकट हुई थी और इसीलिए इस तिथि को बसंत पंचमी का पर्व मनाया जाता है। ज्ञान की देवी होने और इस तिथि को प्रकट होने की वजह से मां सरस्वती की पूजा की जाती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें सभ्य बनाती है और इसके धारण करने उपरांत ही हम जीवन में कामयाबी प्राप्त करने के लायक बनते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं, विशेषकर युवा वर्ग से आह्वान किया कि वह सदैव मां शारदे के श्रीचरणों में खुद को समर्पित कर दें तथा कड़ी मेहनत करें। इसके बाद जो सफलता उन्हें प्राप्त होगी, उसका एक अलग ही अनुभव होगा।

इस मौके पर पार्षद बबिता कौशिक, संजीव गांधी, संजीव वलेचा, त्रिभुवन कौशिक, दीनानाथ ठाकुर, प्रमोद, दीपक यादव, सुमित, राजवीर सिंह, राम जाने, वीरेंद्र, मुकेश, कुंदन सिंह, वासुदेव सुखीजा, प्रबल कुमार, श्यामदास, तरुण, अनुपमा, कांता देवी, सुमन बाला, सरोज देवी आदि-आदि उपस्थित रहे।

# किसानों के साथ आतंकी जैसा व्यवहार बंद करे सरकार: मलौर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पूर्व विधायक व डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी जसबीर मलौर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर शंभू बार्डर पर बढ़ रहे तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार किसानों के साथ आतंकी जैसा व्यवहार बंद करे । सरकार को अपना अहंकार त्याग कर किसानों की बात को मानना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2 साल पहले किसानों के साथ सरकार ने वायदा किया था और उन्होंने अपना धरना खत्म किया था लेकिन सरकार की वायदा खिलाफी की वजह से उन्हे फिर सड़कों पर आना पड़ा। 2 साल पहले 700 किसान शहीद हुए और सरकार ने आश्वासन दिया था लेकिन सरकार अपने वायदे से मुकर गई ।

मलौर ने कहा कि धरने प्रदर्शन करने का हक हमारे संविधान में है । सरकार सड़क पर कीलें बिछा रही है । किसानों पर आसूं गैस , प्लास्टिक की गोलिया , पानी की बौछार की जा रही है । सरकार को तुरंत किसानों से माफी मांगनी चाहिए और उनकी मांगों को पूर्ण करना चाहिए। मलौर ने कहा कि इस प्रदर्शन में किसान घायल हुए हैं और कई जवान भी चोटिल हुए है । सरकार किसान और जवान को आपस में लड़वा रही है । देश का किसान आज अपने हकों के लिए सरकार की तानाशाही का सामना कर रहा है । उन्होने कहा कि पहले भी किसानों का धरना शांतिपूर्ण रहा था और अब भी किसान शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर अपनी मांग मनवाना चाहते है लेकिन सरकार ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे किसान आतंकी हो । इंटरनैट सेवा व रास्ता बंद होने की वजह से आमजन को भी नुकसान हो रहा है।

# पीएम मोदी को देखने और सुनने के लिए अहीरवाल का उत्साह चरम पर

**चंडीगढ़:** दक्षिण हरियाणा के मेहनतकश लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखने और सुनने के लिए बेकरार है। लोगों में इस बात को लेकर जबरदस्त उत्साह है कि नरेंद्र मोदी ने 2014 चुनाव से पहले रैली के लिए इसी रेवाड़ी को चुना था और अब फिर से 2024 के चुनाव से पहले भी मोदीजी उनको एम्स जैसी सौगात देने उनके बीच आ रहे हैं। "विकसित भारत-विकसित हरियाणा" रैली की तैयारियों में जुटे भाजपाईयों के साथ-साथ क्षेत्र के आम लोग ही इस रैली को लेकर काफी उत्साहित हैं।

# आज अम्बाला में होंगे भारत विकसित हरियाणा कार्यक्रम-अपराजिता

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**



**अतिरिक्त** उपायुक्त अपराजिता ने बताया कि 16 फरवरी को विकसित भारत विकसित हरियाणा के अंतर्गत कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। जिला स्तर पर पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में, अम्बाला छावनी में फारूखा खालसा स्कूल, नारायणगढ व साहा में अनाज मंडी में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इन कार्यक्रमों में ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपना संदेश भी देंगे। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर एडीसी ने अपने कार्यालय में सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। एडीसी एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी अपराजिता ने बताया कि 16 फरवरी को रेवाडी में ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 22वें एम्स की सौगात देने का काम करेंगे। इसके साथ-साथ सभी विधानसभा क्षेत्रों में भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र के तहत रूकमणी

**मांग**

फारूखा खालसा स्कूल, नारायणगढ व साहा में अनाज मंडी में कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा

देवी हाल में कार्यक्रम का आयोजन होगा तथा यहां पर बतौर मुख्य अतिथि गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री शिरकत करेंगे। इसी प्रकार अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र के तहत पुलिस डीएवी स्कूल के सभागार में स्थानीय विधायक असीम गोयल नन्यौला शिरकत करेंगे तथा नारायणगढ विधानसभा क्षेत्र के तहत नारायणगढ अनाज मंडी में राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा व मुलाना विधानसभा क्षेत्र के तहत साहा अनाज मंडी में जिला परिषद के चेयरमैन राजेश लाडी मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। इन कार्यक्रमों में जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न पैंशन देने वाले नये लाभार्थियों को जिनमें दिव्यांग व अन्य शामिल हैं उन्हें मौके पर ही प्रमाण पत्र वितरित किए जायेंगे।

बैठक में सीआईओ जिला परिषद नवीन कुमार, डीआईओ अरविंदजीत सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा, सीडीपीओ सुमन दहिया के साथ-साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# छात्रा विनती ने सोलो डांस में किया बेहतरीन प्रदर्शन

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल उरनैचा की कक्षा सातवीं की छात्रा विनती पुत्री श्री राजकुमार ने कुरुक्षेत्र में संपन्न हुए कार्यक्रम जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सोलो डांस में तृतीय स्थान प्राप्त किया। और स्कूल का नाम रोशन किया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल




डाक्टर अनंत राम जी ने बताया कि ग्रामीण परिवेश में बहुत प्रतिभा होती है, विभाग के इस कार्यक्रम से छात्रों की प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है और आगे बढ़ने के अवसर मिलते हैं। प्रिंसिपल ने स्कूल स्टाफ को भी बधाई दी और छात्रा को ईनाम देकर सम्मानित किया और दूसरे बच्चों को भी प्रोत्साहित किया

# बसंत पंचमी पर्व पर कार्यक्रम का किया आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र/लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा के अठवाडियों वाले मंदिर में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन महिला विंग द्वारा बसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती पूजन व कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने शिरकत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि बसंत पंचमी पर्व पर सर्दी जाने व गर्मी आने के संकेत हो जाते हैं और खेतों में खड़ी खड़ी फसल भी लहराने लगती है। उन्होंने कहा कि बच्चों के अंदर इस पर्व पर आसमान में पतंग उड़ाने का भी एक अलग ही क्रेज दिखाई देता है और आसमान में पतंग ही दिखाई देती है। हम सभी को बसंत पंचमी पर्व धूमधाम से मनाना चाहिए, इस त्यौहार का अपना ही एक अलग महत्व है। वहीं विंग प्रधान उर्मिल अग्रवाल ने बताया कि विंग की महिलाओं द्वारा हर त्यौहार एक साथ मिलकर धूमधाम से मनाया जाता है और उनको समाज का भी साथ मिलता रहता है। उन्होंने बताया कि बसंत पंचमी पर्व पर मां सरस्वती पूजन, दीप प्रज्जवलित किया गया और समाजसेवी संदीप गर्ग व ब्रह्मकुमारी सुखधाम से आई बहन बी.के ज्योति जी को फूल गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कृष्णा गोयल, कमलेश बंसल, राज, भावना, गीता, ज्योति, शशि गुप्ता, दीपा गर्ग, उर्मिल सिंघल, सुनीता आदि मौजूद थी।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेवाड़ी एम्स के शिलान्यास समारोह का सभी विधानसभाओं में किया जाएगा सीधा प्रसारण

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

रेवाड़ी में स्थापित किये जा रहे एम्स (एआईआईएमएस) की आधारशिला 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे। इस समारोह का सीधा प्रसारण सोनीपत की सभी छह विधानसभाओं में किया जाएगा। सोनीपत विधानसभा का कार्यक्रम जीवीएम गर्ल्स कॉलेज में किया जाएगा, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डा. कमल गुप्ता शामिल होंगे। यह जानकारी उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने दी। उपायुक्त ने बताया कि समारोह को लेकर हर प्रकार की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जिला की सभी विधानसभाओं में शिलान्यास समारोह का प्रसारण करवाया जाएगा। बरोदा में परशुराम इंजीनियरिंग कॉलेज बली ब्राह्मणान में समारोह

**पीएम देंगे सौगात**

रेवाड़ी में स्थापित किये जा रहे एम्स (एआईआईएमएस) की आधारशिला 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रखेंगे

आयोजित किया जाएगा, जिसमें सांसद रमेश कौशिक मुख्यातिथि के रूप में शामिल होंगे। विधायक मोहनलाल बड़ौली राई विधानसभा क्षेत्र के कार्यक्रम में मुख्यातिथि होंगे, जिसका आयोजन मोतीलाल नेहरू खेलकूद विद्यालय (एमएनएसएस) राई में किया जाएगा। गन्नौर में कोर्ट कॉम्पलेक्स में प्रधानमंत्री मोदी के शिलान्यास समारोह का प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में गन्नौर की विधायक निर्मल चौधरी हिस्सा लेंगी। इसी प्रकार गोहाना में हंस ध्वनि सभागार में समारोह का आयोजन करवायेंगे, जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा करेंगे। इसके साथ ही खरखौदा में कन्या महाविद्यालय में समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें बतौर मुख्यातिथि जिला परिषद की चेयरपर्सन मोनिका दहिया शामिल होंगी। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने बताया कि विधानसभाओं में स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत 12 बजे की जाएगी, जबकि रेवाड़ी समारोह का सीधा प्रसारण दोपहर 01:00 बजे होगा।

# स्कूल प्रबंधन कमेटी की बैठक का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में विद्यालय प्रबंधन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट द्वारा की गई। उन्होंने एसएमसी के सदस्यों को एसएमसी के कार्यकाल और जिम्मेवारियों के बारे में अवगत कराया।

उन्होंने बताया कि विद्यालय नामांकन में सुधार, नई शिक्षा नीति, मिड डे मील की मात्रा व गुणवत्ता की जांच करना, विद्यार्थियों की नियमित हाजिरी, शिक्षा को बेहतर बनाने में सहयोग करना अभिभावकों की जिम्मेदारी है।

# किसने सजाया तुम्हें सांवरे, बनड़ा बनाया तुम्हे सांवरे......पर झूमे श्याम प्रेमी

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**खाटूश्याम जी के प्रचार प्रसार को समर्पित नगर की विख्यात संस्था समस्त श्यामप्रेमी परिवार,कुरुक्षेत्र द्वारा आजाद नगर के साधु फार्म में बुधवार रात्रि 514वां श्री श्याम संकीर्तन व भंडारा आयोजित किया गया। श्यामप्रेमी अजय गोयल ने बताया कि आयोजक बलबीर सिंह,सुरेश,विनय और रामदिया परिवार सहित अन्य श्यामप्रेमियों ने पूजन में हिस्सा लिया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने पंक्तिबद्ध होकर भव्य श्याम दरबार के दर्शन किए। श्याम दरबार की आभा देखते ही बन रही थी। पुष्प श्रृंगार और इत्र की खुशबू



से वातावरण महक उठा। इस दौरान गायक गौरव शान और अभिषेक शर्मा ने श्याम भजनों की झड़ी लगाई जिनमें हारे का तू है सहारा सांवरे, हमने भी तुमको पुकारा सांवरे...., किसने सजाया तुम्हें सांवरे, बनड़ा बनाया तुम्हे सांवरे....और देख यह मन भाए रे मेरा श्याम रंगीला... इत्यादि भजनों पर सभी भक्त भावविभोर होकर झूम उठे। श्याम भक्तों ने बारी-बारी से चंवर सेवा की।

# खेल प्रतियोगिता में मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** रलीधर डीएवी पब्लिक स्कूल के छात्र न केवल शिक्षा क्षेत्र मे बल्कि खेलो मे भी अपना परचम लहराते हैं। पुलिस डीएवी पब्लिक विद्यालय मे डीएवी राष्ट्रीय खेल क्लस्टर स्तर टूनार्मेंट आयोजित की गई। ये टूनार्मेंट 8 दिसम्बर से 10 दिसम्बर तक चली। इन टूनार्मेंट मे मुरलीधर डीएवी स्कूल के छात्रों ने कुल 117 मैडल प्राप्त किये, जिनमे 29 गोल्ड, 87 सिल्वर व एक ब्रॉन्ज पदक विभिन्न खेलो क्रिकेट, फुटबाल, एथलीट, तैराकी, कराटे, ताइक्वांडो, चैस, योगा मे प्राप्त किये। वुशु मे अंडर 14 मे करण व रोबिन ने गोल्ड, कराटे मे अंडर 14 मे रिदम व रमनप्रीत ने ताइक्वांडो मे अंडर 14



मे, हरजस, हरजोत, चिराग, आदित्य, शुभम (अंडर 19 मे) व एथलीट मे गर्व अंडर 17 मे प्राप्त किये। आर्यन शर्मा ने डी ए वी राष्ट्रीय खेलो मे तैराकी प्रतियोगिता मे तेजस्वीर ने (अंडर 17) मे दो ब्रॉन्ज मैडल प्राप्त किये। यह राष्ट्रीय खेल नोएडा मे आयोजित किया गया था। गुरुसेवक ने (अंडर 14) मे भार (81 किलो) भार उठाने की प्रतियोगिता मे गोल्ड पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता सोनीपत मे आयोजित की गई थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य व (अतिरिक्त क्षेत्रीय अधिकारी) जोन-डी, डॉ आर आर सूरी ने विजेता छात्रों को बहुत-बहुत बधाई दी व उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि खेलों का भी हमारे जीवन मे उतना ही महत्व है जितना कि शिक्षा का, खेलने से शरीर के

**जीता**

खेलने से शरीर के साथ-साथ मन भी तंदुरुस्त होता है, छात्रों को अधिक खेलों की ओर भी जागरूक होना चाहिए

साथ-साथ मन भी तंदुरुस्त होता है अतः छात्रों को अधिक से अधिक खेलो की ओर भी जागरूक होना चाहिए।

विद्यालय के सीनियर स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री सुरेश चंद्र कौल, स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर श्री अनमोल व खेल शिक्षक श्री लवदीप के मार्गदर्शन मे ही इन छात्रों ने सफलता प्राप्त की।

# पंजाब में किसानों ने रोकी ट्रेनें, अंबाला में दिखा असर



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**पंजाब** में किसानों द्वारा रेल रोकने का सीधा असर अंबाला छावनी में देखने को मिला। रेलवे स्टैशन पर अनेक ट्रेंनें देरी से पहुंची। जिसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं रेलगाड़ियों के रद होने के कारण यात्री इधर उधर भटकते नजर आए। किसान आंदोलन पार्ट 2 की शुरूआत हो चुकी है जिसका आज तीसरा दिन है ! इसके लिए हरियाणा पुलिस प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए है वहीं आज किसान संगठनों द्वारा 12 से 4 बजे तक पंजाब में रेलवे ट्रैक जाम करने का एलान किया गया है जिसकी वजह से रेलवे विभाग द्वारा कुछ ट्रेंस को कैंसिल किया गया है तो वहीं कुछ के रूट को डायवर्ट किया गया है ! इसपर ज्यादा जानकारी देते हुए अंबाला रेलवे मंडल डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि किसानों द्वारा 12 से 4 बजे तक पंजाब में पांच छ जगह रेल को रोकने का आवाहन किया है । उन्होंने बताया की इस वजह से हमने 6 गाड़ियों को डायवर्ट किया है और 3 गाड़ियों को कैंसिल किया है और वहीं दो गाड़ियों को शॉर्ट टर्म किया गया है जिससे यात्रियों की असुविधा कम हो सके !

**प्रभावित**

**8 पंजाब में किसानों द्वारा रेल रोकने का सीधा असर अंबाला छावनी में देखने को मिला**

रेल के जो प्वाइंट है वो एक सुनाम , जेतुके , मलोट और राजपुरा मैं है जहां पर किसने ने रेल को रोकने का एलान किया है ! वहीं ऊफ्ट ने कहा कि रोड जाम के कारण ट्रेन में भीड़ भड़ी है ! डीआरएम मनदीप सिंह भाटिया ने बताया कि यात्रियों ने भी बताया कि रेलगाड़िया के रद्द होने के कारण उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर रास्ते रोकना उचित नहीं है पैसे में लोगों को परेशानी होती है उन्होंने कहा कि यह रास्ते जल्द खोले जाए। वही अंबाला छावनी बस अड्डे पर भी आज यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा यात्री ने बताया कि पंजाब की ओर जाने वाले रास्ते पर किसान बैठे हुए हैं जिसके चलते मार्ग बंद है किसानों को चाहिए वह रास्ते रोकने जैसे आंदोलन न करें इससे दूर दराज क्षेत्र से आने वाले लोगों को परेशानी होती है।

# रेवाड़ी कार्यक्रम के प्रसारण की तैयारियां पूर्ण

## उपायुक्त ने अधिकारियों की लगाई जिम्मेदारी

**तैयारी**

**8 कार्यक्रम को भव्य व यादगार तरीके से आयोजित करने को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयार कर ली है**



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**जिले** के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 16 फरवरी (शुक्रवार )को रेवाड़ी में आयोजित किये जा रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को भव्य व यादगार तरीके से आयोजित करने को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयार कर ली है। इस कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से सीधा प्रसारण नागरिकों को दिखाया जायेगा। प्रसारण को सुचारू करने को लेकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में एलईडी कार्यक्रम स्थल पर लगाई जायेंगी। कार्यक्रम का पूरा स्वरूप विकसित भारत के तहत आयोजित किये गये जन संवाद की तर्ज पर रहेगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न विभागों की बैठक उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में गुरूवार को दोपहर बाद जिला सचिवालय में सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर जिम्मेदारियां बाटी। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि कार्यक्रम में सभी चारों विधान सभा क्षेत्र के पेंशन लाभार्थियों को पेशन से संबंधित प्रमाण पत्र वितरित किये जायेंगे।

बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि कार्यक्रम में कोई कोर कसर नहीं रहनी चाहिये। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रेवाड़ी कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जनता को दिखाया जायेगा। कार्यक्रम में सभी विभागों के स्टॉल लगाये जायेंगे। कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए बैठने से लेकर प्रसारण को देखने तक की व्यवस्था बेहतरीन तरीके से की गई है।

**न्यूज फ्लैश**

## ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड ने सेबी के समक्ष डीआरएचपी फाइल किया

**नोएडा।** ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड (कंपनी) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है।
कंपनी की योजना इक्विटी शेयरों (अंकित मूल्य 1 प्रत्येक) के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के माध्यम से धन जुटाने की है। इश्यू ऑफर में 120 करोड़ तक के इक्विटी शेयरों का नया इश्यू (फ्रेश इश्यू) और सेलिंग शेयरधारकों द्वारा 66,677,674 इक्विटी शेयर तक की बिक्री की पेशकश (बिक्री के लिए ऑफर) शामिल है।
ले ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी लिमिटेड इक्सिगो ब्रांड के माध्यम से संचालित होता है, जिसमें एक मल्टी-ऐप रणनीति है। इक्सिगो कई ब्रांडों का मालिक है और उनका संचालन करता है - इक्सिगो फ्लाइट्स, इक्सिगो ट्रेन्स, कन्फर्म टिकट और अभिबस- जिनमें से प्रत्येक के पास अपने स्वयं के ऐप हैं, और जिनमें से प्रत्येक के पास अपने संबंधित लक्षित ग्राहक समूहों के लिए उड़ान, ट्रेन, बसों और होटलों के इस्तेमाल से जुड़े मामले हैं।
कंपनी एक टैक्नोलॉजी कंपनी है जिसका ध्यान भारतीय यात्रियों को रेल, हवाई, बसों और होटलों में अपनी यात्राओं की योजना बनाने, बुक करने और प्रबंधित करने के लिए सशक्त बनाने पर केंद्रित है। एफ एंड एस रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी अगले अरब उपयोगकर्ताओं के लिए अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर (ओटीए) है, जिसका फोकस स्थानीय सामग्री और ऐप सुविधाओं पर है जिसका उद्देश्य टियर टू/टियर थ्री यात्रियों की समस्याओं को हल करना है (स्त्रोत- एफ एंड एस रिपोर्ट)। वित्तीय वर्ष 2023 में परिचालन से समेकित राजस्व के मामले में यह भारत में दूसरा सबसे बड़ा ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर है (स्त्रोत- एफ एंड एस रिपोर्ट)। कंपनी ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर रेल बाजार में सबसे बड़ी भारतीय ट्रेन टिकट वितरक है और 31 मार्च, 2023 तक ऑनलाइन ट्रैवल एग्रीगेटर के बीच रेल बुकिंग के मामले में इसकी बाजार हिस्सेदारी लगभग 51 प्रतिशत थी।

## ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने करनाल, हरियाणा में अपना विशेष डिस्प्ले सेंटर लॉन्च किया

**करनाल :** सरफेसिंग सोलूशन्स के लिए दुनिया के प्रमुख 3 निमार्ताओं में से एक ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज ने हाल ही में सदर बाजार, टिम्बर मार्केट, करनाल, हरियाणा में स्थित बत्रा टिम्बर प्रा. लिमिटेड शोरूम में अपने पहले विशेष डिस्प्ले सेंटर का उद्घाटन किया। इस डिस्प्ले सेंटर में ग्राहकों को सजावटी लकड़ी के पत्तर, लकड़ी के फर्श, लैमिनेट्स, और क्लैड्स की एक विशाल और आश्चर्यजनक रेंज मिलेगी, जिससे यह एक ही छत के नीचे विभिन्न कलेक्शन पेश करने वाला शहर का पहला डिस्प्ले सेंटर होगा।ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज को घर की सुंदरता के साथ उच्च गुणवत्ता वाले सरफेस सोलूशन्स बनाने के लिए जाना जाता है। इनके उत्पाद अपनी उत्तमता और बेहतरीन कला के साथ इस ब्रांड की विरासत प्रदर्शित करते हैं, जो इसके मुख्य ब्रांड्स की रेंज में स्पष्ट दिखाई देता है।ग्रीनलैम लैमिनेट्स शीट में अनेक खास विशेषताएं हैं, जैसे ये एंटी-बैक्टीरियल, फायर रिटार्डेंट, गर्मी, खरोंच और प्रभाव प्रतिरोधी हैं, तथा लैमिनेट एवं कॉम्पैक्ट कलेक्शंस में विभिन्न उत्पाद श्रेणियाँ प्रदान करते हैं। ग्रीनलैम क्लैड्स में पेटेंटेड जीएलई तकनीक है, जो इन्हें हर मौसम में टिकाऊ बनती है। इसका सजावटी लकड़ी पत्तर ब्रांड, डेकोवुड वेनियर्स, टीडी तकनीक जैसी नई तकनीक के साथ 200 से ज्यादा प्रकार के लकड़ी के पत्तरों का सबसे बड़ा संग्रह पेश करता है, जो ग्रेन पैटर्न को ज्यादा गहरा एवं सुंदर बनाते हैं। उद्घाटन के अवसर पर इस डिस्प्ले सेंटर में आर्किटेक्ट्स और इंटीरियर डिजाइनरों, ठेकेदारों और ग्राहकों के साथ बत्रा टिम्बर प्रा. लिमिटेड के डायरेक्टर, राजेश बत्रा मौजूद थे। उद्घाटन के अवसर पर ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज के कंट्री हेड - ग्रीनलैम एंड अलाइड सेल्स, अनुज संगल ने कहा- हम हरियाणा-करनाल के उद्योगी शहर में ग्रीनलैम के उत्पादों की विशाल संग्रह प्रदान करने के लिए अपना पहला डिस्प्ले सेंटर लॉन्च करके खुश हैं। यह अभिनव डिस्प्ले सेंटर हमारे ब्रांड के सर्वश्रेष्ठ आंतरिक और बाहरी उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करेगा। यहाँ ग्राहक एक ही छत के नीचे सरफेसिंग उत्पादों का विस्तृत संग्रह देख सकेंगे और हमारी विविध पेशकशों का अनुभव ले सकेंगे। हमारे उत्पादों को प्रत्यक्ष रूप से छूने और महसूस करने के अवसर के साथ, हमारा उद्देश्य खरीदारी की प्रक्रिया को बहुत आसान और सुविधाजनक बनाना है, ताकि हमारे बहुमूल्य

# स्कूटी सवार महिला की चेन झपट कर बाइक सवार भागे

## मुरथल रोड पर बाइक सवार दो युवकों ने दिया वारदात को अंजाम, महिला का आरोप बाइक सवार युवकों ने अचानक उनकी स्कूटी की तरफ मोड़ दी बाइक, गति कम की तो गले से चेन झपट ली

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सेक्टर-27 शहर** थाना क्षेत्र के जीवन विहार में बाइक सवार दो युवक स्कूटी पर घर जा रही महिला के गले से सोने की चेन झपटकर भाग गए। महिला कपड़ा मार्केट से अपने घर जा रही थी। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग उनके हाथ लग सके। गली नंबर-7 जीवन विहार निवासी गीता ने बताया कि वह मंगलवार दोपहर को कपड़ा मार्केट में गई थी। वहां से वह स्कूटी पर सवार होकर अपने घर लौट रही थी।

स्कूटी सवार महिला के गले से सोने की चेन झपटने के आरोप की शिकायत मिली है। इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द बदमाशों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**एसआई देवेंद्र सिंह, जांच अधिकारी सेक्टर-27 शहर थाना सोनीपत।**

इसी दौरान दो युवक नीले रंग की बाइक लेकर आए। उन्होंने उनके पास आने के बाद अचानक अपनी बाइक को उनकी स्कूटी की तरफ मोड़ दिया। जिससे उन्होंने अपनी स्कूटी की गति को कम कर दिया। स्कूटी की गति कम करते ही बाइक पर पीछे बैठे युवक ने उनके गले से सोने की चेन झपट ली। अचानक हुए घटनाक्रम वह कुछ नहीं समझ पाई। युवक वारदात को अंजाम देकर वापस गीतांजलि गार्डन की तरफ भाग गए। उन्होंने मामले से अपने परिजनों को अवगत कराया। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी गई। पुलिस ने झपटमारी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मंगलवार सुबह भी बाइक सवार झपटमारों ने जीवन विहार निवासी मनोज देवी के गले से सोने की चेन झपट ली थी। घर में दुकान चलाने वाली मनोज देवी से युवक सिगरेट लेने आया था। उसके बाद चेन झपटकर भाग गया था।

# जिला टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**निरोगी हरियाणा** के संदर्भ में गुरूवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उपायुक्त ने अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हमें बैठक की गहराई को समझना चाहिये व गरिमा पूर्वक उसका निर्वाहन करना चाहिये। निरोगी हरियाणा कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर हमें मेहनत करने की जरूरत है।

उपायुक्त ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी शेड्यूल तैयार कर उसको अमल में लाये। सभी गांव में निरोगी हरियाणा के बारे में पहले मुनादी कराये। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिये की इस कार्य को गंभीरता से करें। उपायुक्त ने निरोगी हरियाणा कार्यक्रम में शिक्षा विभाग को पूरे आंकड़े देने की जिम्मेदरी दी। इस मौके पर सीएमओ जयंत आहुजा, जिला शिक्षा अधिकारी कुलदीप दहिया के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**टास्क फोर्स**

**8 अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि हमें बैठक की गहराई को समझना चाहिये**

# बसंत पंचमी पर सैंकड़ों युवाओं ने ज्वाइन की भाजपा

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**बसंत** पंचमी एवं ज्ञान की देवी माँ सरस्वती जयंती के शुभ अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया । इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट की मौजूदगी में सुमित त्यागी के नेतृत्व में सैंकड़ों युवा कार्यकर्ताओ ने भाजपा को ज्वाइन किया ` भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने पटका पहनाकर इन कार्यकताओं का स्वागत कियो उन्होंने आश्वासन देते हुए कहा कि उनका पार्टी में पूरा मान सम्मान किया जायेगा ` भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि मोदी सरकार की अन्तोदय की नीतियों, सुशासन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी पूरी पारदर्शिता के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि अंतोदय सरल पोर्टल पर 50 सरकारी विभागों की 671 योजनाए और सेवाए ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से लोगो तक पंहुचाई जा रही हैं भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और कार्यकर्ताओं को सबसे अधिक सम्मान भी इसी पार्टी में दिया जाता है` देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 5 महान विभूतियों को भारत रत्न देकर समाज के सभी वर्गों का मन जीत लिया है।

# युवक पर पिस्तौल तान कर दो हजार लूटे

## विरोध करने पर युवक के सिर पर बट मारकर किया घायल, कुंडली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के टीडीआई में पिस्तौल के बल पर दो हजार रुपये की राशि लूटने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस बदमाशों की तलाश के प्रयास कर रही है।
बधवाराम कॉलोनी पानीपत हाल में सनसाइन काउंटी बढखालसा निवासी अजय ने बताया कि गत 12 फरवरी को करीब 11 बजे अपने दोस्त साहिद के साथ रेडियो मॉल कुंडली में बैठे हुए थे। उसी दौरान दो नौजवान लड़के हमारे पास आए। उन्होंने पिस्तौल निकालकर सिर पर लगा दिया। उसके बाद कहने लगे कि जो कुछ भी पास में है, उसे निकालकर दे दो नहीं तो गोली मार दूंगा। पीड़ित ने बताया कि वह पिस्तौल के डर से डर गया। एक लड़का उसकी जेब से रुपये निकालने लगा। जिसका विरोध किया तो पिस्तौल का बट उसे मारकर घायल कर दिया। उसके बाद जेब से दो हजार रुपये निकाल लिए। जबकि दूसरे लड़के ने उसे दोस्त को थप्पड़ मारे। झगड़ा देखकर कुछ लोग उन्हें छुड़वाने के लिए आने लगे तो दोनों लड़के धमकी देकर फरार हो गए। सिर से खुन निकलने के कारण वह डर गया। उसके बाद अपने घर पर पहुंचा। मामले को लेकर परिजनों को अवगत करवाया। उसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई रविंद्र कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## दिल्ली की तरफ से फ्लाईओवर के ऊपर 600 मीटर क्षेत्र में की बैरिकेड

**सोनीपत: संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनी**तिक) दिल्ली कूच के आह्वान के बाद कुंडली-सिंघु बॉर्डर पर पुलिस ने पूरी तरह से बंद कर दिया है। बॉर्डर पर संपर्क मार्ग के साथ ही फ्लाईओवर के ऊपर करीब 600 मीटर क्षेत्र को बैरिकेड समेत अन्य संसाधनों से पूरी तरह भर दिया है। दिल्ली पुलिस के नाके को तोड़ना किसानों के लिए चुनौती होगा। इसके साथ ही निगरानी बढ़ा दी है। 500 मीटर क्षेत्र में खंभों पर सीसीटीवी लगाए गए है। सोनीपत के पुलिस आयुक्त बी सतीश बालन व दिल्ली के अधिकारियों ने बॉर्डर पर स्थिति का जायजा लिया है।

# दो दिनों के लिए जिले में रोडवेज की बसों का रहेगा टोटा

## विभाग की तरफ से 75 बसों को रेवाड़ी एम्स के उद्घाटन के लिए भेजा, यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**रोडवेज** विभाग की तरफ से सोनीपत डिपो के बेड़े में शामिल बसों को प्रशासनिक ड्यूटी के साथ-साथ राजनीतिक कार्यक्रमों में भेजने के आदेश मिले है। विभाग की तरफ से मिले आदेशों में आगामी दो दिनों के लिए यात्रियों को परेशानी का सामना करने पर मजबूर होना पड़ सकता है। रेवाड़ी एम्स का उद्घाटन करने के लिए पहुंचे रहे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के चलते रोडवेज की 75 बसों को रेवाड़ी के लिए भेजा जा रहा है। वहीं 50 बसों को नूंह के लिए भेजा जा रहा है। पहले ही 36 रोडवेज विभाग की बसें प्रशासनिक डयूटी में तैनात है। बसों की कमी का खामियाजा आगामी दिनों में यात्रियों को झेलने पर मजबूर होना पड़ेगा। बता दें कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी जिले में एम्स का उद्घाटन करने के लिए पहुंच रहे है। जिसको लेकर रोडवेज विभाग की तरफ से सोनीपत व गोहाना बेड़े में शामिल बसों को रेवाड़ी व नूंह में भेजने के आदेश मिले है। विभाग की तरफ से मिले आदेशों में सोनीपत डिपों से 75 बसें, झज्जर डिपों से 150 बसे, रोहतक बस डिपों से 50 बसें, पानीपत डिपों से 50 बसें कैथल डिपों से 25 बसें, पलवल डिपों से 10 बसे व करनाल डिपों से 50 बसें सहित गोहाना से 50 बसें भेजने के निर्देश मिले है। झज्जर व रोहतक से भेजी जाने वाले 200 बसों को हुड्डा ग्राउंड मिनी सचिवालय के पीछे रेवाड़ी में तैनात रखने के निर्देश है। वहीं अन्य जिलों से भेजी जाने वाली बसों को पार्किग ग्राउंड गढ़ी-बेलनी रोड नजदीक पायलेट चौक सेक्टर 18 रेवाड़ी में भेजने के निर्देश मिले है।

**यात्रियों के लिए नाममात्र रह जायेगी बेड़े में बसें-**
**सोनीपत-गोहाना** डिपों को मिलाकर विभाग के पास कुल 154 बसें बेड़े में बताई जा रही है। वहीं 60 बसें किलोमीटर स्कीम के तहत विभाग के पास है। ऐसे में रेवाड़ी व नूंह में बसों के जाने के बाद सोनीपत व गोहाना में बसों की कमी देखी जायेगी। वहीं किसान आंदोलन के चलते पहले ही बेड़े से 30 बसों को प्रशासनिक डयूटी में तैनात किया हुआ है। ऐसे में बसों की कमियां का खामियाजा आमजन को दो दिनों तक भुगतने पर मजबूर होना पड़ेगा।

**राजधानी दिल्ली के रास्ते रूके, नहीं जा रही बसें-**
डिपों सोनीपत से हर रोज सेकड़ों की संख्या में दैनिक यात्री रोडवेज की बसों में राजधानी दिल्ली के लिए सफर करते है।

# सेवा विभाग के माध्यम से विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ उठाएं

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**हरियाणा** सरकार द्वारा समाज के कल्याण एवं उत्थान के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग के माध्यम से विभिन्न पेंशन योजनाएं जैसे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता, 0-18 स्कुल न जाने वाले मंदबुद्धि बच्चों को वित्तीय सहायता, किन्नर भत्ता, बौना भत्ता, अविवाहित व विधुर पात्रों को वित्तीय सहायता, कैंसर की बीमारी से पीड़ित पात्रों को वित्तीय सहायता व दुर्लभ बीमारी से पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता आदि संचालित की जा रही है। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पैंशन, अविवाहित व विधुर पात्रों को वित्तीय सहायता का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र आवेदक को आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि परिवार पहचान पत्र के माध्यम से डाटा प्राप्त होने उपरान्त जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय द्वारा पात्रों से पेंशन लेने हेतु स्वीकृति ली जाती है तथा उनकी पेंशन स्वीकृत कर दी जाती है। जिला पानीपत में अब तक 10086 पात्रों की वृद्धावस्था पेंशन, 386 पात्रों की दिव्यांग पैंशन, 567 पात्रों की विधुर व अविवाहित पात्रों को वित्तीय सहायता व 42 विधवा पात्रों की प्रो-एक्टिव के माध्यम से पेंशन स्वीकृत की जा चुकी है।

# निगम सोनीपत क्षेत्र में 50 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मिली हरी झंडी



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**वीरवार को** मेयर कार्यालय नगर निगम में वित्त एवं अनुबंध कमेटी की बैठक मेयर निखिल मदान की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मेयर निखिल मदान ने बताया कि निगम क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए आज लगभग 50 करोड़ के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों में मुख्य रूप से वार्ड नं 3 में खन्ना कालोनी और हेम नगर की सीवरेज लाइन को 90 लाख रुपए की लागत से बदला जायेगा। वार्ड नं 5 में जीवन विहार एक्सटेंशन की गलियों को इंटरलॉकिंग टाइल्स से 1 करोड़ 6 लाख रुपए की लागत से पक्का किया जायेगा,साथ ही विकास नगर एक्सटेंशन की गलियों को 66 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जायेगा। इसके साथ ही वार्ड नं 5
की मामचंद कालोनी, देवडू रोड और गीतांजलि गार्डन के पीछे की सभी कच्ची गलियों को 80 लाख की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जायेगा। वार्ड नं 6 आर के कालोनी की गलियों को 1 करोड़ 12 लाख 28 हजार रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से पक्का किया जायेगा। वार्ड नं 7 में 55 लाख रुपए की लागत से रायपुर गांव में व्यायामशाला बनाई जाएगी ,82 लाख रुपये की लागत से रायपुर,लिबासपुर,शामाबाद,इंदिरा कॉलोनी और सिद्धार्थ एन्क्लेव में गलियों को पक्का किया जायेगा और मरम्मत की जाएगी।
वार्ड नं 8 लिवान गांव में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से सीवरेज लाइन ,राई गांव में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की लागत से सीवरेज लाइन बिछायी जाएगी। साथ ही राई गांव में 1 करोड़ 28 लाख से पूरी फिरनी को आर एम-सी से पक्का किया जायेगा। वहीं लिवान गांव में 67 लाख रुपए की लागत से स्टॉर्म वाटर लाइन डाली जाएगी। वार्ड नं 9 कलावती विहार गोल्डन एरा स्कूल के सामने 67 लाख रुपए की लागत से इंटरलॉकिंग टाइल्स से गलियों को पक्का किया जायेगा। जगदीशपुर गांव की मुख्य सड़क से जगदीशपुर रेलवे स्टेशन तक के रास्ते को 54 लाख रुपए की लागत से सी सी से पक्का किया जायेगा। वार्ड नं 9 में 5 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से राठधना गांव के हरिजन बस्ती तालाब, शमशान घाट के साथ लगते तालाब, बाल्मीकि बस्ती तालाब और जाट जोशी गांव के शमशान के साथ लगते तालाबों की सफाई और उनका कायाकल्प किया जायेगा। साथ ही राठधना गांव में शिव मंदिर के साथ पड़ी खाली जगह पर 70 लाख रुपए की लागत से नया पार्क बनाया जायेगा। वार्ड 10 में 57 लाख रुपए की लागत से जनता कालोनी में पेयजल पाइपलाइन बिछायी जाएगी ,59 लाख रु की लागत से टूलिप हॉस्पिटल वाली गली में सीवर लाइन बदली जाएगी, साथ ही 90 लाख रु की लागत से महाराणा प्रताप चौक से ड्रेन नंबर 6 तक सीवर लाइन बिछायी जाएगी।
वार्ड 12 में गौतम चौक मॉडल टाउन से सुजान सिंह पार्क तक 82 लाख रु की लागत से आर एम-सी से सड़क बनाई जाएगी।

# 'भांखड़ा बांध के असली निर्माता थे दीनबंधु छोटूराम'

## 'दीनबंधु छोटूराम नहीं होते तो हम गरीब ही रहते'

**जयंती**

**8 सोनीपत-गोहानरा सड़क मार्ग स्थित छोटूराम धर्मशाला में धूमधाम से छोटूराम जयंती समारोह मनाया गया।**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**सोनीपत-गोहानरा सड़क** मार्ग स्थित छोटूराम धर्मशाला में धूमधाम से छोटूराम जयंती समारोह मनाया गया। इस जयंती समारोह का संयोजन और संचालन छोटूराम स्मारक समिति, सोनीपत के सहसचिव व साहित्यकार डा.सन्तराम देशवाल ने किया। इस आयोजन के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध शिक्षाविद् राममेहर सिंह छिक्कारा ने अपने उद्बोधन में कहा कि दीनबंधु छोटूराम नहीं होते, तो किसान गरीब ही रहते। उन्होंने गरीबों का उद्धार किया। डा.सन्तराम देशवाल ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि दीनबंधु छोटूराम ही भांखड़ा बांध के असली निमार्ता थे। अपने अध्यक्षीय भाषण में चौधरी लालसिंह आंतिल ने कहा कि समय-समय पर समाज के उद्धार के लिए दीनबंधु छोटूराम जैसे महापुरुष जन्म अवश्य लेते है। इस जयंती समारोह में हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी का प्रतिष्ठित सूर साहित्य सम्मान मिलने पर डा. सन्तराम देशवाल को सम्मानित किया। इससे पहले अपने स्वागत भाषण में समिति के महासचिव चौधरी जयलाल मान ने सभी का स्वागत करते हुए धर्मशाला की उपलब्धियों से अवगत करवाया। इस जयंती समारोह में विद्यालय और महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की भाषण और गीत-भजन-रागनी प्रतियोगिता आयोजित की गई और विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इन प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका पूर्व उपकुलपति डा.दलीप सिंह चौधरी, डा.संदीप दहिया, डा.अनीता देवी, सत्यवान सरोहा ने निभाई।

# उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को बांटे गए चूल्हेः हरीश असड़ी






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी की उज्ज्वला योजना के तहत मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं को मुफ्त गैस चूल्हा और सिलेंडर दिए गए। इस दौरान चांदनी चौक लोकसभा सीट से सांसद डा. हर्षवर्धन ने उन महिलाओं को गैस सिलेंडर दिए जो अभी तक गैस चूल्हे से वंचित थी। कार्यक्रम का आयोजन सरिका श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के दौरान उज्वला योजना दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राकेश प्रजापति, राणा प्रताप बाग से पूर्व निगम प्रत्याशी व भाजपा के वरिष्ठ नेता हरीश असड़ी, मंडल अध्यक्ष सुभाष असड़ी, मॉडल टाउन विधानसभा प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, भाजपा नेता प्रेम चंद गुप्ता सहित भाजपा के अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**पीएम मोदी ने लोकहित में चलाई अनेकों योजनाएंः** इस मौके पर हरीश असडी ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विचारधारा पर पार्टी कार्य कर रही है और भाजपा का हमेशा से ही एक ही लक्ष्य रहा है कि बिना भेदभाव के देश के लोगों को साथ लेकर चलना, गरीबी से उपर उठाकर लोगों को कैसे खुशहाल बनाया जाए। जिसके लिए पीएम मोदी ने अनेकों योजनाएं चला रखी है, जिससे की लोगों को लाभ भी मिल रहा है। वहीं हरीश असड़ी ने कहा की वैसे तो पीएम मोदी ने अनेकों योजनाएं चला रखी है जिसको गिनवाया जाए तो दिन ही बीत जाएगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# क्षेत्र में साफ-सफाई व्यवस्था पर दिया जा रहा है ध्यानः अजीत यादव




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वार्ड** नम्बर-17 भलस्वा वार्ड के निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा कुशल सिनेमा रोड़ के पीडब्ल्यूडी नालों की समस्या को देखते निगम पार्षद अजीत यादव ने खुद खड़े होकर सुपर सोकर मिशन और जेसीबी मशीन से कुशल सिनेमा रोड़ के पीडब्ल्यूडी नालों की सफाई करवाई गई। इस अवसर पर निगम पार्षद अजीत यादव ने बताया कि जहां पर नाले और पुलिया बंद थे उनको जेसीबी मशीन से ओपन करवाया गया। जिससे कि वार्ड के लोगों को कोई समस्या न हो। उन्होंने आगे बताया कि क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या से रूबरू न होना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र का कोई व्यक्ति परेशान है, तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है। उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि अपने घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान व कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ नजर आये।

# बसंत पंचमी पर 6 कन्याओं का हुआ विवाह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बसंत** पंचमी के शुभ अवसर पर बुराडी जिले में 6 कन्याओं का शुभ विवाह सम्पन्न हुआ। विवाह का कार्य वेद पार्टी लोन मेंन 100 फूटा रोड़ नत्थूपुरा बुराड़ी में सपन्न हुआ। इस बार खास बात ये रही की जिले में पहली बार घुमंतू समाज( गाड़िया लुहार ) से भी एक जोड़ा रहा। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संतोषी मड़वाल की भजन मंडली ने सरस्वती वंदना व गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। बारात आने का सिलसिला साढ़े नौ बजे से शुरू हुआ। बारात का स्वागत बाजे-गाजे ढोल मजीरा, पुष्प वर्षा, चंदन का तिलक लगा कर किया गया। बारी-बारी से जय माला व फेरों की रस्म पूरी हुई महिला कार्यकर्ता व



शिक्षिका, निरिक्षिका के तत्परता से सभी काम उत्कृष्ट तरीके से सम्पन्न हुए। इस बीच समाज के गणमान्य सज्जन शक्ति सिंह चौहान बुरारी ज़िला और दानदाताओं का मंच पर अभिनंदन कार्यक्रम भी अनवरत चलता रहा। विवाह में आये सभी बाराती व अतिथियों ने स्वादिस्ट भोजन का आनंद लिया। व्यवस्था में बुराड़ी नगर कार्यवाह संदीप व उनके साथ स्वयसेवकों ने सहयोग दिया। जिससे सभी कार्य समय से सम्पन्न हो सके।

इस अवसर पर देविन्दर जोशी ने अपने उद्बोधन भाषण में नव युगलों को सुखी दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विजेंदर शर्मा, लल्लन, श्री कांत, राज नरेश, दिनेश, दान बहादुर, कुंदन, बहन सिमरन, आजाद सिंह मंत्री, नरिंदर त्यागी, खुशीराम, रीना मौजूद रहे।

# मॉडल टाउनः पार्टी के विश्वास पर खरा उतरने का भरसक करूंगी प्रयासः संजना

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले वार्ड-68 स्थित महेंद्रू इंकलेव में रहने वाली संजना को चांदनी चौक जिला से महिला मोर्चा उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसके बाद संजना ने दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, दिल्ली प्रदेश संगठन मंत्री पवन राणा, चांदनी चौक जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह व चांदनी चौक से महिला मोर्चा जिला अध्यक्षा गीता सक्सेना का आभार व्यक्त किया।



**पूरी निष्ठा से निभाउंगी जिम्मेदारीः** इसके साथ ही संजना ने कहा कि पार्टी ने मुझपर विश्वास दिखाते हुए दायित्व सौंपा है, मैं उस दायित्व को पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निभाउंगी जैसे पहले भी लोगों की सेवा करती रही हूं वैसे ही मैं लोगों की सेवा करती रहूंगी। वहीं संजना ने कहा कि भाजपा में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया जाता है, हमारी पार्टी नहीं एक परिवार है जहां सभी मिलजुल कर रहते है व लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते है।

**पार्टी नहीं एक परिवार है भाजपाः** संजना ने आगे कहा है भाजपा की नियत और नीति दोनों ही साफ है। भाजपा ने हमेशा ही लोगों के हितो के लिए काम किया है और आगे भी करती रहेगी। वहीं संजना ने बताया कि भाजपा देश की सबसे बड़ी और चहेती पार्टी है, जिसमें कार्यकर्ताओं से किसी भी तरह से भेदभाव नहीं किया जाता है। वहीं उन्होनें यह भी कहा है कि हमारी पार्टी हमेशा से ही लोकहित में निर्णय लेती है।

# जहांगीरपुरी में सरस्वती पूजा महोत्सव का हुआ आयोजन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में रेजीडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा सरस्वती पूजा महोत्सव का आयोजन कियाग या। इस मौके पर इन्द्रमनी तिवारी रेजीडेन्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष, रामनिवास चौधरी महासचिव के अलावा रमेश कुमार, रोहताश करौतिया, रमेश कुमार, राम सागर गुप्ता, रवि सोनकर, राजेश भाई सोनकर, हरिओम साहू, राजाराम साहू, कुंदन कुमार, संजय कोहली, मुकेश राजपूत, चौखे लाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान विधिवत् तरीके से मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई और रात्रि में भजन व कीर्तन का आयोजन किया। जिसमें बहुताय की संख्या में कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का कार्यक्रम के आयोजको ने स्वागत किया। इस अवसर पर इन्दरमनी तिवारी ने कहा कि मां सरस्वती ज्ञान की देवी है। सभी को इनकी पूजा सच्चे ह्दय से करनी चाहिए। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर 'जीवित रहे मातृभाषा पंजाबी' कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के मौके पर दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा कमेटी के पंजाबी भाषा प्रसार विभाग के अध्यक्ष हरदित्त सिंह व सह-अध्यक्ष राजिंदर सिंह विरासत के नेतृत्व में जीवित रहे मातृभाषा पंजाबी कार्यक्रम का सफल आयोजन माता सुंदरी कॉलेज में किया गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने पंजाबी भाषा प्रसार समिति को बधाई देते हुए कहा कि जो समुदाय मातृभाषा, विरासत और संस्कारों से जुड़े रहते हैं, वे हमेशा प्रगति करते हैं।



उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों में किसी ने भी पंजाबी भाषा प्रसार कमेटी के गठन के बारे में नहीं सोचा लेकिन हमने यह समिति बनाई जिसने बेहतरीन प्रयास करते हुए बच्चों को मातृभाषा से जोड़ा। आज अंतरराष्ट्रीय पंजाबी भाषा दिवस मनाने का उद्देश्य दुनिया को यह संदेश देना है कि हम अपनी मातृभाषा, विरासत और पंजाबियत को जीवित रखने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहे और हमारे बच्चों ने मंच पर अच्छा प्रदर्शन किया है। हमने अपनी भाषा को मातृभाषा के रूप में बोलना इसलिए शुरू किया क्योंकि जब तक भाषा रहेगी तब कि हमारे संस्कार व पृष्ठभूमि जीवित रहेगी। जिस व्यक्ति के पास संस्कार और पृष्ठभूमि होती है, वह व्यक्ति जीवन में हमेशा सफल होता है। सरदार कालका व सरदार काहलों ने कहा कि आधुनिक युग में लोग अपनी मातृभाषा से दूर होते जा रहे हैं। जिन घरों में हिंदी और अंग्रेजी में बातचीत होती है, वहां पंजाबी मातृभाषा कभी नहीं बचेगी। पंजाबी भाषा को गुरुओं का आशीर्वाद प्राप्त है। गुरु साहिब ने हमें गुरुमुखी लिपि का बेहतरीन उपहार दिया है। गुरु अंगद देव जी ने 35 अक्षरों से शुरूआत की और फिर 6 अक्षर और जोड़कर इसे 41 अक्षर कर दिया। जो बच्चा अपनी मातृभाषा से जुड़ता है वह गुरसिक्खी से कभी दूर नहीं हो सकता। आज के युग में नशे और सिक्खी के निरादरता का जो रोग समुदाय में आया है उससे बचने का एकमात्र उपाय है कि हम पंजाबी भाषा से जुड़े रहें। इस मौके पर अन्य लोगों के अलावा संयुक्त सचिव स. जसमेन सिंह नोनी, सदस्य गुरप्रीत सिंह जस्सा, स. परमजीत सिंह खुराना, स. इंदरप्रीत सिंह मोंटी, स. गुरुमीत सिंह शंटी, स. जतिंदरपाल सिंह गोल्डी, स. सतनाम सिंह सत्ता, स. बलजिंदर सिंह, स. सतनाम सिंह मारवाह, स. कुलविन्दर सिंह, स. हरदित्त सिंह, स. राजिंदर सिंह विरासत, स. अजीतपाल सिंह मौजूद रहे।

# मॉडल टाउनः भाजपा ने दी विकास को प्राथमिकताः माधव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संगम पार्क वार्ड -67 से भाजपा के पूर्व निगम पार्षद माधव प्रसाद ने कहा कि देश-प्रदेश के विकास के लिए भाजपा सरकार संकल्पित हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में हर क्षेत्र में विकास हुआ है। कानून का राज स्थापित किया गया है। वहीं माधव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा किया है। किसानों के फायदे के लिए लाये गए कृषि कानूनों को लेकर कांग्रेस ने भ्रम पैदा किया है, जबकि इन कानूनों से कृषि क्षेत्र को लाभ हो रहा है जोकि कांग्रेस कतई भी नहीं चाहती है। उन्होनें आगे कहा कि कानून-व्यवस्था से लेकर व्यापारियों बहन-बेटियों के सुरक्षातंत्र को मजबूती मिली है। पूर्व की सरकारों में विकास के नाम पर दिखावा किया गया व देश की जनता को वोट बैंक से अधिक नहीं समझा।

**भाजपा ने दी विकास को प्राथमिकताः** प्रधानमंत्री मोदी ने विकास और सम्मान को प्राथमिकता दी है। देश में तीव्र गति से विकास कार्य हो रहे हैं, जिनका सीधा लाभ जनता को मिल रहा है। हर वर्ग का सम्मान व विकास के आधार पर ही भाजपा जनता का विश्वास जीत रही है।

# एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर फल व सब्जी मंडी पर दिखने लगा आन्दोलन का असर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली के बार्डरों पर किसानों के हो रहे आन्दोलन के चलते उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब और अन्य रास्ते से आने वाले सैकड़ो ट्रक रास्ते में फंसने लगे हैं। इस कारण एशिया की सबसे बड़ी आजादपुर फल व सब्जी मंडी में फलों की कीमतों पर असर पडने लगा है। आपको बतादें कि एक सप्ताह पहले तक यह आपूर्ति दिल्ली को मिल रही थी, लेकिन कई सीमाएं बंद होने के बाद यह आपूर्ति एकाएक घटने लगी है।

राजधानी दिल्ली में हरियाणा, हिमाचल और जम्मू कश्मीर, पंजाब व अन्य राज्यों से फल और सब्जी की सप्लाई होती है। आंदोलन के चलते


सुमेर सिंह सैनी


राजू कोहली


बेचू यादव


पुनीत मंडल


हरवीर सिंह

फल और सब्जियो को दिल्ली पहुंचने में अधिक समय लग रहा है। ट्रको को काफी घूमकर और कच्चे रास्तों से आना पड़ा रहा है, जिसके चलते समय अधिक लग रहा है।

आजादपुर मंडी आढ़ती सुमेर सिंह सैनी ने बताया कि किसान आदोलन के चलते आजादपुर मंडी में ट्रक पहले की अपेक्षा कम ही आ रहे है, अभी तो फलों के दामों पर ज्यादा असर नहीं दिख रहा है, अगर इसी प्रकार से आंदोलन जारी रहा तो दाम अवश्य ही बढ़ेगे। अगर अगले एक-दो दिन में आंदोलन का कोई हल न निकला तो दिल्ली में फल व सब्जी की किल्लत हो सकती है। उन्होंने आगे बताया कि पहले की अपेक्षा आजादपुर मंडी में ट्रक कम आ रहे है। जो ट्रक आ रहे हैं वह कच्चे रास्तों से आ रहे हैं। इस कारण भी देरी हो रही है।

चैम्बर ऑफ यूथ एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू कोहली ने बताया कि वीरवार को आजादपुर मंडी में पहले की अपेक्षा ट्रकों से माल कम ही आया, बार्डर सील होने की वजह से फल और सब्जियां कम आ रही हैं। श्री कोहली ने किसानों से कहा कि

**राजू कोहली बोले**

**किसान प्रदर्शन करें, लेकिन कोई उचित जगह चिन्हित करके प्रदर्शन करें, जिससे की जनमानस को परेशान न होना पड़े।**

आप लोग प्रदर्शन करें, लेकिन कोई उचित जगह चिन्हित करके प्रदर्शन करें, जिससे की आम जनमानस को परेशान न होना पड़े। उन्होंने किसानों से कहा कि आप सभी सड़क से हटकर अपनी मांग उठाये, जिससे की वाहनों का आवागमन ठीक से हो सके।

सब्जी मंडी मजदूर यूनियन आजादपुर के महासचिव बेचू यादव ने बताया कि जम्मू कश्मीर और हिमाचल से सेब की सप्लाई लाने वाले ट्रकों का आना अब पहले की अपेक्षा कम हो गया है। अब गाडियां मंडी में कम ही पहुंची रही हैं।

आढ़ती पुनीत मंडल ने कहा कि अगर इसी प्रकार से आजादपुर मंडी में फल और सब्जियों के ट्रक कम आये तो आने वाले दिनों में सब्जियों व फलों के दामों में इजाफा हो सकता है। पहले की अपेक्षा आजादपुर मंडी में फल व सब्जियों से लदे हुए कम ही ट्रक आ रहे हैं।

हरवीर सिंह ने बताया कि आजादपुर मंडी में पहले की अपेक्षा किन्नू के ट्रक कम ही आ रहे है, यह सब आंदोलन का ही असर हैं।

# मोदी के नेतृत्व में खुले हैं तरक्की के रास्ते, दुनिया में बढ़ा है भारत का सम्मान : कृष्णपाल गुर्जर

**चहुमुखी विकास**

**8 -हरियाणा में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हुआ है चहुमुखी विकास : परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा**



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** केंद्रीय ऊर्जा एवं भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गुरुवार को बल्लभगढ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की एक और सौगात दी है। उन्होंने बल्लभगढ विधानसभा क्षेत्र में सीवरेज और सडकों समेत करोड़ो रुपए की लागत से किए जाने वाले विकास कार्यों के शिलान्यास किए।

बल्लभगढ़ को मिली विकास की यह सौगात

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को एक करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से किए जाने वाले कार्यों की सौगात दी। इनमें सीवरेज लाइन और आरएमसी सडको के साथ-साथ हरी विहार कालोनी में इंटरलॉकिंग टाइल के कार्य शामिल हैं। उन्होंने सौगात की इसी कड़ी में ऊंचा गांव में राठोर चौक से सेक्टर-62 तक जाने वाली सीवरेज लाइन के अलावा ऊंचा गांव के सैनिक स्कूल के सामने बनाई जाने वाली आरएमसी रोड, वार्ड नंबर-40 में हरी बिहार की विभिन्न 17 गलियों को इंटरलाकिगं टाइल के माध्यम से बनाने का शिलान्यास किया।

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के रास्ते खुले हैं और भारत देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। उसी तरह मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा में चहुमुखी विकास हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री श्री गुर्जर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले बल्लभगढ़ की हालत खराब थी। हरि बिहार जैसे इलाके में गंदे पानी का भराव और गलियां गड्ढों में तब्दील थी, लेकिन आज हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की मेहनत और प्रयासों से सभी कॉलोनियों में सीवर लाइन डलवाई गई है और पक्की सडके बनवाई गई है। आज बल्लभगढ़ पूरे प्रदेश में विकास के रोल मॉडल के रूप में जाना जाता है।

कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर स्वागत व अभिवादन करते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर के सहयोग

# सुमिता सिंह ने की घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान की शुरूआत



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/ राजकुमार प्रिंस।** पूर्व विधायक सुमिता सिंह ने घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान व संकल्प पत्र की जानकारी देते हुए इस अभियान की शुरूआत की। उन्होंने इस अभियान के तहत घर-घर जाकर लोगों को कांग्रेस पार्टी की नीतियों व कांग्रेस पार्टी से जोड ? का आह्वान किया।सुमिता सिंह के निवास स्थान पर आज विनोद उर्फ तब्बू के नेतृत्व में भारी संख्या में नौजवान कांग्रेस में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस में शामिल हो गए। इनमें परवीन, सोनू, अमन, लक्की, गौरव, रजत, करण, सैंडी, योगी, शंकर आदि शामिल रहे। नए सदस्यों को कांग्रेस का पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। सुमिता सिंह ने कहा कि कांग्रेस का परिवार निरंतर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि उनको पार्टी में पूरा मान-सम्मान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा में भाजपा कार्यकाल के 9 साल में कांग्रेस के मुकाबले 5 गुणा कर्ज, चार गुना महंगाई, तीन गुना बेरोजगारी और दोगुना अपराध, भ्रष्टाचार बढ़ा है। 9 साल में हर व्यक्ति ठगा हुआ महसूस कर रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### युवा कांग्रेस हरियाणा के सचिव सूर्य प्रताप राठौड़ ने राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा से की शिष्टाचार मुलाकात



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**कुरुक्षेत्र थानेसर से भारतीय युवा कांग्रेस हरियाणा प्रदेश सचिव सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ ने दिल्ली में कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव , पूर्व केंद्रीय मंत्री , पूर्व प्रदेश अध्यक्ष , सीडब्ल्यूसी मेम्बर व उत्तराखंड की प्रभारी कुमारी शेलजा जी से शिष्टाचार मुलाकात की व आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों पर चर्चा की । कुरुक्षेत्र पहुंचने पर युवा कांग्रेस हरियाणा के सचिव सूर्य प्रताप सिंह राठौड़ ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा ने कहा है कि युवा कांग्रेस आने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए पूरी तरह से कमर कस लें क्योंकि लोकसभा चुनाव में हरियाणा की 10 की 10 सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार को जीत दिलवानी है ताकि हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का परचम लहराया जा सके। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता ऊजार्वान है और पूरी ईमानदारी से कांग्रेस पार्टी के लिए जी जान से जुटे हुए हैं । सूर्य प्रताप राठौड़ ने राष्ट्रीय महासचिव कुमारी शैलजा को आश्वस्त करते हुए कहा कि युवा कांग्रेस हरियाणा बूथ सत्र पर मजबूती के साथ कार्य करेगी ताकि कांग्रेस पार्टी का हर उम्मीदवार अन्य पार्टियों के उम्मीदवारों को प्रछाड कर भारी बहुमत से विजय प्राप्त कर सके।

### मोदी जी रेवाड़ी में देश के 22वें एम्स का करेंगे शिलान्यास : राजकुमार वोहरा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
भाजपा ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा की अध्यक्षता में भाजपा ज़िला संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई जिसमें उन्होंने रेवाड़ी में 16 फरवरी को यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की रेवाड़ी में रैली और मोदी जी द्वारा देश के 22वें एम्स (अक्क्टर) के शिलान्यास कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में होने वाले कार्यक्रमों के विषय में विस्तृत जानकारी दी । इस बैठक में ज़िला महामंत्री सुरेन्द्र जांगड़ा और मनोज वशिष्ठ, जिला पदाधिकारी और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे । ज़िला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी रेवाड़ी में एक रैली को संबोधित करेंगे और एम्स का शिलान्यास करेंगें । इसके अलावा हरियाणा की कई और महत्वपूर्ण परियोजनाओं को भी हरी झंडी देंगे, जिससे हरियाणा के विकास को गति मिलेगी । फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में आयोजित कार्यक्रमों में वर्चुअल तौर पर प्रधानमंत्री मोदी जी के उद्बोधन को सुना जायेगा । भाजपा के सभी मंत्री, विधायक, वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्त्ता फरीदाबाद की जनता के साथ मिलकर मोदी जी के उद्बोधन को सुनेंगे । इन कार्यक्रमों के निमित उन्होंने हर विधानसभा में 1 जिला उपाध्यक्ष और 1 जिला सचिव सचिव को जिम्मेदारी दी । जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा ने बताया कि प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत हरियाणा को केंद्र सरकार की ओर से एम्स की सौगात मिली है ।

210 एकड़ में बनने वाला रेवाड़ी एम्स हरियाणा की स्वास्थ्य सुविधाओं में मील का पत्थर साबित होगा । इस एम्स में 750 बिस्तरों का अस्पताल होगा और जिसमें मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज सहित आईसीयू स्पेशलिस्ट व सुपर स्पेशलिस्ट सहित करीब 1500 व्यक्तियों को प्रतिदिन ओपीडी में देखने की सुविधाएं होंगी । इस एम्स के बनने से मेडिकल एजुकेशन, नर्सिंग और स्वास्थ्य संबंधित रिसर्च अनुसंधान को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे । फरीदाबाद जिले के लोगों को भी इस एम्स के बनने से फायदा पहुंचेगा । वोहरा ने कहा कि कांग्रेस के राज में देश में केवल एक एम्स था और भाजपा राज में देश में 21 एम्स और बनाने की घोषणा की गई है । भाजपा के राज में स्वास्थ्य सेवाओं में अभूतपूर्व सुधार हुआ है । देश की लगभग आधी आबादी को केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत और हरियाणा प्रदेश की चिरायु योजना से निःशुल्क स्वास्थ्य बीमा और नए अस्पतालों के निर्माण से स्वास्थ्य सेवाओं का भरपूर लाभ मिल रहा है ।

### हरप्रीत कौर को मिला फेस ऑफ हरियाणा का खिताब

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** करनाल की हरप्रीत कौर को फेस ऑफ हरियाणा का खिताब दिया गया। यह सम्मान उन्हें इंपेरियल ग्लिट्ज की ओर से ओमंग होटल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में कई क्षेत्रों से पहुंची महिलाओं ने भाग लिया था, जिनमें से करनाल की हरप्रीत कौर देओल को फेस ऑफ हरियाणा 2024 का टाइटल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक सरूची दीवान ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में फोक डांसर आराधना, डांस कोरियोग्राफर लवनिश चौधरी और मनप्रीत कौर ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

# बरोणा गाँव मे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने किया मूर्तियों का अनावरण

**ताने-बाने**

**8 विधायक जयवीर सिंह ने कहा कि सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है**



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा** : वीरवार को पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा उपमंडल के गाँव बरोणा गाँव मे नेता जी सुभाष चंद्र बोस, शहीद हरियाणावी लोक कवि मेहर सिंह एवं उनकी पत्नी स्वर्गीय प्रेम कौर की प्रतिमा का अनावरण कर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान खरखौदा विधायक जयवीर सिंह ने कहा कि देश प्रदेश में सामाजिक ताने-बाने को तोड़ने का काम भाजपा द्वारा किया जा रहा है। फिर से बात किसान मजदूर दलित समाज की हो उन पर लगातार अत्याचार होते आ रहे हैं। पिछले किसान आंदोलन में भी साढ़े सात सौ किसान अपनी जान गवा बैठे थे। उन्होंने कहा कि 36 बिरादरी के नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने हर वर्ग में हर घर में अपने सत्ता के दौरान फायदा पहुँचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि यह भाजपा की सरकार संविधान को तोड़ने का काम कर रही है नौकरियों के नाम पर बेरोजगारों के साथ धोखा हुआ है। कोई मकान इस सरकार में गरीब वर्ग को नहीं दिया गया। जबकि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में करीब चार लाख प्लांट गरीब वर्ग को दिए गए थे। वही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि बरोणा जाट कवि मेहर सिंह के जन्म भूमि है। इस ऐतिहासिक भूमि पर काफी वर्षो पहले शिक्षा की लौ जलाने के लिए पंचायत का आयोजन किया गया था। जिसमें उनके दादा को भी जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसके बाद ही सबसे पहले रोहतक में एक शिक्षण संस्था शुरू किया गया। जहाँ गुरुकुल बनाने का काम शुरू हुआ। जिससे शिक्षा को इस क्षेत्र में बढ़ावा मिला। उन्होंने गाँव में सुभाष चंद्र बोस जाट कभी मेहर सिंह व उनकी धर्मपत्नी की प्रतिमा का अनावरण करने के अवसर पर यह बात कही। इन मूर्तियों से आने वाली पीढ़ियां प्रेरणा लेने का काम करेगी। उन्होंने ये भी कहा कि हमने भी अपनी सरकार के दौरान बरोणा गाँव को आदर्श गाँव बनाने का काम किया था। उनका खुद का परिवार स्वतंत्रता सेनानी परिवार रहा है। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्गों ने आजादी के लिए अपनी कुर्बानियां दी है। वर्तमान सरकार वैसे तो प्रजातंत्र के खिलाफ है लोगों ने इसे नहीं बनाया था। लेकीन गठबंधन का निर्णय लेकर स्वार्थ की राजनीति को तैयार करने वाली सरकार को बनाकर जनता के ऊपर थोपा गया है।

# गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल में वसंत पंचमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया

**समालखा 14 फरवरी ( कुलदीप सिंह )**
गीता विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल जौरासी रोड़ समालखा में वसंत पंचमी का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया ।इस दौरान स्कूल संचालक राधे श्याम जांगड़ा व मुख्य अध्यापिका अनीता धीमान द्वारा मां सरस्वती देवी की ज्योत प्रज्वलित कर आराधना की। इसमें नन्हें - मुन्ने बच्चे पीले रंग की पोशाक पहन कर आए थे और पतंग उड़ा कर प्रसन्नता के साथ बसंत पंचमी का त्यौहार मनाया । कक्षा अध्यापिकाओं ने बच्चों को




इस दिन की महत्वता के बारे में बताया उन्होंने बताया कि सरस्वती देवी विद्या , ज्ञान , बुद्धि की देवी है । हमें हमेशा इसका स्मरण करना चाहिए ।इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन होता है । पेड़ों पर नई पत्तियां फूल और भंवरे आ जाता है , दिन सुहाने हो जाते हैं।

### वाहन चोरी करने वाले आरोपी को अपराध शाखा ने किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक मामलो में शामिल चल रहे आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेन्ट्रल प्रभारी दीपक लोहन की टीम ने वाहन चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिहं ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आकाश बिहार के मधुबनी जिले के गांव नवकारी का रहने वाला है। आरोपी वर्तमान में टिट्टो कॉलोनी पल्ला में रहता है। आरोपी को अपराध शाखा टीम ने प्राप्त सूचना से धीरज नगर के पास से मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया है।

# सूरजकुंड मेला परिसर में हुई मेहंदी व नेल पेंटिंग प्रतियोगिताओं में स्कूली बच्चों ने दिखाया दम



**सुरजकुंड मेला**

**8 मेहंदी मुकाबले के जूनियर वर्ग में अनिक्षा तथा सीनियर वर्ग में सुशाला ने मारी बाजी**

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
सुरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला हुनर को मंच प्रदान करने में मददगार साबित हो रहा है। मेला परिसर में प्रतिदिन अलग-अलग स्कूली विद्यार्थियों की विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाकर उनके हुनर को तराशने की दिशा में कार्य कर रहा है। गुरुवार को मेहंदी व नेल पेंटिंग की जूनियर व सीनियर वर्ग में प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई गईं।

मेहंदी की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की अनिक्षा ने प्रथम, जैन पब्लिक स्कूल जवाहर कॉलोनी फरीदाबाद की सिद्धी गोयल ने द्वितीय तथा सैंट जॉन्स स्कूल सेक्टर-49 फरीदाबाद की शयाना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में राजकीय वरिष्ठद्द माध्यमिक विद्यालय बुढैना फरीदाबाद की सुशीला ने प्रथम, मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद से विशाल ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी स्कूल फरीदाबाद की संचिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार नेल पेंटिंग के जूनियर वर्ग के मुकाबले में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की माही ने प्रथम, विद्या सागर इंटरनेशनल स्कूल फरीदाबाद की आकृति ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की नियति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नेल पेंटिंग के सीनियर वर्ग के मुकाबले में मुरारी लाल सीनियर सैकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की कंचन ने प्रथम, आइडियल पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की सोनल ने द्वितीय और मॉडर्न बीपी पब्लिक स्कूल फरीदाबाद की प्रिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र के साथ-साथ स्मृति चिन्ह देकर मौके पर सम्मानित भी किया गया।

# विकसित भारत 2047 थीम पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।** मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज में स्टूडेंट्स वेलफेयर की ओर से विकसित भारत-2047 थीम पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) के निदेर्शानुसार कराए गए इस कार्यक्रम का विषय, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के युग में रचनात्मकता रहा। संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता एडोब इंडिया और एशिया पैसिफिक में कौशल और शिक्षा प्रमुख गरिमा बब्बर शामिल हुईं और उन्होंने विषय पर विस्तार से चर्चा की। विषय पर चर्चा करते हुए मुख्य वक्ता ने समकालीन शिक्षा व्यवस्था के



संदर्भ में रचनात्मकता में जरूरी बदलावों और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के साथ इसके समावेश पर प्रकाश डाला। एडोब में अपने व्यापक अनुभव के आधार पर उन्होंने तर्क दिए कि किस तरह मानवीय रचनात्मकता तकनीकी प्रगति के साथ मिलकर बेहतर परिणाम देती है। उन्होंने रचनात्मक सोच के महत्व और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में इसकी शक्ति पर भी विचार रखे। एआई की भूमिका पर आगे चर्चा करते हुए संवाद में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि कैसे एआई प्रौद्योगिकियां रचनात्मक साझेदार के तौर पर कार्य करते हुए मानवीय क्षमताओं को बढ़ा सकती हैं। साथ ही शिक्षा व विकास के विभिन्न क्षेत्रों में अभिव्यक्ति के नए आयामों को सुविधाजनक बना सकती हैं। इस बात पर भी जोर दिया गया कि रचनात्मकता और प्रौद्योगिकी के साथ शिक्षा को बेहतर बनाया जा सकता है। मुख्य वक्ता ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों को पारंपरिक रचनात्मक कौशल के साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल को नेविगेट करने का कौशल भी सिखाना चाहिए। साथ ही उन्होंने शिक्षा और उद्योगों के बीच सहयोग के महत्व पर जोर दिया ताकि शैक्षिक कार्यक्रम रचनात्मक कार्य बल की उभरती जरूरतों के अनुरूप हो सकें।

# देश-विदेश की सस्कृति, समृद्ध विरासत को अपने आप में संजोए है सूरजकुंड मेला

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव )।**
37वां सूरजकुंड मेला देश-विदेश की सस्कृति, समृद्ध विरासत को अपने आप में संजोए हुए है। मेले में देश के अलग-अलग प्रांतों के साथ-साथ विश्व के करीब 50 देशों के कलाकार भी अपनी सस्कृति व समृद्ध विरासत से लोकगायन, वाद्यन और लोकनृत्य द्वारा मेले में आने वाले पर्यटकों का परिचय करवा रहे हैं। पर्यटक भी देशी-विदेशी कलाकारों की प्रस्तुतियों को देखकर उनकी सराहना कर रहे हैं। सूरजकुंड मेला में स्थित छोटी व बड़ी चौपाल पर दिनभर देश-विदेश के कलाकार अपनी-अपनी लोक भाषाओं में शानदार प्रस्तुतियां देकर पर्यटकों का मनोरंजन कर रहे हैं।



गुरुवार को सूरजकुंड मेला की मुख्य चौपाल पर देश के विभिन्न प्रांतो तथा अलग-अलग देशों से आए कलाकारों ने अपने देश की संस्कृति, पटकथाओं, वीरगाथाओं को अपने गीत-संगीत में शानदार ढंग से प्रदशित कर पर्यटकों का मन जीत रहे हैं। मेले के थीम स्टेट गुजरात के सुरेंद्र नगर के मालधारी रास मंडल ने गोपरास की बेहतरीन प्रस्तुति देकर चौपाल का माहोल आध्यात्मिक बना दिया। गोपरास भगवान श्री कृष्ण द्वारा गोकुल व वृंदावन में सभी ग्वालो के साथ गाय चराते समय किया करते थे। इस रास की विशेषता यह है कि इसमें सभी कलाकार खेलते-खेलते मोरपंख बंधी हुई बड़ी लकड़ी और साड़ी के साथ गुंथन करते हैं। रूस के रोस्टैं ग्रुप ने पौराणिक कथाओं पर आधारित शादी विवाह में किए जाने वाले नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। इसी कड़ी में इथोपिया देश के कलाकारों ने अपने पारंपरिक वाद्य यंत्रों के साथ इथोपियन सोनाली नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्य चौपाल पर नाइजीरिया के कलाकारों ने फलानी डांस की मन मोहक प्रस्तुति दी। फलानी डांस लडके व लड़कियों द्वारा युवावस्था में शादी से पहले किया जाने वाला नृत्य है। कैपवर्दे के हेल्युबतालि गायक कलाकार ने सोलो गीत की शानदार प्रस्तुति दी। बेलारूस देश के कुलूसकी गौरी ग्रुप ने अपनी वेशभूषा और लोक कला का सुंदर प्रदर्शन किया। गाम्बिया के कलाकारों ने अपने कमिश्नर मुस्तफा जवारा की अध्यक्षता में मुख्य चौपाल पर गीत व डांस की सुंदर प्रस्तुति से सभी पर्यटकों का मन मोह लिया। गाम्बिया के कमिश्नर मुस्तफा जवारा ने बताया कि भारत और गाम्बिया का आपस में गहरा नाता है। उन्होंने अपने देश के कलाकारों को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

भारत देश की आवभगत देखकर अति प्रसन्न हुए होते हुए उन्होंने कहा कि उनके देश के कलाकार प्रतिवर्ष सूरजकुंड मेला में अपनी प्रस्तुतियां देने आते रहेंगे। इस अवसर पर उनके साथ गाम्बिया देश के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# सारथी फाउंडेशन ने संस्कार शिविर में बच्चों को बांटी शिक्षण सामग्री

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** सारथी फाउंडेशन द्वारा एपीआईए अंसल में गोपी की गामड़ी के 5 वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए 10 दिन के निःशुल्क संस्कार शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर समापन के अवसर पर बच्चों को कॉपी, पेन, पेंसिल तथा अन्य शिक्षण सामग्री बांटी गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी राजिंदर वर्मा, फाउंडेशन के मुख्य सदस्य वन्दना आर्य, शालिनी भाटिया, एडवोकेट सुमन सैनी, उषा कात्याल, सुनीता रानी, संतोष अरोड़ा, शशि शर्मा, सारिका गुप्ता, राजेश भाटिया, तथा दीपक वर्मा उपस्थित रहे। शिविर में 35 बच्चों ने भाग लिया।



शिविर में भाग लेने वाले सभी बच्चे बीपीएल परिवार से हैं तथा अधिकांश बच्चे कंबोपुरा सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं।

इस अवसर पर राजिंदर वर्मा ने बच्चों को माता पिता की सेवा करने व भारतीय संस्कारों से जुड़े रहने की शिक्षा दी। शिक्षिका सुनीता ने सभी को विद्यालय में अनुपस्थित न रहने के लिए समझाया और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। शिविर के दौरान संस्था प्रमुख वन्दना आर्य ने बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराटे का प्रशिक्षण दिया।

शालिनी भाटिया द्वारा नियमित दिनचर्या जैसे प्रातः जल्दी उठने, सुबह व रात को दांत साफ करने, प्लास्टिक टिफिन, बर्तन प्रयोग न करने के लिए प्रोत्साहित किया। एडवोकेट सुमन सैनी द्वारा बच्चों को गुड व बैड टच, बच्चों के प्रति सामाजिक, मानसिक, शारीरिक अपराधों से बचाव के लिए तरीके समझाए और सरकार द्वारा उपलब्ध सहायता संपर्क दूरभाषों की जानकारी दी गई।

# 'इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल'

**टीम एक्शन इंडिया/गोरखपुर**

**मुख्यमंत्री योगी** आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार के प्रयासों से छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। इसके उन्मूलन की बस घोषणा बाकी है। इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश और दुनिया का एक सफलतम मॉडल है। स्वास्थ्य विभाग को नोडल विभाग बनाकर तैयार किए गए इस सफलतम मॉडल का केंद्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज है। सीएम योगी गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस इंसेफेलाइटिस से हर साल बारह सौ से पंद्रह सौ मौतें होती थीं, आज उसे पूरी तरह कंट्रोल करते हुए हम लोग



मासूम बच्चों को बचाने में सफल हुए हैं। स्वाभाविक रूप से उसके लिए जो मैनपावर लगता था, उसमें जो संसाधन लगते थे, उसको हम क्वालिटी ऑफ हेल्थ के लिए अन्य लोगों को भी उपलब्ध कराने में उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इंसेफेलाइटिस नियंत्रण के सफलतम मॉडल का केंद्र बिंदु बीआरडी मेडिकल कॉलेज बना क्योंकि सबसे ज्यादा बोझ इसी पर रहता था। उन्होंने कहा कि हमनें इंसेफेलाइटिस का चरम भी देखा है और आज उसे समाप्त होते भी देख रहे हैं।

**मॉडल बनाने में मीडिया ट्रायल तक झेलना पड़ा:** सीएम योगी ने कहा कि 1977-78 से लेकर 2017 तक इंसेफेलाइटिस को समाप्त करने के बारे में सरकारें सोचती तक नहीं थीं। 2017 में मुख्यमंत्री बनने पर मैंने समाप्त करने, इसके उन्मूलन के बारे में मॉडल तैयार करने पर विचार किया। इसी सिलसिले में कुशीनगर मुसहरों के बीच जाकर स्वच्छता अभियान चलाया। उन्हें स्वच्छता के तरीके समझाए, साबुन के प्रयोग की जानकारी दी। तब मुझ पर तीन दिन मीडिया ट्रायल चला। मीडिया में हंसी उड़ाई गई कि एक मुख्यमंत्री गरीबो को साबुन बांट रहा है। पर, जब कोरोना आया तो ट्रायल करने वाले मीडिया के साथियों को भी साबुन और स्वच्छता की बात समझ में आई।

**सफाई खुद में कई रोगों की रोकथाम है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वच्छता पर ध्यान कई बीमारियों का समाधान है। इसे इंसेफेलाइटिस समाप्त करने की दिशा में मिशन मोड में बढ़ाया गया तो परिणाम सामने आया। 1997 98 से 2017 तक देखा आज परिणाम। बीमारी का चरम भी देखा और आज समाप्त होते भी। सीएम योगी ने कहा कि बीआरडी मेडिकल कॉलेज का अपना गौरवशाली इतिहास है।

इस मेडिकल कॉलेज ने अनेक उतार-चढ़ाव भी देखे हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में खुले भारत के तरक्की के रास्ते: कृष्णपाल गुर्जर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**

केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने गुरुवार को बल्लबगढ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की एक और सौगात दी है। उन्होंने बल्लबगढ विधान सभा क्षेत्र में सीवर और सडकों सहित करोड़ों की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर और हरियाणा के परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र को एक करोड़ 76 लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्यों की सौगात देते हुए सीवरेज लाइन और आरएमसी सडको के साथ-साथ हरी विहार कालोनी में इंटरलॉकिंग टाइल से कार्य होगा। उन्होंने सौगात की इस कड़ी में ऊंचा गांव में राठौर चौक से सेक्टर- 62 तक जाने वाली सीवर लाइन के अलावा ऊंचा गांव में सैनिक स्कूल के सामने बनाई जाने वाली आरएमसी रोड, वार्ड 40 में हारी बिहार की 17 गलियों को इंटर



लाकिगं टाइलों से बनाने का शिलान्यास किया गया है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तरक्की के रास्ते खुले हैं और भारत देश का सम्मान दुनिया में बढ़ा है। उसी तरह हरियाणा में भी हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश में चौमुखी विकास हुआ है। केंद्रीय राज्य मंत्री गुर्जर ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि 2014 से पहले बल्लभगढ़ की हालत बहुत ही खराब थी। हरि बिहार जैसे इलाके में गंदा पानी का भराव और गलियां गड्ढों में तब्दील थी। लेकिन आज हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा की मेहनत, लगन और प्रयासों से सभी कॉलोनी में सीवर लाइन डलवाई गई है और पक्की सडके बनवाई गई है। आज बल्लभगढ़ पूरे प्रदेश में विकास के मॉडल के रूप में जाना जाता है। वहीं कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर का बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आने पर धन्यवाद और स्वागत किया।

# संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की राष्ट्रीय महिला आयोग ने की निंदा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं पर हो रही हिंसा पर चिंता व्यक्त की है। इस संबंध में आयोग की तरफ से तथ्यान्वेषण कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में संदेशखाली में महिलाओं की दयनीय स्थिति की तीखी निंदा की है। 12 फरवरी को एनसीडब्ल्यू की एक टीम ने क्षेत्र में महिलाओं के खिलाफ गंभीर हिंसा और धमकी की खबरों को देखते हुए स्थिति का आकलन करने के लिए संदेशखाली का दौरा किया। टीम के निष्कर्षों में पाया गया कि पश्चिम बंगाल सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारियों की ओर से लापरवाही और मिलीभगत के कारण वहां हिंसा हो रही है और कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। एनसीडब्ल्यू की सदस्य डेलिना खोंगडुप ने संदेशखाली की यात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस अधिकारियों के रवैये पर गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने बताया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) ने कथित तौर पर एनसीडब्ल्यू के साथ सहयोग करने से इनकार कर दिया और टीम को किसी भी प्रकार की सहायता नहीं दी। आयोग की

**यौन हिंसा**

**8 पुलिस अधिकारियों, टीएमसी के सदस्यों ने उनके साथ शारीरिक और यौन हिंसा की**

सदस्य ने बताया कि संदेशखाली में महिलाओं से बातचीत के आधार पर पता चला कि वहां महिलाएं न केवल प्रताड़ित की जा रही हैं बल्कि सुरक्षित भी नहीं है।

पीड़ितों ने आयोग को बताया कि पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सदस्यों ने उनके साथ शारीरिक और यौन हिंसा की। जिन महिलाओं ने इस तरह के अत्याचारों के खिलाफ बोलने की हिम्मत की, उन्हें तत्काल प्रतिशोध का सामना करना पड़ा। इसमें उनकी संपत्ति की जब्ती, परिवार के पुरुष सदस्यों की मनमानी गिरफ्तारी शामिल थी। आयोग की सदस्य ने बताया कि वहां खौफ इस कदर है कि एनसीडब्ल्यू समिति द्वारा ली गई महिला की गवाही की रिकॉर्डिंग उसकी सुरक्षा के मद्देनजर हटानी पड़ी। पश्चिम बंगाल में यह स्थिति चिंताजनक है

# हल्द्वानी: कर्फ्यू प्रभावित क्षेत्र के बच्चे भी देंगे सीबीएसई बोर्ड परीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/हल्द्वानी**

**सीबीएसई की** शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में कर्फ्यू प्रभावित बनभूलपुरा क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे। इसके लिए उन्हें अपना प्रवेश पत्र कर्फ्यू पास के तौर पर इस्तेमाल करना होगा। यहां के कई बच्चे शहर के नामी निजी स्कूलों में पढ़ते हैं। सीबीएसई से संबद्ध निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बनभूलपुरा के बच्चों की 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा को लेकर असमंजस बना हुआ था। स्कूलों की ओर से इस संबंध में लगातार स्थिति स्पष्ट करने की मांग की जा रही थी। इस संबंध में शासन स्तर पर भी वार्ता की जा रही थी। निर्देश मिलने के बाद बुधवार शाम को डीएम की मौजूदगी में हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि बनभूलपुरा के जिन छात्र-छात्राओं को सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा देनी है उन्हें प्रवेश पत्र दिखाकर स्कूल तक जाने की अनुमति मिलेगी। सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने इसकी पुष्टि की है। बनभूलपुरा में नजूल भूमि पर बने मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों की आगे की पढ़ाई को लेकर एडीएम प्रशासन पीआर चौहान ने सीईओ

**अनुमति**

**8 छात्र-छात्राओं को सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा देनी है उन्हें प्रवेश पत्र दिखाकर स्कूल तक जाने की अनुमति मिलेगी**

नैनीताल जगमोहन सोनी को निर्देशित किया था। कहा था कि मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को नजदीकी स्कूलों में प्रवेश दिलाने की कार्रवाई की जाए। आदेश के अनुपालन में शिक्षा विभाग की एक टीम खंड शिक्षा अधिकारी हरेंद्र कुमार मिश्र की अगुवाई में बुधवार को मौके पर पहुंची। यहां करीब तीन घंटे तक आसपास रहने वाले 235 बच्चों और उनके अभिभावकों से जानकारी जुटाई गई। खंड शिक्षा अधिकारी मिश्र ने बताया कि एकत्रित जानकारी के अनुसार मदरसे में कोई भी बच्चा पंजीकृत नहीं पाया गया। केवल पांच से छह बच्चे ऐसे मिले जो स्कूल से छूटने के बाद तालिमी शिक्षा के लिए मदरसे में जाते थे।

